छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 4 मई 2025

वर्ष - 35 | अंक - 4 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-bilaspurdeshbandhu@gmail.com

35 YEARS

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

▸ मड़ई
नृत्य/नाच तब अउ अब पृष्ठ 4

▸ नेमार को 2026 विश्व कप तक अपने साथ बनाए रखना चाहता है सैंटोस
▸ भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी पृष्ठ 10

देश विदेश
▸ पाक की आर्थिक रीढ़ तोड़ने की तैयारी में भारत
▸ पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में नो एंट्री
▸ इजरायल ने सीरिया की दमिश्क, मध्य व पश्चिमी प्रांतों पर किए हमले पृष्ठ 9

# भारत ने पाकिस्तान से सभी आयात पर लगाया प्रतिबंध

## पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच लिया फैसला

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी देश के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान से सभी प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यातित सभी वस्तुओं का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन, चाहे वे स्वतंत्र रूप से आयात योग्य हों या अन्यथा अनुमत हों, तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। अधिसूचना में कहा गया, यह प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लगाया गया है। इस प्रतिबंध में किसी भी अपवाद के लिए भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति आवश्यक होगी।

- तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक रहेगा प्रतिबंधित
- किसी भी अपवाद के लिए पूर्व स्वीकृति जरूरी होगी

2 मई की अधिसूचना में कहा गया कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, ताकि 'पाकिस्तान में उत्पन्न या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जा सके।'

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 और फरवरी 2025 के बीच भारत का पाकिस्तान को निर्यात साल-दर-साल 56.91 प्रतिशत घटकर 491 मिलियन डॉलर रह गया। जबकि कोई आयात नहीं हुआ। वित्त वर्ष 2025 में पाकिस्तान को किए गए शीर्ष निर्यात में ड्रग फॉर्मूलेशन, चीनी, थोक दवाएं, अवशिष्ट रसायन और ऑटो घटक शामिल थे। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र व्यापार मार्ग अटारी-वाघा सीमा को पहले ही बंद कर दिया गया था।

### मेल और पार्सल पर भी रोक लगाई

केंद्र सरकार ने शनिवार को हवाई और जमीनी मार्गों के जरिए पाकिस्तान से आने वाले मेल और पार्सल के आदान-प्रदान को निलंबित करने की घोषणा की। इससे पहले दिन में सभी आयातों पर प्रतिबंध लगा दिया गया और पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों को बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया। संचार मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर पड़ोसी देश से मेल और पार्सल का आवागमन निलंबित करने की घोषणा की है।

### उमर अब्दुल्ला के बाद नौसेना प्रमुख से मिले मोदी

पहलगाम हमले के बाद जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने पहली बार दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों के बीच करीब आधा घंटा बातचीत हुई। इसके बाद नौ सेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी मिलने पहुंचे। पीएम आवास पर यह बैठक हुई। यह बैठक करीब 5 से 7 मिनट तक चली।

## अंगोला के राष्ट्रपति के साथ संवाददाता सम्मेलन में बोले मोदी
## आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करेगा भारत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि भारत आतंकवाद और इसका समर्थन करने वालों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका यह बयान पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच आया। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी और कई घायल हुए थे। अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लौरेंको के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ हम पूरी तरह एकजुट हैं। मैं पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए राष्ट्रपति लौरेंको और अंगोला के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए उसे धन्यवाद देते हैं।

# मुठभेड़ में 8 लाख का इनामी नक्सली ढेर

## ऑटोमेटिक हथियार व विस्फोटक सामग्री बरामद






**गरियाबंद**, 3 मई (देशबन्धु)। जिले के थाना जुगाड़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोतीपानी के जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार शाम पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 8 लाख रुपये का इनामी नक्सली योगेश मारा गया। वह नक्सली संगठन में डीव्हीसीएम रैंक पर था। साथ ही कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा। घटनास्थल से एक ऑटोमेटिक हथियार (एसएलआर) और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है।

दरअसल पुलिस को मोतीपानी क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके बाद जिला बल ई-30 गरियाबंद और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम सर्चिंग के लिए रवाना हुई। शाम करीब 6 बजे जंगल के भीतर मुठभेड़ शुरू हो गई। नक्सलियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू की, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। करीब आधे घंटे चली मुठभेड़ के बाद नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग निकले। सर्चिंग के दौरान एक नक्सली का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान योगेश डीव्हीसीएम के रूप में की गई है। योगेश पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। जानकारी के मुताबिक योगेश (आयतु साकेत) बीजापुर के गंगालूर का रहने वाला था। जो करीब 10 से 15 साल से सक्रिय था।

इधर, मुठभेड़ के बाद क्षेत्र में सघन सर्चिंग की जा रही है। बताया जाता है कि मुठभेड़ में करीब 30 से 40 नक्सली शामिल थे। जो जंगल के सहारा लेकर भाग निकले। इसमें एक बड़े लीडर मनोज के होने की खबर है। जिसके चलते पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सली नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। मृत नक्सली और बरामद सामग्री को जिला मुख्यालय लाया गया है, जहां आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है। शनिवार को मृतक नक्सली के शव का पोस्ट मार्टम किया गया।

### बस्तर से विस्थापन का परिणाम गरियाबंद जिले में नक्सली गतिविधियों में वृद्धि

बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों की बढ़ती कार्रवाई और दबाव के चलते नक्सली अब समीपवर्ती गरियाबंद जिले की ओर रुख कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, नक्सली गरियाबंद को अपेक्षाकृत सुरक्षित क्षेत्र मानते हैं, इसके चलते यहां पहली बार बड़े कैडर के नक्सलियों के भी पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक नक्सली गरियाबंद में छिप कर बस्तर के हालात सामान्य होने की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन इस बार बस्तर में लगातार बढ़ते दबाव के कारण नक्सली यहीं सिमट गए है। जानकरी के मुताबिक गरियाबंद की भौगोलिक स्थिति भी नक्सलियों के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से भी अनुकूल है। यह क्षेत्र ओडिशा और झारखंड की सीमाओं के निकट स्थित है, जिससे इन राज्यों में आवाजाही उनके लिए आसान हो जाती है।

# गोवा में धार्मिक यात्रा में भगदड़, 7 की मौत 50 घायल

**पणजी**, 3 मई (एजेंसियां)। गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हो गई। जानकारी शनिवार सुबह आई है। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हैं, जिनमें 20 गंभीर हैं। राहत-बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड



मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्री लैराई जात्रा नॉर्थ गोवा के बिचोलिम तालुका के शिरगांव गांव में आयोजित होने वाला हिंदू धार्मिक उत्सव है। जात्रा हर साल अप्रैल या मई में होती है। इसमें गोवा, महाराष्ट्र और कर्नाटक से हजारों श्रद्धालु आते हैं। जात्रा 2 मई की शाम से 3 मई की सुबह तक आयोजित की गई थी। इसी दौरान हादसा हुआ। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को घायलों का हालचाल जानने के लिए अस्पताल का दौरा किया।

## सार संक्षेप

### श्रीलंका ने तमिलनाडु के 25 मछुआरों को किया रिहा

**चेन्नई**। श्रीलंकाई तटरक्षक बल द्वारा इस साल 23 फरवरी को गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के 25 मछुआरे श्रीलंका की एक अदालत से रिहाई के आदेश के बाद शनिवार को स्वदेश लौट आए। दो महीने से ज्यादा हिरासत में रहने के बाद ये मछुआरे एयर इंडिया की फ्लाइट से कोलंबो से चेन्नई पहुंचे। मछुआरों को उनके गृहनगर तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने परिवहन की व्यवस्था की थी।

### पहलगाम के पीड़ित परिवारों को मुआवजा दे सरकार: खरगे

**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमने कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक की है। पहलगाम की घटना ने हम सभी को झकझोर दिया है। पीड़ित परिवारों को सरकार की ओर से मुआवजा मिलना चाहिए। हम चाहते हैं कि सरकार पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे।

### केदारनाथ में पहले दिन 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**केदारनाथ**। श्री केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलने के बाद पहले ही दिन (शुक्रवार को) दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। पहले दिन रिकॉर्ड 3,154 तीर्थ यात्रियों ने बाबा केदार के दर्शन किए।

### पाकिस्तानी सेना ने लगातार नौवें दिन की गोलीबारी

**जम्मू**। शनिवार को लगातार नौवें दिन, पाकिस्तान की सेना ने जम्मू-कश्मीर में एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर भारतीय चौकियों पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। सैन्य सूत्रों ने बताया कि 2 और 3 मई की रात को पाकिस्तान की सेना ने कुपवाड़ा, उड़ी और अखनूर क्षेत्रों में छोटे हथियारों से फायरिंग की। भारतीय सेना ने तुरंत और उचित जवाब दिया।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 225 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

# भारत का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क नवा रायपुर में

## डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम

**रायपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। देश के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा सेंटर पार्क की नींव आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर के सेक्टर-22 में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रखी। यह डेटा सेंटर पार्क 13.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जिसमें 2.7 हेक्टेयर हिस्सा विशेष आर्थिक क्षेत्र (स्र्ब्ज़) के रूप में विकसित होगा। रैक बैंक डेटा सेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना पूरी तरह एआई सेवाओं को समर्पित होगी। पहले चरण में 80 मेगावाट क्षमता से शुरू होकर इसे 150 मेगावाट तक विस्तारित किया जाएगा। भविष्य में इस परियोजना में लगभग 2000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश संभावित है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इस डेटा सेंटर को हरित और ऊर्जा दक्ष तकनीक के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### छत्तीसगढ़ के लिए क्या बदलेगा?

रोजगार की नई राहें- यह डाटा सेंटर पार्क आईटी, डाटा एनालिटिक्स, और तकनीकी रखरखाव जैसे क्षेत्रों में हजारों नौकरियां पैदा करेगा। छत्तीसगढ़ के युवा अब दिल्ली-मुंबई जाए बिना अपने घर पर ही तकनीकी करियर बना सकेंगे।

किसानों की मदद : एआई तकनीक से किसानों को स्मार्ट खेती, मौसम की सटीक जानकारी, और फसल प्रबंधन में मदद मिलेगी। इससे उनकी मेहनत का ज्यादा फल मिलेगा।

आदिवासियों को डिजिटल ताकत : दूरदराज के आदिवासी इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, और सरकारी सेवाएं डिजिटल रूप से आसानी से पहुंचेंगी।

आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ : यह पार्क राष्ट्रीय और वैश्विक डाटा ट्रैफिक को संभालेगा, जिससे सरकारी सेवाएं तेज होंगी और राज्य डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर बनेगा।

# बिना मानसून प्रदेश में झमाझम बारिश

## गरज-चमक के साथ गिरे ओले, कई जगह 80 किमी रफ्तार से चली तेज हवाएं







**रायपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में बीते 2-3 दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आज भी अधिकांश जिलों में आंधी तूफान के साथ बारिश का दौर जारी रहा। आज राजधानी रायपुर में दोपहर 3 बजे के बाद लगातार ढाई घंटे झमाझम बारिश हुई, जिससे सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा और आवागमन अवरूद्ध हुआ। कोरिया में 70, बिलासपुर में 80 और रायपुर 26 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली और तेज वर्षा हुई। नया रायपुर के आसपास क्षेत्रों में बड़े-बड़े ओले गिरे। राजधानी के साथ ही बिलासपुर, महासमुंद, दुर्ग, गुरूर सहित कई शहरों में तेज बारिश शुरू हो गई, जिसके साथ जोरदार आकाशीय बिजली भी गिरी। इससे तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के जानकारी के मुताबिक, आने वाले 2 दिनों तक बारिश और तूफान ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### मौसम विभाग द्वारा जारी किया गया अलर्ट

सुकमा, बीजापुर, दंतेवाडा, बस्तर, कोंडागांव, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोररया, बलरामपुर के लिए मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया।

# वैज्ञानिक तरीके से तहव्वुर राणा की पोल खोलेगी एनआईए

## 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के वॉइस और हैंडराइटिंग सैंपल लिए

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली**, 3 मई (देशबन्धु)। एनआईए ने शनिवार को 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की आवाज और हैंडराइटिंग के नमूने लिए। आवाज के नमूने एनआईए मुख्यालय में लिए गए और हैंडराइटिंग के नमूने लंच के बाद पटियाला हाउस कोर्ट में लिए।

एनआईए कोर्ट ने 30 अप्रैल गुरुवार को तहव्वुर राणा के वॉयस और हैंडराइटिंग सैंपल लेने की अनुमति दी थी। हालांकि राणा के वकील ने इसका विरोध किया था। कहा था कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। लेकिन एनआईए ने अदालत से कहा कि राणा की पुरानी फोन कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर उनकी आवाज को वैज्ञानिक रूप से सत्यापित करना आवश्यक है। एनआईए कोर्ट ने इस दलील को मान लिया और सैंपल लेने की अनुमति पर मुहर लगा दी थी।



- जांच में सहयोग नहीं कर रहा तहव्वुर राणा
- हमलों में अपना हाथ होने से कर रहा इंकार

सूत्रों का कहना है कि राणा ने अभी तक इस हमले के बारे में वह सुराग नहीं उगले हैं, जिनकी एनआईए को तलाश है। राणा के पूछताछ में सहयोग ना करते देख एनआईए ने अदालत से उसके वॉयस और हैंड राइटिंग सैंपल लेने की अनुमति मांगी थी।

जांच दल से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एनआईए के पास तहव्वुर राणा की कुछ सीसीटीवी फुटेज के अलावा फोन पर की गई बातें भी रिकॉर्ड हैं। जिनका इस हमले से डायरेक्ट लिंक है। राणा का वॉयस सैंपल लेकर उसकी आवाज को साइंटिफिक तरीके से सबूत ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# टिकैत के समर्थन में उतरा किसानों का सैलाब

**मुजफ्फरनगर**, 3 मई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के किसान-मजदूर सम्मान महापंचायत में किसानों का सैलाब उमड़ पड़ा। यह महापंचायत 'पगड़ी के सम्मान' के मुद्दे पर बुलाई गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में किसान और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। जनसभा स्थल पर किसानों का जोश देखते ही बन रहा था, लेकिन इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत अचानक बेहोश हो गए। मंच पर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तत्काल उन्हें संभाला। महापंचायत के बाद सभी किसान पैदल मार्च करते हुए टाउन हॉल की ओर रवाना हुए। राकेश टिकैत ने घोषणा की कि अब आगे की कार्रवाई की रूपरेखा टाउन हॉल से ही तय की जाएगी। शुक्रवार को टाउन हॉल पर ही एक विवादित घटना हुई थी, जहां राकेश टिकैत की पगड़ी उछाल दी गई थी। इस घटना को लेकर उनके कार्यकर्ताओं में भारी रोष है और किसानों ने इसे सम्मान पर हमला बताया है। इसी के विरोध में आज यह विशाल महापंचायत आयोजित की गई।

- 'पगड़ी के सम्मान' में आयोजित की गई थी महापंचायत

**चिंता** दक्षिण कश्मीर में आतंकी हमले तेज होने की चेतावनी मिल रही, 3 जुलाई से आरंभ होने जा रही है यात्रा

# अब अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा पर रहेगा सेना का जोर

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 3 मई। पहलगाम नरसंहार के उपरांत आने वाले दिनों में दक्षिण कश्मीर में आतंकी हमले तेज होने की चेतावनी दी जा रही है। ऐसे में अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा चिंता का कारण बनती जा रही है क्योंकि यह दक्षिण कश्मीर में ही संपन्न होती है। अत: इसे फूल प्रूफ बनाने को सेना भी पूरी तरह से मैदान में उतरने की तैयारी में है।**

*उसका सारा जोर दक्षिण कश्मीर में होगा जहां अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले लाखों श्रद्धालु आएंगें और चिंता की बात यह है कि ताजा आतंकी हमलों, आतंकी गतिविधियों तथा पत्थरबाजों का गढ़ भी हमेशा दक्षिण कश्मीर ही रहा है।*

*रक्षा सूत्रों ने माना है कि 3 जुलाई से आरंभ होने जा रही अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित बनाने हजारों सैनिकों को दक्षिण कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में व्याप्क तलाशी अभियान आरंभ करने की तैयारी करने को कहा गया है। इन अभियानों का लक्ष्य 'तलाश करो और मार डालो' ही होगा। अभी तक यही होता आया था कि सेना अमरनाथ यात्रा की शुरूआत से पहले आतंकियों को क्षेत्र से भगाने का अभियान छेड़ती थी लेकिन अब रणनीति को बदल दिया गया है।*

*अगर रक्षाधिकारियों की मानें तो दक्षिण कश्मीर समेत अन्य इलाकों में तेज होते आतंकी हमले आतंकियों की उस हताशा का परिणाम था जो सेना के 'तलाश करो और मार डालो' अभियान से उनमें फैली हुई है। खबरों के मुताबिक, अमरनाथ गुफा के रास्तों पर सेना के जवानों की तैनाती का कार्य विपरीत मौसम के बावजूद इस बार जल्दी ही आरंभ हो जाएगा। और सेना तैनाती से पूर्व क्षेत्र को आतंकियों से मुक्त कर लेना चाहती है। पहलगाम नरसंहार के उपरांत यह खतरा और इसलिए बढ़ गया है क्योंकि कहा यह जा रहा है कि पहलगाम नरसंहार के दोषी अभी भी दक्षिण कश्मीर में ही छुपे हुए हैं। वैसे अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की खातिर सेना की तैनाती आधिकारिक तौर पर नहीं होगी। सेनाधिकारी कहते हैं कि उनके पास यात्रा के बाहरी इलाकों की सुरक्षा का भार हमेशा की तरह रहेगा। पर सूत्रों के अनुसार, अन्य सुरक्षाबलों को इस बार भी खतरे को भांपते हुए सेना की कमान के तहत ही अमरनाथ यात्रा में कार्य करना होगा। आधिकारिक तौर पर 70 हजार से अधिक अर्ध सैनिक बलों को अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा की खातिर तैनात किया जाएगा। इनमें सेना के जवानों की गिनती नहीं होगी और न ही प्रदेश पुलिस के जवानों की।*

# कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक, 6 अधिकारियों को नोटिस

## लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

## 31 मई तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में होंगे समाधान शिविर



**मुंगेली,** 03 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जनसमस्याओं के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले 6 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधिकारी और पथरिया के सीएमओ शामिल हैं।कलेक्टर ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों के आयोजन से पहले सभी लंबित आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए, जिससे लोगों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। कई विभागों के बेहतर कार्य को सराहते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यह भी जानकारी दी कि 05 मई से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति से अवगत कराया जाएगा और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ मौके पर वितरित किए जाएंगे। उन्होंने विद्युत विभाग को जिला कलेक्टोरेट में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, तथा नोडल अधिकारियों को शिविर स्थलों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर गिरधारी लाल यादव, मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत 05 मई से 31 मई तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन की स्थिति की समीक्षा और पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण जैसी गतिविधियां की जाएंगी।

# सुरही गांव में जनसंवाद, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान का दिया भरोसा

## जनकल्याणकारी योजनाओं की मिली जानकारी



**मुंगेली,** 03 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मुंगेली जिले के सुदूर वनांचल ग्राम सुरही में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पात्रता संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कुछ शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर संबंधित व्यक्तियों को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष समस्याओं को जल्द सुलझाने का आश्वासन जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी और लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि विकास की रोशनी प्रत्येक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्रामीणों को उनके अधिकारों की पूरी जानकारी हो।कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के निर्देशन में किया गया। जनसंवाद में अपर कलेक्टर श्रीमती मेनका प्रधान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# सार-संक्षेप

## आठवीं की परीक्षा में रुकैया ने मारी बाजी



**तखतपुर** 03 मई (देशबन्धु)। पिछले 14 वर्षों के पश्चात हुई पूर्व माध्यमिक आठवीं प्रमाण पत्र परीक्षा में पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल जेएमपी के छात्र छात्राओं ने तखतपुर विकासखंड स्तर पर सफलता का परचम लहराया है कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में तखतपुर विकासखंड में रुकैय्या भारमल पिता युसूफ भारमल ने 98त्न अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है द्वितीय स्थान पर महिमा टेकवानी पिता मुकेश टेकवानी ने 97.67 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर अंशित शर्मा पिता अरविंद शर्मा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया है। कक्षा आठवीं में कुल दर्ज संख्या विद्यालय में 47 थी। उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर प्राचार्य मौसमी रॉबिंसन, प्रधानाचार्य आकाश शर्मा एवं कक्षा शिक्षक प्रमोद लहरें सहित सभी शिक्षक शिक्षकों ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअल शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह आज

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 03 मई (देशबन्धु)। सिविल कोर्ट पेंड्रारोड, न्यायालय परिसर, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़) में 4 मई को प्रातः 10.00 बजे अतिरिक्त न्यायालय भवन का वर्चुअल शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह आयोजित है। इस अवसर पर छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी, न्यायाधीश, एवं पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला बिलासपुर की उपस्थिति भी रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत 09.58 बजे अतिथियों की वर्चुअल उपस्थिति के साथ होगी। स्वागत भाषण सिराजुद्दीन कुरैशी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर द्वारा दिया जाएगा। शिलान्यास के उपरांत प्रस्तावित भवन स्थल का वीडियो प्रदर्शन एवं मुख्य न्यायाधीश द्वारा मुख्य भाषण भी प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ होगा, जिसे श्रीमती ज्योति अग्रवाल, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पेंड्रारोड द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

## उमेश पटेल की अध्यक्षता में आज होगी कांग्रेस की विशेष बैठक

मुंगेली 03 मई (देशबन्धु)। संविधान बचाओ अभियान के तहत 8 मई 2025 को संभाग स्तरीय संविधान बचाओ रैली की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन दिनांक 4 मई 2025 (रविवार) को दोपहर 3.00 बजे कांग्रेस भवन, पड़ाव चौक, मुंगेली में किया जा रहा है। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री एवं वर्तमान खरसिया विधायक उमेश पटेल जी करेंगे, जो कि संभाग स्तरीय रैली के संयोजक भी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में रैली की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारी और कार्य विभाजन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी।इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, समस्त ब्लॉक अध्यक्षगण एवं पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, निगम-मंडल-प्राधिकरण के पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारीगण, नगर पालिका अध्यक्ष, पार्षदगण एवं प्रत्याशीगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं सरपंचगण, महिला कांग्रेस, सेवा दल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित सभी अनुषांगिक संगठन, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण तथा जोन, सेक्टर एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता आमंत्रित हैं।

# बशीर बेग मुस्लिम समाज कोटा के एक बार फिर से अध्यक्ष चुने गए

## मुस्लिम समाज के बड़े-बुजुर्ग-नवजवानों ने दी बधाई



**करगीरोड-कोटा** 03 मई (देशबन्धु)। मुस्लिम समाज कोटा के नए अध्यक्ष के रूप में एक बार पुनः बशीर बेग चुना, शुक्रवार को जुमा की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगो की बैठक के दौरान बशीर बेग के पिछले 02-साल के कार्यकाल मे किए गए कार्यो की समीक्षा के बाद समाज के बड़े-बुजुर्गों नवजवानों की मौजूदगी में पूरे समाज की आम सहमति के बाद बशीर बेग को एक बार फिर से मुस्लिम समाज के अध्यक्ष की कमान दे दी गई एक बार पुनः से मुस्लिम समाज के अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के बड़े-बुजुर्गों सहित समाज के नवजवानों ने बशीर बेग को शुभकामनाएं पेश की।

पुनः अध्यक्ष चुने जाने के बाद बशीर बेग ने पूरी कोटा मुस्लिम समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लोगो ने एक बार पुनः से मुझ पर भरोसा जताया है..उनके भरोसे पर खरा उतरने की मेरी और मेरे पूरी टीम की कोशिश रहेगी कि बीते दो वर्षों की तरह आने वाले दो वर्षों में भी समाज के मूलभूत बुनियादी-सुविधाओं के लिए शासन प्रशासन के माध्यम सहित मुस्लिम समाज के लोगो के सहयोग से जो कार्य बचे हुए उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान मुस्लिम समाज के हाजी रौशन, शरीफ पेंटर, इब्राहिम खान शरीफ खान, साबिर अली, हाफिज गुलजार साहब, मोहम्मद हसन, सदरूदीन खत्री, अहमद हसन, शमीम खान, रफीक बेग, सलीम खान, शहीद खान, आसिफ खान, रूबी खान, हाजी रज्जाक खान, शमशुल खान, अनवर अली, अब्दुल गफ्फार खान, मोहम्मद फिरोज रजा, मोहम्मद जावेद खान हफिज खान, सिराज खान जब्बार खान, अमजद खान, सद्दाम खान, आमिर खान, मोईद कुरैशी, रज्जब खान, अमजद कुरैशी, दादा भाई, बग्गू भाई, अमजद अली, हाशिम अली, सईद खान, शमीम खान (गोलू) साहिल खान, साहेब आलम, फिरोज खान, नियाज़ खान, सुबराती खान (झब्बू) अफजल खान, रफीक खान, रज्जाक खान, आकिब खत्री, आशिफ खान, सहित मुस्लिम समाज के बड़े बुजुर्ग व नवजवान उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**बिना मानसून प्रदेश में ...**

का दौर जारी रहने वाला है। आज रायपुर के कोटा और नया रायपुर के कुछ इलाकों में ओले गिरे। तेज आंधी-तूफान और बारिश से लोगों को राहत मिली है. रायपुर में अधिकतम 39.9 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।लेकिन कल के तापमान में और गिरावट की संभावना बनी हुई है।कल 39 डिग्री अधिकतम वही 23 डिग्री न्यूनतम तापमान के अनुमान मौसम विभाग ने लगाए गए है। प्रदेश का अधिकतम तापमान बिलासपुर में 40 डिग्री दर्ज किया गया. वही न्यूनतम 22 डिग्री दुर्ग में दर्ज किया गया. इधर पेंड्रा में 35.5, अंबिकापुर में 36.2, जगदलपुर में 33.7, दुर्ग में 38.6 तापमान दर्ज किया गया. अधिकांश जिलों में 3-4 डिग्री तक तापमान में गिरावट हुई है।

मौसम विभाग की दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश में दो सिस्टम का प्रभाव बना हुआ है। एक द्रोणिका दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्र से गुजरात, महाराष्ट्र, आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण-तमिलनाडु तक औसत समुद्र तल से 0.9 बकमी ऊपर बनी हुई है।पूर्वी-पक्षिम द्रोणिका उपरोक्त चक्रवाती परीसंरचना क्षेत्र से दक्षिण पूर्व राजस्थान और उसके आसपास के क्षेत्रों से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड होते हुए उत्तरी उड़ीसा तक जो औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

**6 मई तक लोगों को राहत, फिर चढ़ेगा पारा**

मौसम विभाग की जानकारी के मुताबिक, आने वाले दो दिन बारिश की संभावना बनी हुई है। लगभग प्रदेश के कुछ इलाकों में 40-50 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। साथ ही अंधड़ और तेज बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना जताई गई है।

**वैज्ञानिक तरीके से तहव्वुर राणा की ...**

के तौर पर पेश करने के लिए यह मिलान करना जरूरी है। इसी वजह से उसका यह सैंपल लिया गया। दूसरे उसकी हैंड राइटिंग लेकर भी कुछ संदिग्ध दस्तावेजों को उसकी लिखाई से मिलान कराना है।

ज्ञात रहे कि अमेरिका से भारत लाने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए 26/11 मुंबई अटैक के मास्टरमाइंड में से एक तहव्वुर हुसैन राणा से लगातार पूछताछ कर रही है। सूत्रों ने बताया कि पहले दिन से ही राणा ने अपनी इस हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी से दोस्ती तो कबूली है। लेकिन मुंबई हमले में वह अपना हाथ होने से लगातार इनकार कर रहा है। अब एनआईए उसके वॉयस और हैंड राइटिंग सैंपल से साजिश का खुलासा करने की कोशिश करेगी।

सूत्रों का कहना है कि एनआईए के पास राणा के कश्मीरी दोस्त के साथ दुबई के लिंक भी हैं, जिनकी वेरिफिकेशन जरूरी है। इसमें अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से लेकर डी कंपनी के और लोग भी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई हमले की जांच में सामने आया है कि इस अटैक को अंजाम देने के लिए हेडली अगस्त 2005 में राणा से शिकागो में कई बार मिला था। वहां हेडली ने राणा को पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैबा के नापाक मंसूबों के बारे में बताया था। इसके बारे में हेडली कई बार राणा से मिला था।

## नेशनल लोक अदालत 10 को

**तखतपुर** 03 मई (देशबन्धु)। सचिव अनिल सिंह चौहान श्रीमती रिचा यादव तालुक विधिक सेवा समिति तखतपुर की अध्यक्षता में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु तखतपुर अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर तखतपुर में हुआ। ज्ञात हो कि नेशनल लोक अदालत 10 मई को आयोजित होने वाला है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किए जाने के संबंध में विधिक सेवा के माध्यम से 3 मई को अधिवक्ता, विभाग के कर्मचारियों व प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग आयोजित किया गया जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल सिंह चौहान, रिचा यादव, ने लोक अदालत में प्रकरणों के त्वरित निराकरण, आपसी समझौते की प्रक्रिया बताई, ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रयास किए जाने के लिए जोर दिया गया एवं बताया गया कि उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु पेश किया गया है।

# कंचनपुर में हिरन की मौत, लावारिस कुत्तों से दहशत



## लावारिस कुत्तों पर काबू की उठी मांग – वन विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

**मुंगेली** 03 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत पथरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां लावारिस कुत्तों के झुंड ने एक नर हिरन पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। यह घटना सुबह करीब 6 बजे की है, जब ग्रामीणों ने कुत्तों के झुंड को हिरन पर हमला करते देखा। समय पर हस्तक्षेप कर हिरन को छुड़ाने की कोशिश की गई, लेकिन वन विभाग की देरी से आई प्रतिक्रिया के कारण हिरन की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ है। पिछले कुछ वर्षों से क्षेत्र में हिरनों पर आवारा कुत्तों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे कई हिरनों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है और कहा कि कई बार शिकायत देने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।हिरनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2022 में ग्राम पंचायत बगबुड़वा और पुछेली में डियर पार्क स्थापित करने की योजना बनाई गई थी। हालांकि, दो वर्षों में केवल सर्वेक्षण तक ही सीमित रही यह योजना अभी भी कागज़ों से बाहर नहीं निकल सकी है। जंगलों की कटाई और प्राकृतिक आवासों के क्षरण के चलते हिरन और अन्य वन्यजीव खुले इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं, जहां वे आवारा कुत्तों जैसे खतरों के सीधे संपर्क में आ रहे हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तत्काल संरक्षण उपाय नहीं किए गए, तो स्थानीय जैवविविधता को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। हिरन की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि वन विभाग की जवाबदेही तय की जाए, डियर पार्क योजना को शीघ्र अमल में लाया जाए और लावारिस कुत्तों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। इस संबंध में डीएफओ अभिनव कुमार ने बताया, (घटना की जानकारी मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जांच की जा रही है कि कुत्ते कैसे वन क्षेत्र में पहुंचे। जल्द ही निगरानी बढ़ाकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।)

## निधन

### सुनहर राम सिंगरौल



**तखतपुर।** ग्राम मोछ निवासी सुनहर राम सिंगरौल 90 वर्ष का 2 मई को निधन हो गया। वे इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोछ में किया गया।

# सुशासन तिहार में प्राप्त 52 हजार आवेदनों में से 36 हजार आवेदन निराकृत

## जिले की कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने की विभागवार समीक्षा



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही** 03 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने अरपा सभा कक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार को लेकर गंभीरता होनी चाहिए। आगामी 5 मई से शिविरों का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री का आगमन होगा।

उन्होंने सभी आवेदनों का परीक्षण कर अंतरविभागीय आवेदन होने पर उसे तत्काल संबंधित विभाग को अग्रेषित करने कहा, ताकि निर्धारित समय-सीमा में निराकरण हो सके। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों का निराकरण संबंधित आवेदक को पेशी देकर यथाशीघ्र निराकृत करने के साथ ही सभी आवेदनों को 5 मई तक निराकृत करने के निर्देश जिला अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे, एसडीएम पेण्ड्रारोड ऋचा चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि 2 मई को शाम 5 बजे की स्थिति में पोर्टल में दर्ज कुल 52 हजार 99 आवेदनों में से 36 हजार 71 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। निराकृत आवेदनों में जनपद पंचायत मरवाही का 9376, जनपद पंचायत पेण्ड्रा का 7854, जनपद पंचायत गौरेला का 7820, उप संचालक पशु चिकित्सा 2101, खाद्य विभाग 1591, महिला एवं बाल विकास 1461, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 999, तहसीलदार कार्यालय मरवाही 851, बिजली विभाग 620, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेण्ड्रारोड 598, कृषि विभाग 363, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही 326, क्रेडा विभाग 230, तहसीलदार कार्यालय पेण्ड्रा 243 एवं नगर पंचायत मरवाही का 159 आवेदन शामिल हैं।

इसी तरह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का 161, मछली पालन 150, जल संसाधन विभाग 104, नगरपालिका परिषद पेण्ड्रा 88, उद्यान 88, नगरपालिका परिषद गौरेला 89, लोक निर्माण विभाग 93, आदिवासी विकास विभाग 79, श्रम विभाग 61, तहसीलदार कार्यालय सकोला 54, लीड बैंक 48, परिवहन विभाग 43, जिला शिक्षा कार्यालय 45, तहसील कार्यालय पेण्ड्रारोड 77, खण्ड शिक्षा कार्यालय मरवाही एवं ग्रामीण सड़क विकास अधिकरण के 31-31 आवेदन निराकृत किए गए हैं। रोजगार कार्यालय का 29, जिला उद्योग केन्द्र 27, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक 45, समाज कल्याण 17, खण्ड शिक्षा कार्यालय गौरेला 13, वन विभाग 29, बीएसएनएल 11, पुलिस अधीक्षक कार्यालय 10, आबकारी विभाग 9, खण्ड शिक्षा कार्यालय पेण्ड्रा 8, कलेक्टर कार्यालय 14, खनिज 5, सांख्यिकी एवं ईडीएम कार्यालय 4-4, लाईवलीहुड, अंत्यावसायी एवं सहकारिता 3-3, जिला पंचायत, कोषालय एवं आयुष विभाग के 1-1 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

## रेहुटा में दलदल में फंसी पाँच गौमाताओं को बचाया गया



**मुंगेली** 03 मई (देशबन्धु)। जिले के रेहुटा गांव में शराब दुकान के पीछे स्थित एक मिट्टी खदान में पाँच गौवंश दलदल में फंस गए। जैसे ही यह सूचना ग्रामीणों और गौसेवकों तक पहुँची, गौ सेवा धाम की टीम तत्परता से घटनास्थल पर पहुँची और अथक प्रयासों के बाद सभी पाँचों गौमाताओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दलदल से निकाले गए गौवंश की हालत देखकर वहाँ मौजूद लोगों की आँखें नम हो गईं। सभी ने मिलकर गायों को साफ किया और सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। इस सेवा कार्य में गौ सेवा धाम, मुंगेली से जुड़े सेवकों ने भाग लिया।

**न्यायालय– श्रीमान द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस / समंस**

स्व. ओमप्रकाशन छाबड़ा (मृत)
जरिये विधिक वारिसान रमेश कुमार छाबड़ा
............................ आवेदक/ वादी

**बनाम**

चरनजीत छाबड़ा एवं अन्य
.......... अनावेदक/ प्रतिवादीगण
एम.जे.सी. प्रक. क्रं. –220/ 2024
आदेश दिनांक– 26/04/ 2025
पेशी ता.– 25/07/2025

इस न्यायालय में आवेदक/ वादी स्व. ओमप्रकाश छाबड़ा ने श्री मुरलीधर शर्मा आर्बिट्रेटर के द्वारा पारित एवार्ड दिनांक 01.04.2024 के विरूद्ध अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु फर्म मालिकराम ओमप्रकाश छाबड़ा द्वारा चरनजीत छाबड़ा जगत एजेंसी के पीछे, तेलीपारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं बलदेव कृष्ण छाबड़ा संजय बेग हाउस के पीछे गली में, तेलीपारा बिलासपुर छ.ग. को प्रकरण की पेशी दिनांक 25.07.2025 को स्वयं या अपने अधिकारी के माध्यम से उपस्थित होकर अपना सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी दिनांक 25/07/2025 तक कोई जवाब प्राप्त न होने पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 25/07/2025 को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्य दिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान – 01/05/2025
बिलासपुर

**(संतोष कुमार महोबिया)**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश**
**जिला– बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कविता सोनी (KAVITA SONI) पति नरेन्द्र सोनी (NARENDRA SONI) मेरे पुत्र का पुराना नाम शिवा सोनी (SHIVA SONI) पिता नरेंद्र सोनी (NARENDRA SONI) को बदल कर नया नाम एबल सोनी (ABLE SONI) पिता नरेंद्र सोनी (NARENDRA SONI) निवासी वार्ड नं. 01, बाजार पारा, गनियारी, बिलासपुर (छ.ग.) 495112 रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम एबल सोनी (ABLE SONI) पिता नरेंद्र सोनी (NARENDRA SONI) नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**कविता सोनी**
**(KAVITA SONI)**
वार्ड नं. 01, बाजार पारा,
गनियारी, बिलासपुर
(छ.ग.) 495112

# देश

**उवाच**

" सिंधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी।

–मनीष साहनी



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33` | 23` |
| मुंबई | 31` | 27` |
| कोलकाता | 32` | 25` |
| चेन्नई | 34` | 3` |

# भारत का पाक से सभी आयात–निर्यात पर प्रतिबंध सही कदम : हरीश रावत

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार के फैसले का किया समर्थन

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान से सभी आयात–निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का समर्थन किया। रावत ने इसे एक अच्छा और आवश्यक कदम बताया। हरीश रावत ने कहा कि पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों का खून बहाया है।

ऐसे देश से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए। देश इससे भी कठोर कदमों की अपेक्षा कर रहा है। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए हर संभव प्रहार किया जाना चाहिए। हमने सरकार से कहा है कि आप पाकिस्तान के खिलाफ जो भी कदम उठाएंगे, हम उसके साथ हैं। रावत ने कहा कि हमने सरकार से कहा है कि हम उनके साथ हैं। ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए, जिससे आतंकवादी नेटवर्क तबाह हो और पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार हो। आतंकवाद की कमर तोड़ने के लिए हर जरूरी कदम का समर्थन किया जाएगा। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा सर्जिकल



पाकिस्तान ने हमारे नागरिकों का खून बहाया है ऐसे देश से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखा जाना चाहिए : हरीश रावत

स्ट्राइक पर सवाल उठाने को लेकर सवाल किए जाने पर रावत ने कहा कि यह वक्त पुराने इतिहास को टटोलने का नहीं है। यह समय राष्ट्रीय एकता दिखाने का है।

हमारी पार्टी की आधिकारिक लाइन स्पष्ट है कि हम सरकार के आतंकवाद विरोधी हर कदम के साथ खड़े हैं। कांग्रेस वर्किंग कमेटी साफ तौर पर कह चुकी है कि हम एकजुट हैं। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा द्वारा कांग्रेस पर सेना का मनोबल तोड़ने के आरोप पर हरीश रावत ने कहा कि सत्ताधारी दल के प्रवक्ता को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। जब पूरा देश एकजुटता दिखा रहा है, तब वह ऐसा बयान देकर क्या यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत में मतभेद हैं। उन्होंने पात्रा के उस बयान को भी गैर जिम्मेदाराना बताया, जिसमें कांग्रेस की सीडब्ल्यूसी को पीडब्ल्यूसी–पाकिस्तान वर्किंग कमेटी कहा गया। उन्होंने कहा कि यह अपमानजनक है और दर्शाता है कि भाजपा अब भी राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता से खेल रही है।

### सरकार ने घाटी में अमन–चैन का वादा किया था लेकिन वह विफल रही : अधीर रंजन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सांसद एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगने का मुद्दा गरमाया हुआ है। इस बीच शनिवार को दिग्गज कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने पहलगाम हमले को लेकर सरकार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार ने घाटी में अमन–चैन का वादा किया था, लेकिन वह विफल रही। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी को ऐसा लगा होगा, इसलिए वो बोल रहे हैं। लेकिन उस समय सरकार ने पाकिस्तान को जैसा सबक सिखाने का दावा किया था, वैसा नहीं किया गया। घाटी में आतंकवाद खत्म करने का दावा हवा हवाई ही साबित हुआ। सरकार की ओर से आतंकवाद के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण ही आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सरकार की लापरवाही से उसी घाटी में 26 सैलानियों की धर्म के आधार पर चुन–चुन हत्या कर दी गई। सरकार ने पूरी दुनिया के सामने घाटी में अमन–चैन लाने का जो वादा किया था, उसे पूरा करने में विफल हुई।

## अरुणाचल में डकैती गिरोह का भंडाफोड़

**ईटानगर,** 3 मई (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के बांदरदेवा पुलिस ने कारसिंगसा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग–415 पर राजमार्ग डकैती की घटनाओं में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाहरलागुन के पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 से, कई पीड़ितों ने कहा है कि दोपहिया वाहनों पर सवार अज्ञात बदमाशों ने उनका पीछा किया और इनर लाइन परमिट तथा अन्य अवैध पदार्थों की जांच के बहाने उन्हें चाकू की नोंक पर लूट लिया। एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस अधीक्षक ने अज्ञात राजमार्ग लुटेरों का पता लगाने के लिए नाहरलागुन एसडीपीओ ऋषि लोंगडो और इंस्पेक्टर किपा हमाक, ओसी बांदरदेवा पीएस की देखरेख में एसआई कोज टाडा, हेड कांस्टेबल ताडे बोमडोम, चेरा अचा और कांस्टेबल रिनचिन त्सेरिंग की एक विशेष जांच टीम गठित की। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर, टीम ने एक मई को कार्सिंगसा में दो संदिग्धों को ट्रैक किया और उन्हें रोका, जहां उन्होंने एक और डकैती का प्रयास किया था। एक आरोपी भागने में कामयाब रहा लेकिन इटानगर के गंगा निवासी 19 वर्षीय पाटे बगांग पकड़ा गया।

# जम्मू–कश्मीर ने कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया और न देगा : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 3 मई (एजेंसियां)। शनिवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील की और पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। अब्दुल्ला ने कहा अब घड़ा भर गया है, अब आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा।

जम्मू–कश्मीर ने कभी पाकिस्तान का साथ नहीं दिया और न ही कभी देगा। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उस दुल्हन से कहना चाहता हूं जिसकी शादी को सिर्फ छह दिन हुए थे, उस बच्चे से जिसने अपने पिता को खून से



■ नेकां प्रमुख ने की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता की अपील

लथपथ देखा , हम भी रोए, हम भी खाना नहीं खाया। ऐसे राक्षस अभी भी जीवित हैं जो लोगों को मार डालते हैं। वे मनुष्य नहीं हैं। और वे खुद को मुसलमान बताते हैं, मैं नहीं मानता कि वे मुसलमान हैं। आतंकवाद के कारण अपनों को खो चुके परिवारों के साथ हम खड़े हैं। मैं उन्हें यकीन दिलाता हूं कि यह कुर्बानियां व्यर्थ नहीं जाएंगी। हर एक को दंड मिलेगा। हम इसे पिछले 35 वर्षों से देख रहे हैं, लेकिन वे जीत नहीं पाए हैं और न कभी जीत पाएंगे।

गांधी का देश भारत है। हां, आज हमने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि हम पानी को रोक सकते हैं, लेकिन हम उन्हें नहीं मारेंगे। हम क्रूर नहीं हैं। उन्होंने अपने ही लोगों पर अत्याचार किए हैं। बलूचिस्तान और सिंध की हालत देखें। उन्होंने कहा कि वे अपने देश को बचा नहीं पाए, हमारे देश को बर्बाद करना चाहते हैं। हमले के बाद पहलगाम में पर्यटकों से मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें साहस मिला।

### सिंधु जल संधि पर उठाया सवाल

फारूक अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि की भी आलोचना की और सीमा पार की हिंसा को खत्म करने की मांग की। उनका कहना था कि जम्मू–कश्मीर के लोगों से कोई राय नहीं ली गई थी जब यह संधि बनाई गई थी। इस संधि से जम्मू–कश्मीर सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। हमें बिजलीघर नहीं बनाने की अनुमति है। पानी की एक बाल्टी लेने के लिए हमें पूछना पड़ता है। मैं भारत सरकार से अपील करता हूं कि उस पानी का कुछ हिस्सा जम्मू के लोगों के लिए लाया जाए। अमरनाथ यात्रा को लेकर उन्होंने कहा अमरनाथ यात्रा पर आने वालों को डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अमरनाथ स्वयं उनकी रक्षा करेंगे।

## सार संक्षेप

### शैव सिद्धांत तमिल संस्कृति का रत्न : मोदी

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां कहा कि शैव सिद्धांत तमिल संस्कृति का एक रत्न है, जिसमें आध्यात्मिक साहित्य की सुंदर कृतियां और विभिन्न आधीनमों का सामाजिक योगदान शामिल है। मोदी ने तिरुकायिलया परम्परा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन के संदेश में कहा कि तमिलनाडु भारत की आध्यात्मिक विरासत और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमुख केंद्र रहा है।

### जम्मू-कश्मीर में पाक ने फिर किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

**जम्मू।** पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखा। रक्षा प्रवक्ता ने शनिवार सुबह कहा कि शुक्रवार देर रात को पाकिस्तानी सेना ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, उरी और अखनूर इलाकों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया। इससे पहले दो मई को पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के पांच जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया था।

### बिहार के जमुई जिले में दो नक्सली गिरफ्तार

**जमुई।** बिहार में उग्रवाद प्रभावित जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की देर रात सूचना मिली थी कि करमटांड गांव में दो नक्सली छुपे हुए हैं। इस सूचना के आधार पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए करमटांड गांव में छापेमारी की। इस दौरान दो नक्सली हरि यादव उर्फ हरिलाल यादव और नरेश यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सलियों के विरुद्ध जिले के बरहट थाना में कई उग्रवादी मामले दर्ज हैं।

### अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस की मीडिया के बंधुओं को शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लोकतंत्र, एकता व प्रगति के लिए ऐसी पत्रकारिता की जरूरत है, जो सतर्क होने के साथ प्रत्येक मायने में स्वंतत्र भी हो। पत्रकार बंधु चुनौतियों के बीच कर्तव्य पथ पर गतिमान रहते हुए राष्ट्रसेवा में सतत् सहभागी बने रहें, यही कामना है।

## हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद का दौरा करेंगी ममता

**कोलकाता,** 3 मई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक हिंसा के बाद की स्थिति से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पांच मई को मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों सुती और शमशेरगंज का दौरा करेंगी। मुख्यमंत्री का दौरा वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हो रहा है, जिसमें पिछले महीने तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। जिला प्रशासन के अनुसार, मुख्यमंत्री चार मई की शाम को बेहरामपुर सर्किट हाउस पहुंचेंगी। पांच मई को वह सुति के छबघाटी केडी हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगी और धुलियान तथा शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगी। यह बनर्जी की इस क्षेत्र में 20 जनवरी के बाद पहली यात्रा होगी। वह हिंसा में क्षतिग्रस्त 316 घरों के प्रभावितों को बंगला आवास योजना के तहत सहायता वितरित करेंगी। मुख्यमंत्री ने मारे गए लोगों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपए की अनुग्रह राशि को मंजूरी दी और वादा किया कि राज्य सरकार उनके बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठाएगी। पश्चिम मेदिनीपुर के गोलतोर में एक कार्यक्रम में बनर्जी ने हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और आरोप लगाया कि इसमें बाहरी तत्वों और कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत थी। उन्होंने हालात सामान्य होने पर मुर्शिदाबाद जाने का वादा भी किया था।



वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद हो रहा दौरा

# जाति जनगणना कराने में न हो विलम्ब : तेजस्वी

## जाति जनगणना को लेकर मोदी को लिखे पत्र को किया साझा

**पटना,** 3 मई (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि केंद्र सरकार को जाति जनगणना कराने के निर्णय को अमली जामा पहनाने में बिल्कुल भी विलम्ब नहीं करना चाहिए। यादव ने जाति जनगणना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र को सोशल मीडिया साइट एक्स पर साझा करते हुए लिखा, जाति जनगणना कराने का निर्णय हमारे देश की समानता की यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण हो सकता है।

इस जनगणना के लिए संघर्ष करने वाले लाखों लोग केवल आंकड़ों की नहीं बल्कि सम्मान और सशक्तिकरण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पत्र में कई नई मांगें भी रखीं जिसमें निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी में आरक्षण, न्यायपालिका में आरक्षण, जाति जनगणना के आंकड़ों के आधार पर आनुपातिक आरक्षण और लंबित मंडल आयोग का पूर्ण कार्यान्वयन शामिल है। नेता प्रतिपक्ष ने पत्र में लिखा, देश भर में जाति जनगणना कराने की आपकी सरकार की हाल की घोषणा के बाद मैं आज आपको सतर्क आशावाद की भावना के साथ लिख रहा हूं। वर्षों से आपकी सरकार और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) गठबंधन ने जाति जनगणना की मांग को विभाजनकारी और अनावश्यक बताकर खारिज कर दिया था। यादव ने पत्र में बिहार द्वारा अपने स्तर पर शुरू किए गए जाति सर्वेक्षण पर केंद्र सरकार की ओर किए गए प्रश्नों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब बिहार ने अपने संसाधनों से जाति सर्वेक्षण कराने की पहल की तो केंद्र सरकार और उसके शीर्ष कानून अधिकारी ने हर कदम पर बाधाएं खड़ी कीं।

आपकी पार्टी के सहयोगियों ने इस तरह के डेटा संग्रह की आवश्यकता पर ही सवाल उठाया। अनेक प्रकार कि फूहड़ और अशोभनीय टिप्पणियां कि गयी। आपका विलंबित निर्णय उन नागरिकों की मांगों की व्यापकता को स्वीकार करता है, जिन्हें लंबे समय से हमारे समाज के हाशिये पर रखा गया है। नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि बिहार के जाति सर्वेक्षण ने, जिसमें पता चला कि अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग हमारे राज्य की आबादी का लगभग 63 प्रतिशत हिस्सा हैं, यथास्थिति बनाए रखने के लिए फैलाए गए कई मिथकों को तोड़ दिया।



जाति जनगणना कराने का निर्णय हमारे देश की समानता की यात्रा में एक परिवर्तनकारी क्षण हो सकता है : तेजस्वी यादव

### जाति जनगणना सामाजिक न्याय की लंबी यात्रा का पहला कदम : राजद

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने जाति जनगणना कराने को सामाजिक न्याय की लंबी यात्रा का पहला कदम बताते हुए कहा कि जनगणना के आंकड़ों से सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण के दायरे को आबादी के अनुरूप बढ़ाने का ध्येय भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। एक देश के रूप में, हमारे पास आगामी परिसीमन में कई प्रकार के अन्याय को ठीक करने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण जनगणना के आंकड़ों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। ओबीसी और ईबीसी का निर्णय लेने वाले संस्थानों में पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए विशेष प्रावधान किए जाने चाहिए। राज्य विधानसभाओं और भारत की संसद में आनुपातिक प्रतिनिधित्व के सिद्धांत के आधार पर इन वंचित समूहों को सम्मिलित किया जाना होगा।

# भाजपा ने विकास करने के बजाय उत्तर प्रदेश को विनाश की ओर धकेला : अखिलेश यादव

## समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने करने का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 3 मई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकार में प्रदेश में हुए विकास कार्यों की आज भी देश दुनिया में सराहना हो रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। यादव ने शनिवार को यहां जारी बयान में भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया।

भाजपा ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। प्रदेश की जनता एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का इंतजार कर रही है। वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार



बनने पर विकास के रुके कार्य फिर शुरू होंगे। प्रदेश में खुशहाली आएगी और नए विकास की नींव रखी जाएगी। समाजवादी सरकार ने लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम, आधुनिक सुविधाओं से लैस पुलिस मुख्यालय की सिग्नेचर बिल्डिंग, एशिया का सबसे बड़ा पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क, विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो रेल, विश्वस्तरीय आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे का निर्माण कराया। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे देश का पहला एक्सप्रेस–वे है जिस पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी बनाई गई। आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे का निर्माण रिकार्ड 23 महीनें में पूरा हुआ।

### भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोके

सपा नेता ने कहा कि समाजवादी सरकार में जिलों को जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कें बनाई गईं लेकिन भाजपा सरकार ने सभी विकास कार्य रोक दिए। इसी तरह से समाजवादी सरकार में बनाए गए आईटी सिटी की कम्पनियों में पढ़े लिखे हजारों नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिल रहा है। समाजवादी सरकार ने प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम किया। किसानों के लिए मंडिया बनाईं।

## झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री ने की हेमंत सोरेन से भेंट



**रांची,** 3 मई (एजेंसियां)। झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री को उनके सफल विदेश दौरे तथा झारखंड में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. अंसारी ने जमशेदपुर एवं कोडरमा जिले के दौरे की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी और विभागीय गतिविधियों से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने डॉ. अंसारी को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और उस दिशा में कार्य करते हुए कार्य निष्पादन को और बेहतर करने का निर्देश भी दिया।

# किसानों को एमएसपी देने में आंध्र सरकार विफल : जगन

## नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर बोला हमला

**विजयवाड़ा,** 3 मई (एजेंसियां)। आन्ध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली राज्य सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने में विफल रही है, जिससे किसानों को विरोध प्रदर्शन करने और वित्तीय बर्बादी का सामना करना पड़ा है। रेड्डी ने सोशल मीडिया एक्स पर नायडू के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर किसानों की दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाया।उन्होंने खेद जताते हुए कहा कि किसान कर्ज में डूब रहे हैं, लागत वसूल नहीं कर पा रहे हैं, जबकि सरकार उनकी तरफ देखती तक नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापक आंदोलन के बावजूद मुख्यमंत्री और उनका प्रशासन भारी कर्ज के बीच अपने निवेश की वसूली के लिए संघर्ष कर रहे किसानों की दुर्दशा की



अनदेखी कर रहा है, साथ उनकी प्रति कम सहानुभूति दिखा रही है। उन्होंने कहा कि मिर्च, कपास, ज्वार, लाल चना, काला चना, हरा चना, मक्का, बाजरा, रागी, मूंगफली, टमाटर, केला, गन्ना और तंबाकू जैसी फसलों को एमएसपी से काफी कम कीमत मिल रही है, जिससे किसान असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाजार में हस्तक्षेप करने या कीमतों को स्थिर करने की जिम्मेदारी लेने में विफल रही, इसके बजाय उसने भ्रामक रणनीति का इस्तेमाल किया जिससे उसने कृषि समुदाय में अपना विश्वास को धोखा दिया।

**चुनौती** *पहलगाम हमले के बाद ट्रेनों के संचालन में कोई प्रगति नहीं*

# जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ लटका

**जम्मू, 3 मई (देशबन्धु)। पिछले छह महीनों से जम्मू से चलने वाली जिन बीसियों रेलों को जम्मू रेलवे यार्ड का रिमाडलिंग का कार्य पूरा करने की खातिर रद्द कर दिया गया था वे अब फिर से शुरू हो गई हैं। पर अब रेल के मोर्चे पर लाख टके का सवाल यह है कि कश्मीर कब रेलमार्ग से जुड़ेगा क्योंकि पहलगाम नरसंहार के उपरांत जम्मू से कश्मीर तक आरंभ होने वाली ट्रेनों का शुभारंभ फिलहाल लटक गया है।**

रेलवे ने जम्मू से चलने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को फिर से बहाल कर दिया है। 16 नवम्बर, 2024 से शुरू हुए यार्ड रि–मॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को अस्थायी रूप से रद्द या उनके मार्ग में परिवर्तन किया गया था।

अब यह कार्य पूर्ण होने के बाद एक मई से इन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू कर दिया गया है। हालांकि, कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को मार्च में बहाल कर दिया गया था, लेकिन अभी भी कई ट्रेनें रद्द ही चल रही थीं पर पहलगाम नरसंहार के उपरांत कश्मीर के लिए शुरू होने वाली वंदे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू होने पर संकट के बादल छा गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 19 अप्रैल को हरी झंडी दिखाए जाने वाली हाई–स्पीड वंदे भारत ट्रेन को क्षेत्र में खराब मौसम की चेतावनी सहित कई मुद्दों पर अंतिम समय में रद्द कर दिया गया था। पहलगाम हमले के बाद ट्रेन के उद्घाटन को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद जम्मू–कश्मीर में 'कमजोर' रेलवे बुनियादी ढांचे पर आतंकी खतरे की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।



■ अनुकूल माहौल वापस आने तक तीन माह तक की देरी संभव

सुरक्षा प्रतिष्ठान ने घाटी में गैर–स्थानीय कर्मचारियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति वाले भारतीय रेलवे को अपने निर्धारित स्थानों से बाहर जाने से बचने की सलाह दी थी।

भारतीय रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना था कि अभी परिचालन शुरू करने पर कोई प्रगति नहीं हुई है। हमें लगता है कि अनुकूल माहौल वापस आने तक इसमें तीन महीने तक की देरी हो सकती है। वे कहते थेकि कई मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है। इसमें एक प्रमुख सुरक्षा आडिट, व्यवहार्यता और बाद में वीआईपी की उपलब्धता शामिल है जो ट्रेन को हरी झंडी दिखा सके। अब स्थिति यह है कि 270 किलोमीटर में फैली उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल लिंक औपचारिक उद्घाटन का इंतजार कर रही है।

चार महीने पहले वाणिज्यिक संचालन के लिए मंजूरी मिल गई थी। पूरी रेल परियोजना चार चरणों में पूरी की जा रही है, जिसमें उधमपुर–कटरा (जुलाई 2014 में पूरा हुआ), बनिहाल–काजीगुंड (जून 2013 में पूरा हुआ), काजीगुंड–बारामुल्ला (2009 तक चरणों में) और कटरा–बनिहाल शामिल हैं। कश्मीर घाटी तक सीधा रेल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए भूकंपीय क्षेत्र 5 और ऊबड़–खाबड़ पहाड़ों और गहरी घाटियों से गुजरने वाले 111 किलोमीटर लंबे बनिहाल–कटरा गलियारे को चालू किया जाना है। जनवरी में हाई–स्पीड वंदे भारत का ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया था।

## हाना

चार बेटा राम के कौड़ी के न काम के।
जेकर चार झन बेटा हावय अउ चारोंझन कोनो काम नइ करय त ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

## आतंकवादी ऊपर चढ़व

पहलगाम म धर्म पूछ पूछ के गोली मारे गीस। अइसना पहिली बेर होय हावय। सत्ताईस मनखे ल गोली मार के मार दिन। माई लोगन मन ल कुछु नई करिन। का ये च्हिन्दू राष्ट्र बनाना हेज्ज नारा के जवाब आये या फेर हिन्दू ल मार के अपन कुरान के मुताबिक पुन्न कमाना आये। काफिरों को मारा जाये। लिखाये हावय।

काश्मिर मरत मरत साँस लेना शुरु करे रहिस हे। धारा 370 के हटाये के बाद काश्मिरी पंडित मन लहुटत रहिन हे। पर्यटक मन घलो जाना शुरू कर दे रहिन हे। सप्ताह भर बाद फेर लोगन मन जाना शुरु कर दे हावंय। ऊंखर कहना हे के एक बेर घटना होगे रोज रोज थोरे होही। कुछ मन अपन टिकट केंसिल करा लिन।

उंहा के रहने वाला मन के रोजी रोटी पर्यटक मन ले ही चलते। आज दुकान बंद हो गे हावय। रोड मन सुन्ना होगे हावय। बहुत उदास हावंय शिकारा वाले मन। घोड़ा या टट्टू वाला मन के रोजी रोटी बंद होगे हावय। एक टट्टू वाला तो आतंकवादी के बंदूक नंगावत रहिस हे। छिना झपटी म मरगे तभो ले अपन पर्यटक ल बचा नइ पइस। तीन जोड़ी मन तो हनीमून मनाये बर गे रहिन हें अउ गोली लगे ले मरगे।

बार–बार पाकिस्तान मन ल छोड़ दिये जाथे। ये सब काम उही ह करवाथे। भारत ह पानी देना बंद कर दिही तब पता चलही। ओखर मन ऊपर चढ़ई कर देना चाही सबके इही विचार आवत हे। हमर छत्तीसगढ के एक व्यापारी ल मार देय गीस। एक हवाई सेना के मनखे जेखर बिहाव होय एक हफ्ता होय रहिस हे ओला गोली मार दे गीस। मनखे मरे परे हावय ओखर बाजू म नवब्याहता आंसू बोहावत बइठे हावय। ओखर फोटो ल देख के सबके दिल दहल गीस। उंहा हमेशा सेना ल रहना चाही। थोरिक चूक होगे। काश्मीर अभी शांत हावय त कखरो ध्यान नइ गिस येखरे फायदा उठा के आतंकवादी मन हमला कर दिन। अब फेर पर्यटक मन जावत हावंय निडरता दिखत हे तब तो सरकार ल सुरक्षा के जिम्मेदारी लेना चाही। आज रोवत काश्मीर अउ उंहा के मनखे मन म मुस्कुराहट लाये के जरुरत हे। ओखर रोजी रोटी चलय अउ हमू मन काश्मीर के खूबसूरती के मजा लेवन।

–सुधा वर्मा

# नृत्य/नाच तब अउ अब

बर बिहाव, छट्ठी बरही, पार्टी सार्टी, भागवत, रमायण कस चाहे कुछु भी जुराव या मंगल के कार्यक्रम होय आज बिना नाच(नृत्य) के नइ होत हे। नृत्य जे युगों युगों ले चलत आवत हे, ता आज भला कइसे रुक जही। बल्कि आज तो दुनिया के लगभग 80–85 प्रतिशत मनखें नाचत गावत दिखथें। एक जमाना रिहिस जब नचइया गिनती के राहय। सुनब मा आथे कि स्वर्ग लोक मा रम्भा, मेनका, उर्वशी, तिलोत्तमा कस गन्धर्व कन्या मन नाच करें। अउ उही मन ला पृथ्वी लोक मा घलो राजा अउ राक्षस मन अपन शक्ति के दम मा नचावै। खैर वो समय ला छोड़व। जब 1912 मा दादा साहब फाल्के फिलिम बनाए के सोचिस ता वो बेरा मा, उन मन चारो मुड़ा नृत्यांगना अउ फिलिम बर हीरोइन खोजिस, फेर उन ला निरासा हाथ लगिस, आखिर मा पुरुष कलाकार मन ही स्त्री पात्र के रोल करिन। एक दौर रिहिस जब नचई ला बने नइ समझे जावत रिहिस। अउ जे नाचे गावै तेला समाज मा घलो बने मान सम्मान नइ मिलत रिहिस। नोनी मन के शादी बिहाव मा घलो नचई गवई अड़ंगा डाल देवत रिहिस। फेर धीरे धीरे समाज स्वीकारत गिस अउ आज के स्थिति ला तो सब देखतेच हन।

लगभग 200 ईसापूर्व मा भरत मुनि नाट्य शास्त्र के रचना करे रिहिन, जिहाँ रंगमंच, नृत्य अउ संगीत के वर्णन मिलथे। ऋग्वेद के श्लोक मन मा घलो नृत्य के वर्णन हे। प्राचीन वैदिक धर्म ग्रंथ मन मा देवी देवता मन ला घलो नृत्य करे के चित्रण करे गय हे। भगवान शंकर ला तो साक्षात नटराज घलो कहे जाथे।नृत्य करत नटराज के मूर्ति सहज दिखथे। महाभारत मा वर्णन हे, कि अर्जुन हा इंद्रलोक मा नृत्य अउ संगीत के शिक्षा लिए रिहिन। त्रेता युग मा भगवान कृष्ण अउ गोपी मन के द्वारा प्रस्तुत रास नृत्य के वर्णन मिलथे। नृत्यकला 64 कला मा अपन एक महत्वपूर्ण स्थान रखथे। एक मात्र भगवान कृष्ण ला सम्पूर्ण 64 कला मा पारंगत बताए गय हे।

वैदिक काल मा नृत्य, देवी देवता मनके आराधना अउ पूजा पाठ करत बेरा करे जावत रिहिस, फेर धीरे धीरे समय अनुसार जम्मों मंगल काज, ताहन फेर मनखें मन के मनोरंजन बर होय लगिस। मोहनजोदड़ो के खुदाई मा प्राप्त तांबा के मूर्ति मन के भाव भंगिमा ला देखे ले नृत्य के पुष्टि होथे। प्राचीन काल में नृत्य के एकमात्र उद्देश्य रिहिस– धार्मिक अउ आधात्मिक उद्देश्य के पूर्ति बर देवी देवता मन के नाच नाच आराधना अउ पूजा। जे शास्त्रीय नियम अउ लय ताल मा बँधाये रहय। भक्तिकाल में रामलीला अउ अउ कृष्णलीला कस कतको दैविक कथा ला नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत करे के वर्णन मिलथे। समय बीतत राजा महाराज अउ मुगलकाल मा नृत्य राजदरबार मा मनोरंजन अउ सभा सदन के मन बहलाये बर होय लगिस। आज घलो विभिन्न अवसर मा नृत्य देखे बर मिलथे।

अलग अलग देश, राज अउ क्षेत्र के अलग अलग नृत्य देखब मा मिलथे। पहली भारतीय नृत्य कला के सिर्फ दुई रूप रिहिस शास्त्रीय नृत्य अउ लोक नृत्य। शास्त्रीय नृत्य मा भरतनाट्यम, कत्थक, कत्थक्कली, कुचिपुड़ी, ओड़िसी, मणिपुरी, मोहनीअट्टम,सत्रिया जइसन नृत्य शामिल हे, ता लोक नृत्य मा भांगड़ा, गरबा, गिद्दा, चौ, लावणी, कर्मा, घूमर कस नृत्य मन के नाम आथे। बॉलीवुड नृत्य मा ये दुनो के सम्मिश्रण ले विशेष शैली मा नृत्य होय लगिस। एखर आलावा समय के साथ साथ वैश्विक प्रभाव पड़त गिस, अउ पश्चिमी नृत्य घर करत गिस। ब्रेक डांस, हिपहॉप, स्विंग, कांट्रा कस कतको नृत्य देखे बर मिले लगिस। समकालीन नृत्य घलो भारतीय नृत्य मा झट झट समाहित होगे। जेमा बैले, जैज अउ आधुनिक नृत्य कस अउ कतको प्रकार नाच शामिल हे।

**कई ठन नृत्य अउ संगीत के विद्यालय अउ कोचिंग खुलगे हे, जिहां नृत्य सीखे के सरलग उदिम होवत हे। कला, साधना के नाम आय, अउ साधना साधे ले सधते। कला ला तपस्या घलो कहे जाथे, जेखर बर ईमानदारी, लगन अउ महिनत के जरूरत पड़थे। फेर आज कला मात्र देख देखावा अउ ग्लैमर के चीज बनत जावत हे।**

भाव(अभिव्यक्ति), राग(संगीत) अउ ताल(लय) ये तीनों के मधुर समन्वय बिन नृत्य नइ होय। सबे प्रकार के नृत्य के अलग अलग शैली होथे, जेमा भाव, राग अउ लय होबेच करथे। प्राचीन कालीन नृत्य मा चेहरा के भाव अउ हस्तमुद्रा प्रमुख रहय, फेर आज शरीर के अन्य अंग भी शामिल दिखथे। धार्मिक, आध्यात्मिक ले चालू होके नृत्य मनोंरंजन के साथ साथ आज आकर्षण, ग्लैमर अउ व्यवसायिक होवत जावत हे। आधुनिकता के चकाचौंध मा नृत्य फूहड़ता कोती भागत हे। जे नाच ला देखत आध्यात्मिक अउ मानसिक सुख मिलत रिहिस, उहाँ आज काम वासना जाग्रत होवत हे। आज शारीरिक खुलापन, अउ बेढंग शारीरिक मुद्रा नृत्य के पारम्परिकता ला भंग करत हे। जे चिंतनीय हे। पहली नाच देखे बर मनखें तरस जावत रिहिस, कई कोस के दूरी लांघे के बाद नृत्य के आनंद मिले, उंहे आज सोशलमीडिया के दौर मा, घर बैठे रंग रंग के नाच देखे बर मिल जावत हे। नचइया अतका के देखइया घलो कमती हो जावत हे। नाचे मा छोटे, बड़े, बुढ़वा, जवान सबे लगे हें, अउ एखर श्रेय जाथे इस्टाग्राम अउ रील ला। रील के चक्कर मा नृत्य के छाती मा खील गोभावत हे। मन ला मोहित करइया अउ परम् शांति प्रदान करइया नृत्य आज उत्तेजक, फूहड़ अउ मन ला अशांत करइया हो गय हे। अइसे भी नही कि सबे नाच मा अश्लिता हे। आज भी विशेष पोशाक अउ शैली के कतको नृत्य जस के तस प्रभावी हे, चाहे कत्थक होय, कुचीपुड़ी होय,ओड़िसी होय या कोनो लोक नृत्य, फेर आधुनिकता के छाप अब नृत्य के शैली, हाव भाव अउ भाव भंगिमा मा आघात करत हे।

गुण, ज्ञान अउ कला कखरो भी होय यदि मनोभाव सकारात्मक हे, ता वो गुण, ज्ञान अउ कला ला देखत सुनत मन मा आनंद अउ सुख के संचार होबेच करथे, अउ यदि कहीं मनोभाव नकारात्मक हे, ता डाह घलो उपजत दिखथें। यदि वो डाह, प्रतियोगिता ला जनम देवत हे, ता तो बने बात हे, फेर यदि टांग खिचई के उदिम होय लगथे, ता वो बड़ घातक हे। आजो कई कलाकार नृत्य कला के ज्ञान पाय बर बड़ महिनत करत हे, कतको जघा सीखत पढ़त हें।

कई ठन नृत्य अउ संगीत के विद्यालय अउ कोचिंग खुलगे हे, जिहां नृत्य सीखे के सरलग उदिम होवत हे। कला, साधना के नाम आय, अउ साधना साधे ले सधते। कला ला तपस्या घलो कहे जाथे, जेखर बर ईमानदारी, लगन अउ महिनत के जरूरत पड़थे। फेर आज कला मात्र देख देखावा अउ ग्लैमर के चीज बनत जावत हे, चाहे नचई होय या फेर गवई। जे नही ते देखासीखी बेढंग कनिहा हलावत हे। सोसल मीडिया मा चढ़े डांस अउ अभिव्यक्ति के खुमारी देखत लाज लगथे। रील बनई के चक्कर मा बहू बेटी मन मान मर्यादा अउ डांस के दायरा ला लांघत हें।

महतारी कतको भूख मरत रहै, भुखाय लइका के पेट भरत देख, परम् शांति अउ सुख के अनुभव करथे, अउ अपन भूख ला भूला जाथे। घर मा कोनो एक के तरक्की या नाम होय ले, न सिर्फ घर, बल्कि पूरा गाँव गर्व करथे। कहे के मतलब मनखें दूसर के सुख अउ दुख ले आत्मीय भाव ले जुड़े रथे, अउ सुख दुख के अनुभव करथे। वइसने गीत संगीत सुने अउ नाच देखे मा परम् सुख मिलथे। एक गवइया या एक नचइया हजारों करोड़ो के मन ला मोहित कर लेथे। फेर आज मनखें नचइया के संग खुदे नाचत दिखथें या बिन नाचे नइ रही सकत हे। बस कुछु नाचे के बहाना चाही ताहन घर भर कनिहा मटकाए बर धर लेथे। आज वो अनुभव के चीज ला खुदे करे ला धर लेहे। पहली नाचे ते समाज मा असहज महसूस करे, फेर आज जे नइ नाचे तेखर मरना हो जावत हे। इशारा मा नाचना या कठपुतली बनना मुहावरा ला तो सबे जानते हन। येला स्वीकारना बने बात नइ रहय। अइसन करना मतलब अपन आप ला झुका देना या स्वाभिमान ला बेच देना होय। शोले फिलिम मा गब्बर के आघू मा बसंती नाचे बर तैयार नइ रिहिस। बड़े मिया छोटे मिया फिलिम मा अमिताभ अउ गोविदा गुंडा के आघू नाचे बर अनाकानी करथे।

कहानी, चीन, साहब बीबी और गुलाम, मदर इंडिया, राजी अइसन कतको फिलिम अउ हकीकत दृश्य हे, जिहाँ हीरो हीरोइन अउ मनखें मन गुंडा या कखरो आन के आघू मा नाचे बर या अपन स्वाभिमान बेचे बर मना करथें। फेर आज कोनो भी मनखें कही भी नाच देवत हे, वाह रे जमाना। शादी मा पहली नचइया लगाय जाय, अउ घर भर के मनखें सगा सोदर संग आनंद उठावय। आज घरे के मन सगा सोदर सुद्धा जे बेर पाय ते बेर रही रही के नाचत हें। भागवत, रमायण मा बेढंग ठुमका लगावत मनखें भला का वो पावन ग्रंथ के मरम ला पा पाही? पंडा, पंडित मन घलो नाच ला प्राथमिकता देवत हें। अपने अपन सब मिलजुल के नाचत कूदत हें, अइसन मा जोक्कड़, परी, नचइया अउ गवइया मन के पेट भरना मुश्किल हो जावत हे। नाचत हे ते तो ठीक हे, फेर कुछ भी नाचत हे, ते चिंतनीय हे। रील अउ नेम फेम अउ चंद पइसा के चक्कर मा मनखें मन गिरत जावत हे। छोटे बड़े के लिहाज नइहे। इस्टाग्राम अउ रील के चक्कर मा नचइया मनके बाढ़ आ गय हे। कोनो भी चीज होय, मर्यादा मा ही शोभा पाथे। जिहाँ मरियादा नइ रहय उहाँ इज्जत मान सम्मान के जघा नइ रहय। लाज रूपी चिड़िया आज विलुप्तप्राय होवत जावत हे। बेटी, बहू के फूहड़ नृत्य ला देख के, बाप,भाई अउ पति ऊपर का बीतत होही तेला उही मन जाने? फेर पूरा समाज तो मजा ले ले के देखत हें, यहू बात सही हें। व्यूह,लाइक अउ सब्सक्राब पाय बर आँय बाँय नाच आज निश्चित ही चिंतनीय विषय हे। पर्दा के चीज आज उघरत हे अउ उघरे के चीज तोपावत हे। कोन जन जमाना आघू बेरा मा नृत्य जइसन पाक कला ला अउ कतका गिराही? बहरहाल अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के आप जम्मों ला सादर बधाई।

**जीतेन्द्र वर्मा**
**'खैरझिटिया', बाल्को,कोरबा**

### 1 मई जनमदिन सुरता

# छत्तीसगढ़ म कहरत हे पालेश्वर के कलम

इत्र और शख्सियत के अइसन गुन हर डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा जी के जिनगी ला परिभाषित करे बर सटीक हावय ।उंखर लिखे कहानी, कविता, निबंध, अऊ कतको दूसर रचना मन ह रहीम,कबीर,तुलसी, मुंशी प्रेमचंद, रविंद्र नाथ टैगोर,हजारी प्रसाद के लिखे कस कहरत हावय।

छत्तीसगढ़ अउ छत्तीसगढ़ी भाखा ल पोठ रोंठ बनाए बर उंखर कलम हर दिन अउ रात, जियत मरत ले चलीस। च्अपन हक बर लड़े ल परही सुतनिदहा मन जागाज्ज ल लिख के पालेश्वर बाबूजी हर छत्तीसगढ़िया मन के स्वाभिमान ल जगाए के जबड़ बूता करीस हावय।

रायपुर ले छप के चारों मुड़ा बगरोईया अखबार म उंखर लिखे 'गुड़ी के गोठ' ल पढ़े के ललक मोर भीतर म कूट कूट के भराए रहीस ।मोला सुरता हे बिहनिया ले दुरूग के 'हिंदी भवन ग्रंथालय' म खुले के पहली में हबर जांव। ग्रंथालय खुलय त सबले पहली खुसरवं। अव गुड़ी के गोठ पढ़े बर समाचार पत्र ल हथिया लेवत रहें। मोला अइसे लागथे कि छत्तीसगढ़ी म गीत,गजल, कविता माने पद्य म अड़बड़ लिखे के कारज होवत हे, फेर गद्य म कहानी, नाटक, उपन्यास, व्यंग, संस्मरण, निबंध के लिखई हर कम होवत हे।



छत्तीसगढ़ के साहित्य जगत ल ए दसा ले उबारे बर, छत्तीसगढ़ी गद्य कोठी ल भरे बर च्पालेश्वर कलमज्ज हर कमाल करीस हावय।

छत्तीसगढ़िया गुनी जनमन पालेश्वर जी ल जीयत जागत च्आखर कोठी,पोथी पुरानज्ज कहिथें। उंखर संग सीधा भेंट मुलाकात, गोठ बात, उंखर आसीस हर मोला एके दूं घवं थोरिक थोरिक माने दार म मिले नून कस मिलीस ।बछर1985–86 के बात होही में हर राजनांदगांव के सर्वेश्वर दास नगर निगम स्कूल में मास्टर रहें। उही बेरा म शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थी मन ह मोर लिखे– निर्देशित नाटक च्हम पंछी एक डाल केज्ज ल युवा उत्सव बिलासपुर में प्रस्तुत करे रहीन। तभे दू–तीन दिन के उत्सव में कतको कलमकार, कलाकार सहित थोरिक देर बर डॉ पालेश्वर शर्मा जी संग तको संघराए के अवसर मिलीस। तभे ऊंखर चमिलिट्री मेनज्कस अंदाज, अवाज, अनुशासन सहित एके मनखे के भीतर अनेक गुन के खान के भान होगे रहीस।

धरम नहीं करम हर महान बनाथे– छत्तीसगढ़ के नामी सांस्कृतिक संस्था चंदैनी गोंदा अउ लोकनाट्य कारी के सर्जक दाऊ रामचंद्र देशमुख के संग म कई बछर रहे के मौका मिलीस। काबर कि ओखर सिरझे लोकनाट्य कारी म च्सरपंच संग सूत्रधारज्ज के जबड़ रोल ल में करवं ।तभे छत्तीसगढ़ के बड़े बड़े रचनाकार मन के नाम अउ काम के चरचा म पालेश्वर बाबूजी के नाम हर घेरी पइंत आवय।

उंखरे असन जबड़ साहित्यकार पण्डित श्याम लाल चतुर्वेदी, प्रो.राम नारायण शुक्ल जी के सानिध्य मोला बनेच घवं मिलीस। अइसनेहे कतको साहित्यकार मन के संगत आज ले मिलतेच हे ।ओमन संग पालेश्वर जी के चरचा म ए बात हर छन के आथे कि च्मनखे के धरम हर नहीं ओखर करम हर मनखे ल महान –अजर– अमर बनाथेज्ज। डॉ. पालेश्वर हर छत्तीसगढ़ महतारी के अइसन मयारुक दुलरवा बेटा आए जेन हर छत्तीसगढ़ी साहित्य जगत खातिर नवा रद्दा गढ़े के गूर अवइया पीढ़ी ल सिखा के सरग सिधारिस हे।

छत्तीसगढ़ राज ल बने पच्चीस बछर होवत हे फेर आज ले छत्तीसगढ़ी भाखा ल लेके खींचा तानी मचे हावय। हांसिल आइस अण्डा माने जीरो कस दसा हे ।फेर पालेश्वर बाबूजी हर अंग्रेजी और हिंदी सहित दीगर भाखा के जानकार होए के बावजूद छत्तीसगढ़ी भाखा के महल खड़े करे बर जेन च्पोक्खा नींव च गढ़ीस हे तेन हर संदेसा देवत हे–कुछू काम करे बर मौसम नहीं मन होना चाही,साधन जम्मो जुट जाही बस मनखे के भीतर संकल्प के धन होना चाही।

पसीना म भींझ के रंचिस इतिहास– दाऊ रामचंद्र देशमुख के संगे संग मोर पिताजी नारायण स्वामी मिश्रा ( नैला जांजगीर ) हर छत्तीसगढ़ के खेती किसानी के ऊपर बातचीत म मोला नवा नवा बात ल बतावय ।ओखरे मुहू ले सुनेवं कि– खेती अपन सेथी, गाय ना गरु सूत जा हरू। अइसन गोठ बात के बेरा म पालेश्वर जी के शोध प्रबंध च्छत्तीसगढ़ के कृषक जीवनज्ज के चरचा जम के चलय। किसान के नांगर अउ जांगर के ऊपर जी परान ले लिखे के जेन बूता पालेश्वर जी करीन हें तेला सुने–गुने– पढ़े के पाछु इही बात हर मन म आथे कि जेन हर बरखा के बरसे पानी म भींझथे, तेन हर खाली अंगरक्खा ल बदलथे ।फेर जेन हर पछीना म भींजथे तेने हर पालेश्वर बनके नवा इतिहास गढ़थे।

प्रेम साईमन के लिखे लोकनाट्य कारी म एक ठिन दृश्य हे जेमा नायिका कारी अउ नायक बिसेसर हर पारा भर के लइका मन संग दल बनाके कबड्डी खेलत रहिथें ।तभे बिसेसर के महतारी आमादाई हर आ जाथे अउ अपन बेटा के कान ल उमेटत कहिथे –कस रे हूड़मा बहुरिया ल कबड्डी खेलावत हस तोला थोरको लाज सरम नी लागत हे ।ए सीन के चरचा करत, कठल कठल के हांसत गोठियावत पं श्याम लाल चतुर्वेदी,प्रो. रामनारायण शुक्ला जी बताय रहिन कि पालेश्वर जी के मास्टरी उंच डंगनी कूद,कबड्डी म जोरदार रहीस ।उंखर इही आदत–बिचार– दिनचर्या हर पालेश्वर जी ल हिट अउ फीट बनाके राखे रहीस।

एक ठिन कवि सम्मेलन म शामिल होय बर रामेश्वर वैष्णव अउ मीर अली मीर जी के साथ जात रहें। तभे रद्दा म खेत म बड़ अकन कोंकड़ा कस चिरई दिखीन। चिरई मन के ऊपर चर्चा करत ओमन ह पालेश्वर जी के किताब च्सुसक झन कुररी !सुरता लेज्के चर्चा छेड़ीन ।तब मेहर जानेवं कि प्रवासी पक्षी मन ल छत्तीसगढ़ी म 'कुररी' कहे जाथे।

अइसनेहे एक ठिन अउ नवा बात जाने के सुरता आवत हे ।पढ़े लिखे के पाछु जब नौकरी चाकरी बर फारम भरवं त मातृभाषा हिन्दी लिखवं ।फेर एक घवं दाऊ देशमुख हर बताईस कि पालेश्वर शर्मा जी कस गुनीजन के कहना हे कि छत्तीसगढ़िया मन ल अपन मातृभाषा छत्तीसगढ़ी लिखना चाही।

डॉ पालेश्वर जी बर लिखत लिखत मोला शक्ति रियासत के राज पुरोहित मोर नाना पंडित शिवकुमार चतुर्वेदी के एक ठिन गुने लाइक गोठ हर तको सुरता आवत हे ।ओ हर कहय कि छत्तीसगढ़ महतारी के कोरा म करोड़ झन पहिली ले जनमे हावयं तभो ले तोर जनम काबर होइस हे तेला सुन। असल म तोर ले पहली जनमे मन ल जेन काम करना रहीस तेन ल ओमन ह नी करे पाइन हें ।त तोर पुरखा के छोंड़े बुता ल तोला पूरा करना हे। छत्तीसगढ़ महतारी के ऋण चुकाए बर ओखर मान बढ़ाए बर कुछू अईसे करना हे जेन ल आज ले कोनो नी करे हावय ।नाना जी के कहे ए गोठ ल गुनथों त अइसे लागथे जानो मानो ओहर डॉ पालेश्वर जी मन कस मनखे मन बर ए बात ल कहे हे ।जेन हर छत्तीसगढ़िया मन ल सबले बढ़िया बनाए बर अपन सरी जिनगी ल हूम कर दीस हे। छत्तीसगढ़ महतारी, ओखर बानी छत्तीसगढ़ी साहित्य के अइसन खेवनहार बनीस जेकर लिखे आखर हर अटूट पतवार बनके कभू छत्तीसगढ़ी साहित्य के डोंगा ल बुड़न नी देवय।

गोरस म पागे मखना कस साहित्य लिखोइया– डॉ पालेश्वर शर्मा के लिखे हरेक रचना हर गोरस म पागे मखना कस सवाद देथे। तभे तो एक घवं हाथ म आथे त आखरी पन्ना के सिरावत ले पढ़ोइया हर छोंड़य नहीं। किताब ल छोंड़ भी देथे त दिमाग हर किताब म लिखाए बात हर गुजंत रहिथे ।नानपन ले जानत रहें कि छत्तीसगढ ल धान के कटोरा कहे जाथे, फेर धान के कटोरा काबर कहे जाथे? धान के बोंआई ले मिंजाई कुटाई के कारज हर कइसे होथे? कोन–कोन किसीम के अवजार ले खेती किसानी के कारज होथे?इंखर ले जूड़े हाना– जनऊला के गियान हर पालेश्वर जी के किताब च्छत्तीसगढ़ के कृषक जीवन की शब्दावलीज्ज ले मिलथे। किसान के नांगर अउर जांगर ले जादा बालेश्वर जी के कलम हर छत्तीसगढ़ के किसानी ल जनवाए खातिर बड़का बूता करिस हावय ।ए ग्रंथ के ग्यारह अध्याय हर कांख काख के बताथे कि– जेखर हंथेली म लकीर नहीं छाला रहीस ओखरे नाव पालेश्वर रहीस।


जिहां जनमे,जिहां के खाए पीए उहीं के गुन गाबे बजाबे इही म जिनगी के सार हे अउ नहीं त चौरासी लाख जोनि म सबले बढ़िया जनम मिले हावय तेन ह बेकार हे ।अइसन संदेसा देवइया सियान,छत्तीसगढ़ भूइयां के लाल हर 2 जनवरी 2016 के दिन सदा दिन बर बिदा ले लेहे रहिस। आखिर म कलम के अइसन पूजेरी ल जोहार करत अपन कलम ल बिराम देवत लिखत हवं – नंगा लेहू कलम ल कलमकार से, त ओहर लिख देही कविता तलवार से।

**विजय मिश्रा 'अमित**
**अग्रोहा कालोनी, पोआ–सुंदरनगर रायपुर**

# पहलगाम के आतंकी हमला हमर शांति के रद्दा म कांटा

## लहू ले भींजगे पहाड़, निंदा ले नइ चलय अब पोठ जवाब देहे के बेरा हे

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम म होय आतंकी हमला सिरिफ एकठन दुखद घटना नोहय, ए हमला जम्मो देश के आत्मा ऊपर हमला आय। 28 निर्दोष मनखेमन के बेरहमी ले हत्या करे गे हेबय, जेमा दू झन विदेशी मनखे घलो शामिल हवय। ए गोठ फेर ले साबित करत हे के आतंकवाद के मुख कतेक अमानवीय, क्रूर अऊ घृणास्पद हेबय। ए हमला सिरिफ पर्यटक ऊपर नोहय, ए हमला भारत के एकता, विविधता अऊ शांति के चिनहा ऊपर सीधा घाव आय।




हमर सुरक्षा बल अऊ एजेंसी मन कतको बेरा ले आतंक के खिलाफ अपन बहादुरी के परचम ल फहराइस हे, फेर पहलगाम जइसन संवेदनशील ठऊर म सुरक्षा के चूक गजब के सवाल खड़ा करथे। आतंकी सेना वर्दी म आइन, परिचय–पत्र मांगिन अऊ धर्म पूछ–पाछ के मनखेमन ऊपर गोली चलाइन ए एकठन सोचे–समझे नफरत के डरावना रूप आय। ए गोठ सुरक्षा के खोखला दावा अऊ खुफिया तंत्र के कमजोरी ल उघारथे।

प्रधानमंत्री ले गृह मंत्री अऊ दूसर नेता मन हमला के निंदा करिन हे, न्याय के बात कहिन हे ए सब्बोजरूरी तो हे, फेर अब सिरिफ बात ले कुछु नइ होवय। अब बेरा आ गे हवय जब हमन पोठ फैसला लेवन, सफ्फा नीति बनाइन अऊ आतंकी मन के संग संग वो मन के पोसइया मन ल घलो करारा जवाब देवन।

ए हमला कश्मीरियत ऊपर घलो हमला आय ओ मिंझरा संस्कृति, ओ भाईचारा के भावना ऊपर जेन ल कश्मीर कतको बछर ले अपन कोरा म संजोय हे। कोनो पार्टी के प्रतिक्रिया होवय पीडीपी, नेशनल कांफ्रेंस, कांग्रेस या भाजपा बात साफ हे, ए समय राजनीति के नइ, मानवता के बात हे अऊ मानवता के लड़ई म कोनो दल नइ बोलय, जम्मो देश बोलय।

आज पहलगाम के घाव सिरिफ ओ ठऊर के नोहय, ए जम्मो भारतवासी के हिरदे म पीरा बन के बसे हे। ए घाव म मरहम तबे लगही जब निर्दोष मनखेमन के मौत के बलदा, न्याय अऊ सुरक्षा के पोठ कदम ले लेहे जाही। अब बेरा आ गे हवय जब देश एक हो के आतंकवाद ल जरी ले उखाड़ देवय। शोक, संवेदना अऊ श्रद्धांजलि के संग संग हमन ल ए संकल्प घलो लेना हे अब अउ नइ ।जेमन अपन दुलरुवा गवाय हेबय ओमन ल संवेदना।

**त्रिभुवन लाल साहू**
**बोड़सरा,जांजगीर**

# अकती के होय ले होथे किसानी बुता के सुरुवात

अकती परब जेन आखा तीज अउ परशुराम जयंती के नाव ले घलो जाने जाथे। बैसाख महीना के अंजोरी पाख के तीसरा दिन म मनाय जाथे। ये एसन परब आय जेन ल हिंदु के संगे संग जैन समुदाय के मन घलो मनाय जाथे।

शुभ दिन माने जाथे–ए परब ल बड़ शुभ परब माने गे हवय ।अक्ति म सोना बिसाना,सोना के जिनिस लेना बड़ शुभ माने जाथे। ।ए दिन अचल सम्पत्ति खेत खार,जमीन खरीदना घलो बहुते शुभ माने गे हवय। पौरानिक कथा अनुसार ए दिन त्रेता युग के सुरुआत माने जाथे ।भगवान विष्णु के छटवा अवतार परशुराम के जयंती घलो माने जाथे । इहि कारन सोना,चाँदी के आभूषण खरीदना अउ दान पुन के अड़बड़ महत्व बताए गे हवय।

किसान मन के उचछाह उमंग के परब–

किसान मन बर अकती ह उछाह अउ उमंग के परब आय । काबर कि किसान मन के किसानी बुता के सुरुवार इहि दिन ले होथे। जेकर सेती गाँव म किसान मन अकती ल बिसेस ढंग ले मनाथे।

अकती के पहिली रतिहा गाँव के कोतवाल ह मुनादी करथे की काली जुवार अकती तिहार मनावत जाहूँ होज्..! मुनादी के पाछूँ के असल उद्देश ये रथे कि बिहाने दिन जब तक ले ठाकुर देव म पूजा पाठ ह सपुरन नइ हो जाय तब तक ले कोनो ल अपन घर म पिए बर पानी नइ भरना हे रहिथे।

अकती के दिन घर के बेटी माई मन बिहानियाँ ले उठ के घर ल बने लिप बहार के बने साफ सफाई करथे ।अंगना दुवारी ल गोबर अउ छूही म लिपथे।

बाबूजात मन नऊ ठाकुर के घर ले परसा पान ले बने दोनो ल लाय बर जाथे अउ दोना ल अपन घर ले आथे ।

**नहा धो के बने उज्जर कपड़ा पहिर के दोना म माई कोठी के धान ल हेर के गाँव के ठाकुर देव म चढ़हाय ल जाथे। गाँव भर के जम्मों मनखेमन अपन-अपन घर के माई कोठी के धान ल दोन म भर के ठाकुर देव म चघा देथे। गांव के सियान बइगा मन दोना म लाए जम्मों धान ल उही मेरा उलद देथे अउ बिधि बिधान ले पूजा पाठ हुँम जग देथे।**

नहा धो के बने उज्जर कपड़ा पहिर के दोना म माई कोठी के धान ल हेर के गाँव के ठाकुर देव म चढ़हाय ल जाथे। गाँव भर के जम्मों मनखेमन अपन–अपन घर के माई कोठी के धान ल दोन म भर के ठाकुर देव म चघा देथे।

गाँव के सियान बइगा मन दोना म लाए जम्मों धान ल उही मेरा उलद देथे अउ बिधि बिधान ले पूजा पाठ हुँम जग देथे। ओकर पाछूँ दु झन नान्हे लइका ल सांकेतिक बइला बना के नाँगर फाँद के धान ल छित के खेत जुताई के बुता करथे। थोरिक धान ल पैरा डोरी के दु ठन कोठी बना के धान ल भर के ठाकुर देव कना जागे रुख म बने उँचहा जगह में बांध देथे। सुख समृद्धि अउ बने फसल के कामना करत बाचे धन ल उही दोना म भर के जम्मों झन अपन अपन घर ले आनथे।

### पानी रितो के करथे स्वागत-

घर के मुहाटी म पहुँचे ले घर के बेटी माई मन एक लोटा पानी अउ पिऊरा चाउर ल थारी म लेके आथे। अउ दोना लेके अवइया मन के स्वागत पानी ल दुनो मुड़ा म रितो के अउ पिऊरा चाउर माथा म लगा के स्वागत करथे।

ठाकुर देव म सपुरन पूजा पाठ होय के पाछूँ कोतवाल ह अउ मुनादी करथे की अकती पूजा होगे पानी काजी भरत जाहू होज् !

जेकर बाद म झम्मो झन पिए खाय बर पानी काजी भरथे ।

### नकता करे के परमपरा

साँझा बेरा म किसान मन दोना म लाए धान ल ले के अपन खेत त जाथे अउ विधि बिधान ले पूजा पाठ करके कुँदारी म कोड़ के बाँवत करत बने फसल के कामना करथे। इही ल नकता करना कहे जाथे। अकती के दिन नकता कराई ल बहुते शुभ माने जाथे।

**प्रीतम कुमार साहू, गुरुजी**
**लिमतरा, धमतरी,( छ.ग )**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
रविवार,4 मई 2025

**उल्टा पुल्टा**

पंडित जी ने कुंडली मिलाई, 36 के 36 गुण मिल गए। पर लड़के वालों ने मना कर दिया।

लड़की वाले हैरान होकर पूछने लगे- जब सारे गुण मिल रहे हैं तो आप क्यों मना कर रहे हो?

लड़के वाले- हमारा बेटा बिल्कुल लफंगा है, क्या बहू भी उसी के जैसी लाएं?

# कलेक्टर ने किया सिम्स अस्पताल का निरीक्षण

## सीएसआर मद से सिम्स के शिशुरोग विभाग को सौंपे गये लगभग एक करोड़ का उपकरण

### मरीजों से की मुलाकात, बेहतर इलाज करने दिए निर्देश



**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज सवेरे सिम्स अस्पताल का औचक निरीक्षण किया । उन्होंने इस अवसर पर सीएसआर के तहत सीएमपीडी द्वारा सिम्स के शिशुरोग विभाग को  लगभग एक करोड रुपए लागत के मेडिकल उपकरण सौंपे। जिसमें 07 नाग वेंटिलेटर मशीन, 06 फोटोथैरेपी मशीन, 03 स्ट्रेलाईजर, 03 ऑटोक्लेव मशीन, 02 बिलरूबीनोमीटर, 10 कील बैरो शामिल हैं। इस अवसर पर निगम आयुक्त अमितकुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर लखन सिंह, मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नोडल डॉक्टर बीपी सिंह, सिम्स नोडल अधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र कश्यप उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सिम्स प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि मरीज हित में ओ.पी.डी. में आने वाले मरीजों की जानकारी के लिए एम.आर.डी. पास स्थित लोहे को दरवाजे के पास बोर्ड लगाने के लिए नगर निगम को दिशा निर्देश दिए। कैजुअल्टी ओ.पी.डी. में चिकित्सकों एवं मरीजों से चर्चा कर मरीजों को मिलने वाले सुविधाओं जैसे व्हील चेयर, ट्राली में मरीजों को वार्डों में पहुँचाने की जानकारी ली गई ।एम.आर.डी. के ओ.पी.डी. और आई.पी.डी. पंजीयन कक्ष में आभा ऐप के माध्यम की जा रही पंजीयन की जानकारी एवं उचित दिशा निर्देश दिया गया। मरीजों को खडे न रहकर बैठक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के  निर्देश दिए एवं प्रत्येक पंजीयन स्थल में आभा ऐप के बार कोड स्कैनर लगाने कहा गया। ट्रायज यूनिट की व्यवस्था का जायजा लेते हुए चिकित्सकों से जानकारी चाही गई कि एक्सीडेंटल केस किस क्षेत्र से ज्यादा संख्या में आते हैं । कैजुअल्टी वार्ड के मरीजों एवं परिजनों से चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान बताया गया कि कैजुअल्टी वार्ड के एच डी यू यूनिट का कार्य सी.जी.एम.एस.सी. को जल्द कार्य पर्ण करने का निर्देश दिए गए। गायनिक वार्ड के निरीक्षण के दौरान परिजनों को बैठने के लिए और अधिक कुर्सियां लगाने एवं उनके समानों को रखने के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। पीने के लिए पानी के जगह को साफ-सुथरा रखने एवं नए नल लगाने की दिशा निर्देश दिए।

रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में सीटी स्कैन, एम.आर.आई. होने वाली संख्या के संबंध में जानकारी ली गई तथा रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में डॉक्टरो की कमी को दूर करने के लिए उच्च स्तर पर शासन से बातचीत हेतु सहमति दी गई। निरीक्षण के दौरान व्यवस्था एवं साफ-सफाई से संतुष्ट हुए।

**सुशासन तिहार**

# निराकरण की जानकारी देने निगम क्षेत्रों में लगेंगे 8 समाधान शिविर

**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की आम जनता को जानकारी देने के लिए शहर के निगम क्षेत्रों में 8 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। ये शिविर 6 मई से लेकर 30 मई तक चिन्हित नगर निगम के विभिन्न स्थानों में लगाए जाएंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निगम आयुक्त और जोन कमिश्नरों को शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्रों में इस दौरान 8 समाधान शिविर आयोजित होंगे जो सवेरे 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपन्न होंगे। इनमें 6 मई को जोन क्रमांक 01 के वार्ड 01 में आत्मानंद स्कूल ग्राउंड सकरी में आयोजित होगा ,जिनमें वार्ड 01 से लेकर 04 एवं वार्ड 13 से लेकर 14 तक के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसी तरह 9 मई को जोन क्रमांक 02 के वार्ड 09 में अंधमुक्त बधिर शाला मैदान सब्जी मंडी गेट के पास रायपुर रोड में शिविर आयोजित होगा ,जिसमें वार्ड क्रमांक 05 से 12 तक के लोगों की समस्याओं का समाधान होगा।

12 मई को जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 16 मुंगेली नाका ग्राउंड में शिविर आयोजित होगा। जिसमें वार्ड 15 से 22 तक के वार्डवासी शामिल होकर शिविर का लाभ ले सकेंगे।

16 मई को जोन क्रमांक 04 के वॉर्ड नंबर 28 में शेख गफ्फार आत्मानंद स्कूल तारबाहर में शिविर लगाया जाएगा, जिसमें वार्ड 23 से 29 के वार्डवासी शामिल होकर शिविर का लाभ ले सकेंगे। 19 मई को जोन क्रमांक 05 के वार्ड 35 में पुत्री शाला स्कूल, साव धर्मशाला के पास जून बिलासपुर में आयोजित शिविर में वार्ड 30 से 37 एवं 40 तक के वार्डवासी शामिल होंगे।

23 मई को जोन क्रमांक 06 के वार्ड 41 में तोरवा स्कूल में शिविर आयोजित होंगे जिसमें वार्ड 38 से 39 एवं 41 से 46 तक के वार्ड के निवासी अपनी समस्याओं का समाधान ले सकेंगे। 26 मई को जोन क्रमांक 07 के वार्ड 51 में राजकिशोर नगर के हरश्रृंगार कॉलोनी के सामुदायिक भवन में शिविर आयोजित होगा जिसमें वार्ड क्रमांक 47 से 58 तक के वार्डवासी शामिल होंगे। इसी प्रकार 30 मई को जोन क्रमांक 08 के वार्ड 68 कोनी के सिटी बस डिपो कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित होगा , जिसमें वार्ड क्रमांक 59 से 68 तक के वार्डवासी शिविर में शामिल होकर अपनी समस्याओं का समाधान पाएंगे।

# रेलवे पार्सल कार्यालय बिलासपुर के सामने प्रमोशनल कियोस्क की सुविधा प्रारंभ

### यात्रियों को घर बैठे मिलेगी पार्सल बुकिंग, कलेक्शन, डिलिवरी एवं पेकिंग आदि की सुविधा

**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय के सामने प्रमोशनल कियोस्क सेवा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा का विधिवत शुभारंभ आज मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री एस भारतीयन के कर कमलों से किया गया। इस पहल का उद्देश्य पार्सल बुकिंग प्रक्रिया को और अधिक सुविधाजनक एवं सुलभ बनाना है।




इस कियोस्क के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु मेसर्स श्री राधा स्वामी कार्गो, बिलासपुर को लाइसेंस प्रदान किया गया है। इसके माध्यम से लाइसेंसी द्वारा यात्रियों अथवा ग्राहकों को घर बैठे पार्सल बुकिंग, पैकिंग व अनपेकिंग, कलेक्शन एवं डिलिवरी आदि की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस सेवा के माध्यम से यात्रियों अथवा ग्राहकों को समय और धन दोनों की बचत होगी।

कियोस्क के माध्यम से यात्री अब अपने पार्सल की पैकिंग, अनपेकिंग और तत्काल बुकिंग की सुविधा भी प्राप्त कर सकेंगे। इन सेवाओं के लिए लाइसेंसी द्वारा ग्राहकों से रेलवे द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह कदम 'स्मार्ट स्टेशन' के विज़न को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। रेलवे प्रशासन को आशा है कि यह सुविधा पार्सल सेवाओं में गुणवत्ता और दक्षता में वृद्धि लाएगी। यह सेवा यात्रियों की पार्सल संबंधित आवश्यकताओं को सुगमता से पूर्ण करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। साथ ही इससे पार्सल सेवाओं में और पारदर्शिता आएगी।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे इस सेवा का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने सुझावों से इस सुविधा को और भी बेहतर बनाने में सहयोग करें। इस सेवा का लाभ उठाने हेतु लाइसेंसी के मोबाइल नं 7389494949 व 7880133312 में संपर्क किया जा सकता है।

### पांचवी आठवीं की पूरक परीक्षा होगी आयोजित, गर्मियों की छुट्टी में विद्यार्थियों के लगेंगे क्लासेस

**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। पांचवी और आठवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम की घोषणा की है जिसमें बिलासपुर जिले में पांचवी में 88 प्रतिशत तो आठवीं में 78 प्रतिशत परिणाम रहा है। 15 साल के बाद आयोजित हो रही इससे पांचवी और आठवीं बोर्ड की केंद्रीकृत परीक्षा के मद्देनजर इस बार परिणाम तो बेहतर आए हैं लेकिन आठवीं के परिणाम अनुरूप नहीं आने से अब जिला शिक्षा विभाग इस पर मंथन कर रहा है यही वजह है कि अब जितने भी परीक्षार्थी परीक्षा में सफल नहीं हुए हैं उन्हें अब फिर से गर्मी की छुट्टियों में शिक्षा ग्रहण कराई जाएगी और जुलाई में उनका फिर से परीक्षा आयोजित कर उन्हें सफल किया जाएगा हालांकि वर्षों बाद हो रही बोर्ड परीक्षा को देखते हुए जिला शिक्षा विभाग के द्वारा इस दिशा में कड़ी मेहनत की गई थी जिसका परिणाम भी सुखद रहा है पांचवी के परिणाम तो सुखद आए हैं लेकिन आठवीं के परिणाम में कहीं ना कहीं जिला शिक्षा विभाग को इस दिशा में सोने मजबूर किया है जिस पर आप जिला शिक्षा विभाग भी विचार मंथन कर इस दिशा में व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहा है।

# शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे-संजय अग्रवाल

### कलेक्टर ने जिला पंचायत की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की

### अधिकारियों को दिए सेवा भाव से कार्य करने के निर्देश

**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंथन सभाकक्ष में जिला पंचायत की चार प्रमुख योजनाओं—प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा की, उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी अधिकारियों की जिम्मेदारी है।




कलेक्टर ने सबसे पहले सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों और उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने जिला पंचायत में प्राप्त आवेदनों की संख्या और निराकृत आवेदनों की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप आम लोगों की शिकायतों और मांग का त्वरित रूप से निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी केवल नौकरी की दृष्टि से कार्य न करें, बल्कि सेवा भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें,और संवेदनशीलता से आम लोगों की समस्याओं को दूर करें ।उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर  ने प्रधानमंत्री आवास योजना की विस्तृत समीक्षा की और जनपद सीईओ को आवास निर्माण में गति लाते हुए लंबित भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास निर्माण की गति और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा, उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में सर्वे में कोई भी गरीब परिवार न छुटा हो ।कलेक्टर  ने अपूर्ण, प्रगतिरत, और अप्रारंभ आवासों की जानकारी ली। जिले में  66000  लक्षित पीएम आवासों पर खुशी जाहिर करते हुए  उन्होंने कहा कि ये एक बड़ी जिम्मेदारी है कि आप इतने परिवारों को छत देने में अपनी भूमिका निभाएंगे। ये प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके क्रियान्वयन में किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, ओडीएफ प्लस गांव की जानकारी और मॉडल शौचालय  निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता दीदियों के लिए कार्य योजना  बनाने के निर्देश दिए, जिससे दीदियों को लाभ मिल सके।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिले में स्व सहायता समूहों और उनके द्वारा की जा रही आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। जिले में लखपति दीदियों की संख्या और उनके कार्य के विषय में मिशन मैनेजर से जानकारी लेते हुए दीदियों के प्रशिक्षण पर फोकस और समूह की गतिविधियों को विस्तार देने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि सभी  समूह  बर्तन बैंक और टेंट व्यवसाय से जुड़े ये सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा की भी उन्होंने संक्षिप्त समीक्षा की। इस अवसर पर सभी जनपद सीईओ, विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# राशन दुकान संचालन हेतु आवेदन 16 तक

**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मोहदा, निपनिया, पिरैया, सरवानी एवं सिलपहरी में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियों, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियों से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर द्वारा 16 मई 2025 तक आवेदन सीलबंद लिफाफे में मंगाए गए है। उचित मूल्य दुकान का संचालन ऐसे सकहारी समितियों एवं महिला स्व सहायता समूह को दिया जाएगा, जो आवेदन पत्र प्राप्त होने की तारीख से कम से कम तीन माह पूर्व पंजीकृत हो। पंजीयन प्रमाण पत्र में संबंधित पंचायत हेतु आवेदन स्वीकार किया जाएगा अन्य पंचायत का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। पूर्ण दस्तावेजों के अभाव में आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर में सीलबंद बॉक्स में जमा करेंगे। बंद लिफाफे के ऊपर शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन अनिवार्य रूप से लिखा होना है।

आवेदन करने हेतु महिला स्व. सहायता समूह एवं प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार का जीवित पंजीयन प्रमाण की छायाप्रति। बैंक खाता संचालन एवं तीन माह का बैंक स्टेटमेंट एवं कार्य अनुभव। शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु समूह, समिति का सहमति सहित प्रस्ताव जिसमें समिति का कार्यक्षेत्र का भी उल्लेख। स्व. सहायता समूह एवं प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार का कार्यक्षेत्र संबंधी प्रमाणित प्रति जिसका उल्लेख पंजीयन प्रमाण-पत्र में पंजीयन प्रमाण-पत्र जारीकर्ता प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के साथ संलग्न, जिसमें पंचायत हेतु पंजीयन है। कार्यक्षेत्र का उल्लेख अनिवार्य रूप से हो। आवेदन पत्र एवं लिफाफे के ऊपरी भाग में जिस पंचायत के लिए आवेदन किया गया है, उस पंचायत का नाम का स्पष्ट उल्लेख किया जावें।

# यातायात पुलिस की सख्त चेतावनी पुराने वाहनों को विक्रय करने वाले वाहन मालिक रहे सावधान

### पुराने वाहनों को विक्रय करते ही कराएं नाम हस्तांतरण

### नाम हस्तांतरण नहीं होने पर रजिस्ट्रेशन के आधार पर हो सकती है कार्रवाई

**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक  रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा सड़क मार्ग में व्यवधान करने वाले उल्लंघन कर्ताओं पर सख्त एवं कठोर कार्यवाही नियमित रूप से की जा रही है।

जिले में प्राय: देखने में आ रहा है कि वाहन मालिकों के द्वारा पुरानी हो रही गाड़ियों को विक्रय कर नई गाड़ी खरीदने के फिराक में अपनी पुरानी गाड़ियों को लाभ हानि के आधार पर मोलभाव करके हितलाभ को देखते हुए बेच दी जा जाती है तथा समय पर वाहन मालिकों के द्वारा नए वाहन मालिकों के नाम पर नाम ट्रांसफर नहीं की जा रही है।

ऐसी स्थिति में बिना नाम ट्रांसफर के नए वाहन चालक या मालिक के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर चलानी शुल्क हेतु नोटिस पुराने वाहन मालिक के पास उसके पते पर भेजी जा रही है जिसे व्यथित होकर पुराने वाहन चालक के द्वारा थाना यातायात आकर आवेदन देकर अपनी व्यथा के साथ शिकायत पत्र दी जाती है।

जिले में न सिर्फ ऐसे वाहन चालकों के द्वारा वाहन विक्रय किया जा रहा है अपितु कई एजेंसियों के द्वारा भी पुराने वाहनों की खरीद बिक्री के नाम पर बड़ी-बड़ी वाहन एजेंसी खोलकर भी रखी गई है जिनके द्वारा पुरानी गाड़ियों के विक्रय करते हुए समय पर




नाम ट्रांसफर नहीं की जाती। नाम ट्रांसफर नहीं होने के कारण नए वाहन मालिक के यातायात नियमों की उल्लंघन पर पुराने वाहन मालिक के घर चालानी राशि के रूप में नोटिस भेजी जाती है जिससे न सिर्फ नए वाहन मालिक को यातायात नियमों की उल्लंघन पर विभिन्न प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है अपितु पुराने वाहन मालिक को यातायात नियमों की उल्लंघन हेतु विभिन्न प्रकार के प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है।

बिना नाम ट्रांसफर के न सिर्फ यातायात नियमों की उल्लंघन पर कार्यवाही की जा रही है अपितु किसी भी प्रकार की अपराधिक घटनाओं के घटित होने पर अपराधिक घटनाओं के विवेचना के दौरान नए वाहन मालिक को कई प्रकार की विवेचानागत प्रक्रियाओं का सामना भी करना पड़ता है।

अत: ऐसी स्थिति में नए एवं पुराने दोनों वाहन मालिकों का यह दायित्व बनता है कि पुराने गाड़ियों के खरीद बिक्री के दौरान पुराने एवं नए वाहन मालिकों द्वारा शीघ्रातिशीघ्र वाहन के नाम ट्रांसफर की प्रक्रियाओं को पूर्ण कर ली जावे और जो वाहन चला रहे हैं वह वाहन वास्तविक वाहन चालक के नाम पर रजिस्टर्ड हो सके ताकि किसी अन्य वाहन चालक या व्यक्ति के द्वारा की जा रही यातायात उल्लंघन या आपराधिक घटनाओ या सड़क दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें सम्बन्धित विभागानुसार विभिन्न प्रक्रियाओं का सामना न करना पढ़ें।

पुराने वाहन मालिको के द्वारा वाहन विक्रय के पश्चात नए वाहन मालिक या वाहन चालक के द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्घटना कारित की जाती है उस स्थिति में ऐसे दुर्घटनाजन्य वाहनों के जप्ती कार्यवाही के दौरान पुराने वाहन मालिक को अनावश्यक कई प्रकार के विवेचना गत प्रक्रियाओं का भी सामना करना पड़ता है। अत: समस्त वाहन चालकों चाहे वह पुराने हो या नए हो वाहन विक्रय के दौरान विधिवत नियमानुसार नाम का हस्तांतरण अवश्य करवा लें ताकि वाहन खरीदी बिक्री के पश्चात वाहन चालन के समय हो रही किसी भी प्रकार की यातायात नियमों का उल्लंघन, आपराधिक घटनाओं, सड़क दुर्घटनाओं आदि प्रकरणों में अनावश्यक कार्रवाइयों के दौरान परेशानियों का सामना न करना पड़े।

विदित हो कि जिला बिलासपुर में आई टी एम एस के द्वारा लगातार ऑनलाइन माध्यम से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए उल्लंघन कर्ताओ कर मोबाइल पर एस एम एस एवं पोस्ट ऑफिस के माध्यम से नोटिस उसके घर पर भेज कर तामील कराई जा रही है, जो कि निर्धारित समय अवधि पर चालान की राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में एकीकृत प्रणाली के तहत समय अवधि में माननीय न्यायालय द्वारा प्रकरण की सुनवाई करते हुए अंतिम में चालान राशि के जमा नहीं करने वाले वाहन चालकों की वाहनों की जप्ती एवं लाइसेंस का निरस्तीकरण भी की जा रही है।

# तापमान के पारे को ठंडा किया ताबड़-तोड़ बारिश ने, कई इलाकों में परेशानी

## दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को रोकनी पड़ी गाड़ी





**कोरबा**, 03 मई (देशबन्धु)। मई महीने की शुरुआत जहां भीषण गर्मी की उम्मीद के साथ हुई थी, वहीं बीते चार दिनों से मौसम ने अचानक करवट ले ली है। गुरुवार को तेज हवाओं और मूसलधार बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। सड़कों पर पानी भरने से आवाजाही बाधित हुई। टीपी नगर चौराहा, मुड़ापार, सीएसईबी कालोनी, पीएच रोड, घंटाघर, ओपन थिएटर जैसे प्रमुख इलाकों में गंदे पानी के बहाव से समस्या उत्पन्न हो गई। जबकि कई निचली बस्तियों में पानी भरने से लोग परेशान हुए।

सुबह की चटक धूप दोपहर तक ठंडी हवाओं और बारिश में तब्दील हो गई, जिससे ऐसा अहसास हुआ मानो कोरबा किसी पहाड़ी इलाके में तब्दील हो गया हो। लगभग एक घंटे तक हुई तेज बारिश और तेज हवाओं ने लोगों को हाल ही में रायपुर के टोल प्लाजा हादसे की याद दिला दी, जब तेज आंधी में पूरा ढांचा धराशायी हो गया था। तेज हवाओं के साथ आई बारिश ने न केवल आमजन को परेशान किया, बल्कि व्यापारियों को भी अपनी दुकानों और सामान को सुरक्षित रखने में मशक्कत करनी पड़ी। कई स्थानों पर वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाकर गाड़ियों को रोकना पड़ा क्योंकि दृश्यता लगभग शून्य हो गई थी। उप नगरीय क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की तस्वीरें निर्मित हुई।

### इतवारी में खंभा तिरछा हुआ, पेड़ गिरे

इतवारी बाजार मुख्य मार्ग पर तेज हवाओं के दबाव को एक बिजली खंभा बर्दाश्त नहीं कर सका और तिरछा हो गया। इसके चलते ऊपर से गुजर रही सर्विस लाइन झुलती हुई नजर आई। स्थानीय कारोबारियों की सूचना पर यहां विद्युत आपूर्ति बाधित की गई। दूसरी ओर सीएसईबी चौराहा के आसपास होर्डिंग्स और पेड़ गिरने की घटना इस दौरान हुई है। गनीमत यह रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

### बिजली आपूर्ति हुई छिन्न-भिन्न

बेमोसम बारिश के चक्कर में शहरवासियों को कई चुनौतियों से जूझना पड़ा।

तुलसीनगर और पाड़ीमार जोन के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत लाइन पर पेड़ों की टहनियां गिरने और दूसरे कारण से विद्युत प्रवाह बाधित हुआ। जहां-तहां मौसम संबंधी बाधा के चक्कर में आपूर्ति या तो बाधित हुई या सब स्टेशन से फीडर को बंद करना पड़ा। खबर के अनुसार अनेक स्थानों पर फाल्ट आए है जिसे दूर किया जा रहा है।

# नपा उपाध्यक्ष के निर्वाचन को चुनौती, नोटिस जारी




**कोरबा,** 03 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद दीपका की उपाध्यक्ष संगीता साहू के निर्वाचन प्रक्रिया पर कमलेश जायसवाल ने सवाल खड़े किए और कटघोरा कोर्ट में याचिका लगाई। कोर्ट ने इसे स्वीकार कर लिया है। 9 मई को सुनवाई करने को लेकर एसडीएम, नगर पालिका अधिकारी सहित पार्षदों को नोटिस जारी किया गया है।

कांग्रेस के द्वारा नगर पालिका दीपका से कमलेश जायसवाल को उपाध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया गया था जो एक वार्ड से पार्षद चुने गए थे। निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत कमलेश को बड़े अंतर से पराजय का मुंह देखना पड़ा। निर्वाचन दिवस को जो प्रक्रिया अपनाई गई उसे पर कमलेश ने आपत्ति दर्ज कराई लेकिन कुछ नहीं हुआ। निर्धारित समय सीमा के भीतर उन्होंने अब इस मामले को कटघोरा के एक कोर्ट में प्रस्तुत किया है। उनके द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जो याचिका लगाई गई है उसमें कहा गया है कि भाजपा पार्षदों को अलग-अलग कलर के पेन दिए गए थे ताकि वोट इधर-उधर ना होने पाए। जबकि चुनाव में एकरूपता होना चाहिए। कमलेश ने कहा कि अगर निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव होता तो नतीजा कुछ और हो सकते थे। कमलेश जायसवाल की याचिका को कोर्ट ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर स्वीकार कर लिया है और निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ के म्युनिसिपल ऑफीसर एवं पार्षदों को इस मामले में पार्टी बनाया है। उन्हें नोटिस भेज दिए गए हैं। संबंधित पार्षदों ने नोटिस मिलने की जानकारी दी। कहा जा रहा है कि इस प्रक्रिया से नगर पालिका उपाध्यक्ष को कई प्रकार की उलझनों से जूझना पड़ सकता है।

## सार-संक्षेप



बिहार में चुनाव, पूर्वांचल के नेता आए समर्थन जुटाने

कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत झा इन दिनों कोरबा प्रवास पर हैं। श्री झा भाजपा कार्यकर्ताओं और पूर्वांचल के मूल निवासियों से संपर्क कर बिहार में होने वाले चुनाव में सहयोग की अपील कर रहे हैं। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत भाजपा के पूर्व कोरबा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह के साथ बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत झा लोगों से संपर्क कर रहे हैं। इसी संपर्क अभियान के तहत हेमंत झा, पूर्व पार्षद श्रीमती रानी यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता हरकेश यादव के तुलसी नगर स्थित निवास पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात किया। बैठक में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई कि कुछ माह पश्चात बिहार में विधानसभा का आम चुनाव होने वाला है। यह चुनाव बिहार ही नहीं बल्कि देश की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसलिए आवश्यक है की जो लोग पूर्वांचल से ताल्लुक रखते हैं वह बिहार चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### देशव्यापी हड़ताल के लिए बालको प्रबंधन को यूनियन देगी नोटिस



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। 20 मई को कुछ मुद्दों को लेकर ट्रेड यूनियन देशव्यापी हड़ताल कर रही है। इस सिलसिले में बालको के समस्त ट्रेड यूनियनों इंटक, एटक, सीटू, नाम्स, एचएमएस, वाम्स की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। इसमें प्रबंधन एवं प्रशासन को हड़ताल का नोटिस जारी किया गया। बताया गया कि हड़ताल को लेकर रणनीतिक बैठक 8 मई को होगी। इस दौरान चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। शनिवार को हुई बैठक में एटक से हरिनाथ सिंह, एमए रजक, सुनील सिंह, एस के सिंह तथा सीटू से सोमनाथ बनर्जी, रामाधार चंद्र, जीडी महंत एवं अमित गुप्ता तथा नाम्स यूनियन से गिरीश शर्मा, मनोज भारीया, इंटक से एसएन चंद्रा, यशवंत लदेर, एचएमएस से लखनलाल सहीस, संतोष प्रजापति, धर्मेंद्र देवांगन, राकेश कुमार देवांगन वाम्स यूनियन से अमृत लाल निषाद राजीव शर्मा संतोष साहू सम्मिलित हुए।

### 6 लाख से बनेगी पचरी, नरेन्द्र ने किया भूमिपूजन



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। हसदेव नदी में पचरी का निर्माण लोगों की सुविधा के लिए कराया जाएगा। चारपारा कोहड़िया में यह काम होना है। 6 लाख रुपए इस पर खर्च होंगे। पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने एक कार्यक्रम में भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि कोहड़िया को एक मॉडल और सुविधा-संपन्न वार्ड के रूप में विकसित करने पर काम किया जा रहा है। भाजपा सरकार और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों को नई गति मिली है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब धरातल पर उतर रही हैं और आम लोगों को इनका प्रत्यक्ष लाभ भी मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद एवं जिला खनिज न्यास सदस्य मुकुंद सिंह कंवर, विधायक प्रतिनिधि रामकुमार राठौर, कपूर चंद पटेल, पूर्व भाजयुमो महामंत्री अनिल यादव, कृष्ण द्विवेदी, राजकुमार पटेल, दिलेश्वर पटेल, जेलूराम केवट, दुजराम कंवर, बैसाखी केवट, जोहनराम पटेल, मूलचंद पटेल, गोरे पटेल, भूपेंद्र साहू सहित अनेक वरिष्ठ नागरिक, कार्यकर्ता एवं स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे।

# श्रमिकों के योगदान को याद किया श्रम दिवस पर



**कोरबा**, 03 मई (देशबन्धु)। घंटाघर स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर अंतराष्ट्रीय श्रमिक सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवक पदमसिंह चंदेल ने किया। अध्यक्षता रेखा त्रिपाठी ने की। श्रमिकों का सम्मान एवं कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी घटना के शहीदों के सम्मान में केंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को श्री चंदेल और श्रीमती त्रिपाठी ने संबोधित किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों के योगदान पर बात की।

संचालन राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा के संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती, छत्तीसगढ़ समाचार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद सफी कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष ममता अग्रवाल, एम 3 के जिला संयोजक क्रांति कुमार साव, कांग्रेस नेत्री गीता महंत उपस्थित हुए। मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद सफी ने कहा कि कोरबा सहित भारत देश भर के श्रमिकों की बेहद दुर्दशा देखी जा सकती है। कार्यक्रम में प्रदेश संयुक्त सचिव दर्शन कुमार रजक, उपेंद्र राठौर, केंद्रीय सलाहकार अहमद खान, केंद्रीय प्रतिनिधि सुनील सुना, बालको अध्यक्ष प्यारेदास महंत, विपेंद्र कुमार साहू, जिला सचिव जयसिंह नेताम, नारायण दास महंत, महतारीन बाई जांगड़े, वंदना सिदार, संतोष बंजारे, प्रगति सूर्यवंशी सुकवारा बाई, हीरालाल नवरंगे, कृष्णा नवरंगे, गीता साहू, घनाराम साहू, रूपा राव, चित्रा पटेल, गंगा यादव, उमेदा साहू आदि उपस्थित थे।

# पीएफ घोटाला : श्रमिकों का शोषण, विधायक ने जांच की मांग की



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में नियोजित ठेकेदारों द्वारा पीएफ में घोटाले का मामला सामने आया है। भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफ) ने मामले का खुलासा किया है, जिसके बाद दो बड़े ठेकेदार के खिलाफ जुर्म दर्ज करने के साथ 217 ठेकेदारों को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा गया है।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में काम करने वाले ठेकेदारों ने अपने मजदूरों का भविष्य निधि नहीं भरा था। ईपीएफओ की जांच में पता चला है कि कई ठेकेदारों ने मजदूरों से काम तो लिया, लेकिन उनका पीएफ अकाउंट खोला ही नहीं था और न ही उनकी तनख्वाह से कटे पैसे एकाउंट में जमा किए। इससे मजदूरों को नुकसान हुआ है। मजदूरों कि शिकायत पर जांच कि गई जिसमे ईपीएफओ ने दो बड़े ठेकेदारों पर केस दर्ज किया है और 217 ठेकेदारों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। यह ठेकेदार सरकार के नियमों का पालन नहीं कर रहे थे और कर्मचारियों के हक के साथ-साथ सरकार को भी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे। मुख्य रूप से कुसमुंडा, गेवरा, दीपका खदान मे इन ठेकेदारों कि संख्या ज्यादा है तो वहीं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने मजदूरों के हित मे कहा कि ठेकेदारों द्वारा यह कार्य बिलकुल असहनीय है निश्चित रूप से मजदूरों के हित कों देखते हुए ठेकेदारों पर कार्यवाही कि जानी चाहिए। विधायक के द्वारा व्यापक जनहित में इस मामले में जांच की मांग की गई है। विधायक के द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय से लेकर एसईसीएल और कोल इंडिया स्तर पर मामले की शिकायत की गई है। जिस तरह से इस प्रकरण में ठेकेदारों को नोटिस जारी किए गए हैं उससे ऐसा लगता है कि मामला ठंडा नहीं पड़ने वाला है।

# निस्तारी पानी से अहिरन नदी में गंदगी, अब एसटीवी का भेजा प्रस्ताव

## प्रदूषण को लेकर ठनी दो अफसरों की



**कोरबा,** 03 मई (देशबन्धु)। कटघोरा शहर से निकलने वाले गंदे पानी ने अब शहरवासियों के साथ-साथ ग्रामीणों की भी नींद उड़ा दी है। कटघोरा शहर व आसपास के क्षेत्र के लोगों कि जीवनदायिनी अहिरन नदी में शहर का गंदा पानी बहकर नीचे के गांवों तक पहुंच रहा है। इस बीच सिचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा जल संरक्षण के उद्देश्य से बनाए गए एनीकट ने हालात को और भी गंभीर बना दिया है। विभाग ने इसके लिए नगर पालिका को जिम्मेदार ठहराया है।

अहिरन नदी से लोगों की बड़ी जरूरत लंबे समय से पूरी होती रही है। कभी साफ रही यह नदी अब बदबूदार नाले की तरह नजर आ रही है। गंदे पानी के जमाव के कारण पानी में सड़न और कीटाणु पनपने लगे हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी बदबू और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में लोग इस पानी का उपयोग न तो सिंचाई के लिए कर पा रहे हैं और न ही नहाने के लिए। सिंचाई विभाग के अधिकारी कमलेश तिवारी ने बताया कि जल संवर्धन योजना के तहत इस नदी में एनीकट का निर्माण ग्राम डुडगा में किया गया है ताकि गर्मी के दिनों में सिंचाई के लिए पानी रोका जा सके। नदी में गंदगी के लिए नगर पालिका कटघोरा जिम्मेदार है। दूसरी ओर नगर पालिका परिषद कटघोरा के सीएमओ ने गंदे पानी की समस्या के लिए एनीकट को जिम्मेदार बताया है। ज्ञानकुंज कुलमित्र का कहना है कि पहले पानी बह जाता था, जिससे जाम नहीं होता था। अब चूंकि पानी रुका हुआ है, इस वजह से गंदगी बढ़ गई है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मांग की गई है और इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जल्द ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे साफ पानी नदी में छोड़ा जा सकेगा। इस मामले में तर्क दिया जा रहा है कि जल संसाधन विभाग के द्वारा गलत दिशा में अन्य कट का निर्माण कर दिया गया है इस वजह से भी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। दूसरी और अब नगर पालिका इस मामले में गंदे पानी की सफाई के लिए वाटर फिल्टर प्लांट की स्थापना पर जोर दे रही है जब तक इस इकाई का निर्माण नहीं हो जाता समस्या अपनी जगह पर कायम रहेगी।

# मातृछाया में मिला सहारा, बालिका को संस्कार मिलेंगे दक्षिण में



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। सेवाभारती कोरबा के प्रकल्प मातृछाया के संरक्षण में रह रही बालिका को भविष्य का सहारा मिल गया है। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के अंतर्गत के दक्षिण प्रांत से आए हुए एक परिवार को यह बालिका सौंपी गई है। उसके लालन-पालन से लेकर सभी प्रकार की जिम्मेदारी यह परिवार निर्वहन करेगा। शुक्रवार को सेवाभारती की मातृशक्ति द्वारा गोद भराई की रस्म अदा कर अभिभावक को दिया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल अध्यक्ष, सतविंदर पाल सिंह बग्गा वरिष्ठ, समाजसेवी, सुनील जैन सचिव, श्रीमती रेखा सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अथिति सतविंदर बग्गा द्वारा सेवा भारती द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों की सराहना की गई। कार्यक्रम में जिला सेवा प्रमुख नरेंद्र पटेल, निकेश अग्रवाल, गोविन्द उपाध्याय, विनोद अग्रवाल, मुकुंद उपाध्याय, नरेश अरोरा, बालकृष्ण सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निक्की उपाध्याय ने किया।

# नेशनल फेस्टिवल में विशिष्टा को प्रथम स्थान



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। कथक नृत्यांगना विशिष्टा श्रीवास्तव ने नागपुर में आयोजित ऑल इंडिया कल्चरल नेशनल डांस फेस्टिवल नृत्य संस्कृति में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने नाम को सार्थक किया।

यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 से 30 अप्रैल तक नागपुर में अखिल नटराजन अंतर-सांस्कृतिक संघ द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए कोरबा की 9 वर्षीय विशिष्टा ने कथक नृत्य की विभिन्न विधाओं देवी वंदना, चक्कर, परन, भाव, तीन ताल के बोल तथा कृष्ण ठुमरी का बेहद आकर्षक एवं मनमोहक प्रदर्शन किया, जिसने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट कोरबा के निवासी विजय श्रीवास्तव और रितिका श्रीवास्तव की सुपुत्री हैं। वह कथक की शिक्षा सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना कुमारी प्रीति चंद्रा से ले रही हैं, जो इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय से कथक गोल्ड मेडलिस्ट हैं और कई बार राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर चुकी हैं। कम उम्र में ही विशिष्टा गोवा, रायपुर, बिलासपुर जैसे विभिन्न मंचों पर भी प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं।

# मुक्तिधाम में नहीं हैं लकड़ी : कृपाराम



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। नगर निगम की सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने महापौर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महापौर ने जनता से किए वादों को निभाने के बजाय सिर्फ दिखावा किया है। पूर्व में छठ पूजा, वैवाहिक समारोह, दशगात्र और मृत्यु पर शव के लिए लकड़ी जैसे आयोजनों में निःशुल्क पानी टैंकर उपलब्ध कराने की बात कही गई थी, लेकिन हकीकत यह है कि कोरबा के कई वार्डों में आज भी जल आपूर्ति पूरी तरह ठप है।साहू ने आरोप लगाया कि नगर निगम के पास न तो पर्याप्त पानी टैंकर हैं और न ही चालकों की संख्या पर्याप्त है। ऐसे में मुफ्त टैंकर सेवा केवल वादों तक सीमित रह गई है और जनता को कोई राहत नहीं मिल पा रही है। वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर साहू ने कहा कि यह विषय केंद्र सरकार से संबंधित है, जिसे नगर निगम की बैठक में उठाना अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर राज्य शासन या निर्वाचन आयोग से अब तक कोई निर्देश नहीं आया है।

# मेमू को जाना था स्टेशन, पहुंच गई रेलवे साइडिंग



कोरबा, 03 मई (देशबन्धु)। कोरबा से रवाना हो कर मेमू ट्रेन गेवरा रोड स्टेशन की बजाय एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र की न्यू कुसमुंडा रेलवे साइडिंग में जा पहुंची। लोको पायलट की सतर्कता कहनी होगी कि उसने मेमू सवारी गाड़ी को सही समय पर रोक लिया। इस बीच स्टेशन की बजाय कोयला साइडिंग पर देखकर यात्री भी सहम गए। रेल प्रबंधन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। इस मामले में एक स्टेशन मास्टर को निलंबित किया गया है। शनिवार को सुबह 10 बजे की मेमू लोकल बिलासपुर से छूटकर सुबह करीब साढ़े 11 बजे कोरबा पहुंचती है और कोरबा से गेवरा के लिए रवाना होती। यही ट्रेन गेवरा से 01.10 बजे छूटकर कोरबा आती है और कोरबा से दोपहर 1.30 बजे बिलासपुर के लिए रवाना होती है। शनिवार की सुबह जब यह ट्रेन कोरबा से गेवरारोड रेलवे स्टेशन के लिए निकली, तो गेवरा स्टेशन की बजाय कमका साइडिंग (न्यू कुसमुंडा कोल लोडिंग प्वाइंट) में घुस गई। कोरबा व गेवरा स्टेशन के बीच न्यू कुसमुंडा साइडिंग को ही कमका साइडिंग कहा जाता है, जहां कुल 11 रेल लाइन है। यहां साइलो के माध्यम से मालगाड़ियों में कोयला लदान होता है। अचानक रेलवे स्टेशन की बजाय कोयला साइडिंग में ट्रेन के घुस आने से महकमे में हड़कंप मच गई। जानकारी मिली कि प्रबंधन ने घटना को गंभीर गलती माना है और इसके लिए एक स्टेशन मास्टर को निलंबित किया गया है। इस बारे में अधिकारिक पुष्टि शेष है।

## सार-संक्षेप

### कल से जिले में समाधान शिविरों की शुरुआत-सुशासन तिहार में मिलेगा जनता को समयबद्ध समाधान

### 49 हजार से अधिक आवेदनों का हो चुका है निराकरण

**कोरिया,** 3 मई (देशबन्धु)। राज्य सरकार के सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत कोरिया जिला में समाधान शिविरों का तृतीय चरण 5 मई से प्रारंभ होने जा रहा है। इससे पहले आज कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कलेक्टरेट सभा कक्ष में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविरों के माध्यम से आम जनता को समयबद्ध तरीके से समस्याओं का समाधान मिलेगा और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि %मुख्यमंत्री के मंशानुरूप और पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता के साथ सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान करें। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। सुशासन तिहार इसी उद्देश्य को साकार करने का माध्यम है।%

जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल के बीच आयोजित हुआ, जिसमें जनता से 63,532 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 62,446 आवेदन मांग आधारित और 1,086 शिकायतों से संबंधित थे। अब-तक 49,182 आवेदनों यानी 77 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। तृतीय चरण के अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक जिले में 17 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, नगर पंचायत शिवपुर-चरचा और पटना में एक-एक शिविर लगेगा। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर में 10 व सोनहत जनपद पंचायत क्षेत्र में 4 शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी, साथ ही योजनाओं की जानकारी एवं हितग्राही सामग्रियों का वितरण भी किया जाएगा। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल, सड़क, बिजली, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, आय, जाति/निवास प्रमाण-पत्र, वनाधिकार पट्टा, शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं प्रमुख रहेंगी। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी भी इन शिविरों में शामिल होकर जनता से सीधा संवाद करेंगे एवं विकास कार्यों का निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। मुख्यमंत्री जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी लेंगे। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अधिक संख्या में शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचे। बैठक में अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, डी.डी. मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

### गोपाल गुप्त सांसद प्रतिनिधि बने

मनेद्रगढ़, 3 मई (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने पूर्व पार्षद व मीडिया कर्मी गोपाल गुप्ता को निकाय क्षेत्र के लिए अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है जानकारी के अनुसार पिछले दो कार्यकाल में वे पार्षद पद के दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश सिंह व पूर्व नपा अध्यक्ष प्रभा पटेल के काफी करीबी माने जाते हैं गुप्ता 1998 मे शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय में एन एस यू आई में छात्र यूनियन के नगर अध्यक्ष पद को ग्रहण कर राजनीति की शुरुआत की थी 2003-4 में वे विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष भी निर्वाचित हुए थे 2007 में विवेकानंद कॉलेज की जनभागीदारी समिति में गुलाब सिंह के प्रतिनिधि के रूप में विधायक प्रतिनिधि के तौर पर नियुक्त हुए थे इसके अलावा शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय के कई समितियां व जन भागीदारी में भी समय-समय पर सदस्य नियुक्त हुए इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों में भी सदस्यों के रूप में कार्य किए हैं । उनकी नियुक्ति को लेकर कोरबा सांसद ने दूरभाष पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए नगर पालिका की 22 वार्डों की जनता से जुड़ी मुद्दे व जनहितकारी जनता से जुड़ी योजनाओं को बढ़-चढ़कर उठाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस आशा और विश्वास से मुझे कोरबा सांसद हुआ नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने चुना है उनकी अपेक्षाओं पर मैं खडा उतरने का भरसक प्रयास करूंगा इनकी नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा सोशल मीडिया व निवास में बधाइयो का तांता लगा है इनकी नियुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह पूर्व नपाध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता सौरभ मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजेश शर्मा, पार्षद अजय जायसवाल, मुकेश अग्रवाल ,मोहम्मद सईद गिरधर जायसवाल मोहम्मद इमरान मोहम्मद हुसैन आशु गंभीर,अमित पुरी जसपाल सिंह ,अमित ठठेर, विकी दत्ता ,गगन मलिक रोमी रैना आदि सुखचिंतकों ने शुभकामनाएं व बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नीलू जायसवाल बनीं कन्या महाविद्यालय की पहली महिला अध्यक्ष



मनेन्द्रगढ़/मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, 3 मई (देशबन्धु)। भरतपुर जिले के शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में जनभागीदारी समिति का गठन किया गया है। वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। खास बात यह है कि वे महाविद्यालय की पहली महिला अध्यक्ष बनी हैं, जिससे क्षेत्र की महिलाओं एवं छात्राओं में हर्ष का माहौल है।

स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल और जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम की अनुशंसा पर यह नियुक्ति की गई। इस निर्णय के लिए श्रीमती नीलू जायसवाल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, एवं सभी मार्गदर्शकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगी। कन्या महाविद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेशानुसार, इस समिति में कुल 16 सदस्यों को शामिल किया गया है। नवगठित समिति में अध्यक्ष- श्रीमती नीलू जायसवाल व सदस्य के रूप में श्रीमती प्रतिमा पटवा, आलोक जायसवाल, श्रीमती प्रवीण सिंह, श्रीमती नीतू मनहरे, श्रीमती शीला उरांव, श्रीमती सुधा सोनी, गोविन्द वर्मा, श्रीमती दृष्टि अग्रवाल, अधि.मयंक जैन, श्रीमती गायत्री दत्ता, मनीष अग्रवाल, श्रीमती नीलू राजपूत, श्रीमती सविता सिंह, सुश्री रूबी पासी, डॉ. रश्मि सोनकर को शामिल किया गया है.यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

#### शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

इस नियुक्ति को क्षेत्रीय शिक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहल माना जा रहा है। स्थानीयजन, छात्र-छात्राएं और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग इस बदलाव से उत्साहित हैं और अपेक्षा कर रहे हैं कि नवनियुक्त समिति, विशेष रूप से महिला नेतृत्व के साथ, महाविद्यालय के शैक्षणिक, प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर बेहतरीन कार्य करेगी।

# पत्नी की हत्या को हादसा दिखाने गड्ढे में छिपाया शव

### लैलूंगा पुलिस ने आरोपी पति व भट्ठा मालिक के बेटे को किया गिरफ्तार



रायगढ़ 03 मई (देशबन्धु)। ग्राम सलखिया स्थित ईंट भट्ठा में 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध मौत के मामले में लैलूंगा पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर मृतका के पति बिसाहू माझी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर शव को ईंट बनाने के गड्ढे में फेंका था। घटना की जानकारी होते हुए भी ईंट भट्ठा मालिक के बेटे उमेश बंजारा ने पुलिस को गुमराह कर साक्ष्य छिपाने का प्रयास किया, जिस पर उसे भी आरोपी बनाते हुए कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल को थाना लैलूंगा में ग्राम सलखिया के ठिर्रीमुड़ा ईंट भट्ठा में महिला की संदिग्ध मौत की सूचना मिली थी, जिस पर उप निरीक्षक इगेश्वर यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतका की पहचान शारदा माझी (42), निवासी ग्राम घियारमुड़ा, के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया कि मृतका अपने पति बिसाहू माझी के साथ डेढ़ माह से ईंट भट्ठा में काम कर रही थी और वहीं रुकती थी। पति ने गांव वालों को दावा किया कि पत्नी गड्ढे में गिरकर मारी गई, लेकिन शव व घटनास्थल के निरीक्षण पर मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देश पर सघन जांच शुरू हुई। पूछताछ में पता चला कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते थे। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी गला दबाकर मारने की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर पति बिसाहू माझी से सघन पूछताछ की गई, जिसमें उसने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि पैसे को लेकर हुए विवाद में उसने पत्नी को पहले पीटा और फिर गला दबाकर हत्या कर दी, बाद में शव को ईंट के गड्ढे में डाल दिया।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने घटना की जानकारी भट्ठा मालिक शकर बंजारा के बेटे उमेश बंजारा (27 साल) को दी थी, जिसने पुलिस को सूचना न देकर साक्ष्य छिपाने की कोशिश की। इस पर उमेश बंजारा के विरुद्ध धारा 239 बीएनएस के तहत अपराध जोड़ा गया है।

मामले में थाना लैलूंगा में धारा 103(1), 238, 239 बीएनएस के तहत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, सहायक उप निरीक्षक राजेश दर्शन, एएसआई चंदन नेताम एवं हमराह स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दिनदहाड़े लूट करने वाले तीन पुलिस के हत्थे चढ़े

### आरोपियों से लूट की रकम, मोबाईल व बाईक जब्त

### पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



रायगढ़ 03 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में रेलवे स्टेशन मार्ग में एक शख्स के मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटी गई रकम व मोबाइल, आरोपियों के दो बाइक बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल की शाम प्रार्थी दिगम्बर एक्का (20 वर्ष), निवासी बैस्कीमुड़ा लैलूंगा अपने साथियों सचिन मिंज और राकेश मिंज के साथ कलकत्ता जाने के लिए रायगढ़ आया था। तीनों बस से उतरकर पैदल रेलवे स्टेशन जा रहे थे, इसी बीच शाम करीब 5.30 बजे बड़पारा शराब भट्ठी के पास आर 15 बाइक पर बैठे युवकों ने गाली-गलौच करते हुए दिगम्बर के जेब से नगदी रकम 1200 और मोटरोला कंपनी का मोबाइल फोन कीमत 20 हजार को लूट लिया और मारपीट कर फरार हो गए।

पीड़ित की सूचना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस इस मामले में तत्काल केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान बड़पारा शराब भट्ठी के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद संदिग्धों की पहचान हुई और दो आरोपियों अनिकेत रत्ना उर्फ टाका (निवासी रामभाठा) और जैकी खान (निवासी ढिमरापुर) को हिरासत में लेकर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पहचान करवाई गई। पूछताछ में दोनों ने अपने एक अन्य साथी छोटू राजपूत उर्फ अजय व एक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने धरपकड़ में आरोपी छोटू राजपूत उर्फ अजय को भी पकड़ा है।

# बीपीए मेटालिक्स लगाएगा कोटमार में विशाल उद्योग!

### वीजा स्टील की 151 एकड़ से अधिक जमीन 99 साल की लीज पर दी गई

### पर्यावरण मित्र संस्था भूखंड आबंटन व अन्य बिंदुओं को लेकर हाई कोर्ट में दायर करेगा याचिका

रायगढ़ 03 मई (देशबन्धु)। जिले में चारो ओर से औद्योगिक कल कारखाने स्थापित होते चले जा रहे हैं। अब पतरापाली कोटमार में एक भारी भरकम फैक्ट्री लगने जा रही है। इसकी कार्रवाई भी पूरी तरह से गुपचुप तरीके से की गई है। यह उद्योग वीजा स्टील एंड पावर को अलॉट हुई भूखंड पर स्थापित की जा रही है। खास बात ये है कि वीजा पावर की भूखंड को बीपीए मेटालिक्स प्रा लि नाम के एक औद्योगिक घराने को गुपचुप तरीके से 99 साल की लीज पर आबंटित कर दी गई है।

पर्यावरण मित्र के बजरंग अग्रवाल ने बताया कि 151.756 एकड़ के विशाल भूखंड जो वीजा स्टील के लिए हायर की गई थी जिसे गैर कानूनी नियम से 99 साल के लिए सीएसआईडीसी रायपुर के द्वारा महज चंद लाख रुपए में आबंटित कर दिया गया है। इसके खिलाफ पर्यावरण मित्र संस्था के द्वारा हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका लगाने की बात कही गई है ताकि इस पर रोक लग सके। पर्यावरण मित्र के बजरंग अग्रवाल ने कहा की रायगढ़ शहर के 20 किमी के चारो दिशाओं में शासन ने प्रदूषण फैलाने की मुहिम चला रही है आम जनता प्रदूषण से बेहाल है इसकी कोई परवाह नहीं है। पतरापाली कोटमार में बीपीए मेटालिक्स के द्वारा विशाल फैक्ट्री लगाए जाने से प्रदूषण और भयावह रूप धारण कर लेगी। जबकि आईआईटी खड़गपुर और भिलाई के केयरिंग कैपिसिटी की रिपोर्ट में रायगढ़, तमनार, घरघोड़ा ब्लॉक को रेड जोन माना है और स्पष्ट किया है कि यहां और उद्योग नहीं लगना चाहिए। यह रिपोर्ट 5 साल पहले की है और इन पांच सालों में कई उद्योगों की स्थापना की अनुमति दे दी गई। जिले में और उद्योग की स्थापना न हो इसके लिए पर्यावरण विद सामाजिक कार्यकर्ता लगातार इसका विरोध कर रहे हैं बावजूद इसके पर्यावरण विभाग उद्योगपतियों से करोड़ों रुपए लेकर अनुमति पर अनुमति दिए जा रहा है अधिकारियों को क्या है वे आज यहां कल कहीं और चले जायेंगे लेकिन इसका दुष्परिणाम तो रायगढ़ वासियों को भुगतना पड़ेगा। यही वजह है की पर्यावरण मित्र के बजरंग अग्रवाल बीपीए मेटालिक्स के खिलाफ जमीन आवंटन सहित कई बिंदुओं को लेकर हाई कोर्ट में परिवाद दायर करने जा रही है। बजरंग अग्रवाल ने बताया कि बीपीए मेटालिक्स के द्वारा एक बड़ा प्लांट स्थापित किया जा रहा है जिसमें डीआरआई बेस्ड स्पंज आयरन का उत्पादन 7,17,500 टन प्रतिवर्ष, आई ध् ओ बेनिफिकेशन 10 लाख टन प्रतिवर्ष, आयरन ओर पेलेट प्लांट की क्षमता 6 लाख टन प्रतिवर्ष, एमएस बिलेट 6 लाख 12 हजार 500 टन प्रतिवर्ष, रिरोल्ड स्टील का उत्पादन 5 लाख 82 हजार टन प्रतिवर्ष, एमएस पाइप 3 लाख हजार टन, कोल वाशरी 10 लाख टन सहित अन्य कई उत्पादन इस फैक्ट्री से होना है।

# देशी कट्टा व बंदूक के साथ दो गिरफ्तार

### जूटमिल पुलिस ने भेजा जेल



रायगढ़ 03 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में सूनसान इलाके में लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के इरादे से देशी कट्टा व बंदूक एवं कारतूस लेकर घूम रहे दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस आरोपियो को जेल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। उक्त मामला जूटमिल थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक जूटमिल थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो शख्स किसी योजना को अंजाम देने के इरादे से देशी कट्टा व बंदूक एवं कारतूस लेकर ट्रांसपोर्टनगर इलाके में घुम रहे हैं। इस सूचना के बाद थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और उनके मार्गदर्शन में एक टीम गठित कर ट्रांसपोर्टनगर की ओर रवाना हुए। जहां अमलीभौना रोड पर मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर दो संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों की शिनाख्त मिथलेश महतो और नितेश राय, दोनों निवासी जूटमिल के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी मिथलेश महतो से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस तथा नितेश राय के मेमोरेंडम पर एक बड़ी नाली वाली बंदूक जब्त की गई। आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाले जाने पर पाया गया कि मिथलेश महतो, हत्या, आगजनी और अवैध शराब तस्करी मामले में आरोपी रहा है जिस पर जूटमिल पुलिस द्वारा समय-समय पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। आरोपियों के अन्य जिलों में अपराध तथा अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त से जुड़े नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही है। बहरहाल जूटमिल थाना में आरोपियों के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# श्री श्याम मंदिर भव्य वार्षिकोत्सव संपन्न

### दो दिवसीय आयोजन में उमड़ा श्रद्धा, भक्ति और भजन रस

मनेन्द्रगढ़, 3 मई (देशबन्धु)। श्री श्याम मंदिर, मनेन्द्रगढ़ में इस वर्ष का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। नगरवासियों और समीपवर्ती क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में मंदिर परिसर भक्ति-भाव से सराबोर हो उठा।

#### पहला दिन (3 मई 2025, शनिवार)

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ प्रातः 10 बजे श्री श्याम पाठ के साथ हुआ, जिसमें भक्तों ने सामूहिक रूप से भाव-विभोर होकर श्री श्याम नाम का गुणगान किया। दोपहर 12 बजे मंदिर में छप्पन भोग अर्पण कर भगवान को भोग लगाया गया। इस दृश्य ने श्रद्धालुओं के मन को अनूठी दिव्यता से भर दिया।

#### सांझ की भव्य निशान यात्रा

सायं 5 बजे श्री राम मंदिर से श्री श्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। सजीव झांकियां, ढोल-नगाड़े, फूलों से सजे रथ और श्रद्धालुओं की टोलियां इस यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल रहा।



#### आरती, भंडारा और भजन संध्या

रात्रि 7 बजे भव्य आरती के बाद भंडारे में सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। तत्पश्चात रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक सौरभ मिश्रा (इंदौर) और कृष्नेहा (बिलासपुर) ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### विशेष आकर्षण मंगल पाठ वाचन

भजन संध्या के पूर्व मंगल पाठ का वाचन बिलासपुर से पधारीं रूचिता तिवारी द्वारा किया गया, जिसमें श्रोताओं ने ध्यानपूर्वक सहभागिता निभाई।

#### व्यापक तैयारियां, शांतिपूर्ण समापन

इस आयोजन के लिए श्री श्याम मंदिर समिति, मनेन्द्रगढ़ द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। मंदिर परिसर को दीप, रंगोली, पुष्पमालाओं और श्याम ध्वजों से भव्य रूप से सजाया गया था।शोभायात्रा में नपाध्यक्ष प्रतिमा दादव, अनीता फरमानिया,कैलाश तोदी, बंटी

# संजय-कॉम्पलेक्स से हटाया गया अतिक्रमण

### नाले और नालियों के ऊपर व्यापार कर रहे लोगों को हटाया

रायगढ़ 03 मई (देशबन्धु)। शहर के एकमात्र दैनिक सब्जी मंडी संजय कॉम्प्लेक्स में लंबे समय से अवैध कब्जा था। बार बार समझाइश के बाद भी यहां के व्यवसायी ने दुकान के बाहर सड़कों तक टीन शेड, तिरपाल और अन्य तरह से अतिक्रमण कर रखा था।

जिसके कारण सब्जी मंडी में वाहन ओर भीड़ का जमावड़ा लगा रहता है। और यातायात पे प्रभाव पड़ता है साथ नाली के ऊपर अतिक्रमण कर दुकान लगा दिए जाते है जिससे वहां नाली जाम,पानी भरने , गंदगी आदि की समस्या बनी रहती है। हर माह की एक तारीख को नगर निगम की टीम के द्वारा संजय मार्केट में साफ-सफाई का कार्य करवाया जाता है। गुरुवार एक मई को कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय के साथ एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, अमित शर्मा, आनंद भगत, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया, स्वास्थ्य अधिकारी शिव यादव एवं निगम की टीम संजय कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे। मुनादी के बाद जहां कुछ स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया और व्यापारियों को निर्देश दिया गया कि छज्जे और नाली के अंदर ही सामान रखें। बाहर रखने पर मार्ग संकीर्ण हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को आने-जाने में समस्या होती है।

# बीमा क्लेम में आनाकानी, डेढ लाख भुगतान का आदेश

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का फैसला

रायगढ़ 03 मई (देशबन्धु)। बीमा अवधि में बीमित वाहन क्षतिग्रस्त होनें के बाद बीमा क्लेम का भुगतान करने में आनाकानी करने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने द ओरिएण्टल इश्योरेंस कंपनी रायगढ़ को डेढ लाख का बीमा क्षति भुगतान करने तथा मानसिक क्षति व वाद व्यय के रूप में 7 हजार रूपये का भुगतान करने का आदेश पारित किया है।

मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि आवेदक सिद्धार्थ अनंत निवासी राजीव गांधी नगर जैतखंब भजन डीपा के द्वारा अनावेदक बीमा कंपनी द ओरिएण्टल इश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शाखा रायगढ़ से अपने स्वामित्व की वाहन कार विटारा ब्रेजा व्हीडीआई क्रमांक सीजी 13 एबी 5967 का बीमा 12 हजार 702 अदा कर कराया। पॉलिसी अवधि 27 जून 2022 से 26 जून 2023 तक है। आवेदक का उक्त वाहन 15 दिसंबर 2022 को थाना परिसर बरमकेला में खड़ी थी जहां एक उग्र भीड के द्वारा उक्त वाहन में तोडफोड कर कार को पलटा दिया जिसके कारण वाहन में अत्याधिक क्षति हुई। उक्त घटना के संबंध में लिखित शिकायत बरमकेला थाने में दिया गया तथा वाहन में आये क्षति के संबंध में अनावेदक बीमा कंपनी को सूचित किया गया। जिस पर अनावेदक बीमा कंपनी के द्वारा अपने सर्वेयर से क्षति का आकलन करवाया गया। आवेदक द्वारा दुर्घटनाग्रस्त वाहन को मरम्मत हेतु मारूति सत्या आटो मोबाईल लिमिटेड रायगढ़ में दिया गया जहां मरम्मत में 1 लाख 94 हजार का व्यय हुआ। जिसके भुगतान हेतु अनावेदक बीमा कंपनी के समक्ष क्लेम किया परंतु बीमा कंपनी के द्वारा उक्त क्लेम का भुगतान नही कर टाल मटोल किया जाने लगा। जबकि उक्त वाहन बीमा कंपनी से बीमाकृत था और बीमा अवधि में ही वह क्षतिग्रस्त हुआ है।

इस मामले में बीमा कंपनी के द्वारा बीमा क्लेम का भुगतान करने से आनाकानी करने पर पीड़ित के द्वारा उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग रायगढ़ में अधिवक्ता के माध्यम से परिवार दायर किया गया। इस मामले में आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्य द्वय राजेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं श्रीमती राजश्री अग्रवाल की ओर से दोनों पक्षों की सुनवाई पश्चात इस मामले में बीमा कंपनी को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए बीमा कंपनी को आवेदक को 45 दिवस के भीतर बीमा क्षति के रूप में 1 लाख 50 हजार 978 रूपये मानसिक क्षति के रूप में 5 हजार रूपये तथा वाद व्यय के रूप में 2 हजार रूपये का भुगतान करने का आदेश जारी किया है। निर्णय में 45 दिवस के भीतर उक्त भुगतान न करने पर 6 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देय होनें का प्रावधान किया गया है। इस मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता एमएस रथ ने पैरवी की।

# डॉक्टरों का प्रभावित नक्सली जिले में ट्रांसफर, डॉक्टरों में भारी आक्रोश

## लगातार बैठक का दौर जारी, आदेश को वापस नहीं लिया तो सामूहिक रूप से इस्तीफा

जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)। जिला अस्पताल के तीन डॉक्टरों का नक्सल प्रभावित जिले ट्रांसफर से जिला अस्पताल के डॉक्टरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसको लेकर जिला अस्पताल के सभी डॉक्टर सामूहिक इस्तीफा की तैयारी में जुटे हुए है। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने लगी है। डेंटिस्ट नहीं होने से मरीज भटकते रहे। डॉक्टरों का कहना है कि यह ट्रांसफर द्वेषपूर्ण किया गया है। जबकि प्रभारी सिविल सर्जन को पड़ोसी जिले में प्रभारी सिविल सर्जन बनाकर भेज दिया गया है। इससे जिला अस्पताल डॉक्टरों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। दो दिनों से लगातार बैठक का दौर जारी है। साथ ही डॉक्टरों का कहना है कि अगर जल्द ही आदेश को वापस नहीं लिया जाता है, इस स्थिति में जिला अस्पताल के सभी डॉक्टर सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे। इसके अलावा प्रदेश स्तर के डॉक्टर भी इस आंदोलन में सहमति बन रही है। अगर जल्द ही आदेश वापस नहीं लिया गया तो जिला अस्पताल सहित प्रदेश स्तर पर एक साथ बड़ी संख्या में उग्र आंदोलन सहित सामूहिक इस्तीफा का डॉक्टर दे देंगे। वर्तमान में डेंस्टिट डॉ. विष्णु पैगवार का दोरनापाल ट्रांफसर हो जाने से जिला अस्पताल में दंत चिकित्सक ही नहीं हैं। बिना व्यवस्था बनाए सीधे ट्रांसफर कर दिया गया है। इससे स्वास्थ्य सुविधा बिगड़ती जा रही है।

### 4 डॉक्टरों की सेवा वृद्धि रोकने अनुशंसा

जिला अस्पताल में डीएमएफ मद में पदस्थ डॉक्टरों का हर साल सेवा में वृद्धि की जाती है। काम लिया जाय या नहीं यह सिविल सर्जन के ऊपर में ही रहता है। इसमें कई डॉक्टर पिछले 5 तो 7 साल से सेवा दे रहे हैं, लेकिन अभी वर्तमान में सिविल सर्जन द्वारा आंदोलन में शामिल 4 डॉक्टरों का सेवा वृद्धि नहीं करने की अनुशंसा कर दी गई है। इसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन जुनेजा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हरिश पटेल, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. आकाश सिंह राणा, पैथोलाजिस्ट डॉ. एके राठौर शामिल है।




### तीनों डॉक्टर एकतरफा रिलीव

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 28 अप्रैल को प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल सहित जिला अस्पताल के डॉ. इकबाल हुसैन, विष्णु पैगवार व दीपक साहू का ट्रांसफर आदेश जारी किया गया। इसके दूसरे दिन ही 29 अप्रैल को एकतरफा सभी तीनों डॉक्टर को सिविल सर्जन द्वारा रिलीव कर दिया गया। जबकि तीनों डॉक्टर छुट्टी में है।

### डॉक्टर व स्टाफ का काट दिया वेतन

23 अप्रैल को सीएमएचओ द्वारा आदेश जारी किया गया था कि 11 अप्रैल को सामूहिक अवकाश में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटौती की जाए। इसके बाद दूसरे दिन ही 24 अप्रैल को वेतन कटौती आदेश को आगामी आदेश तक निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया गया। मगर इसके बावजूद सिविल सर्जन के द्वारा जिला अस्पताल के 65 अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन काट दिया गया है। सीएमएचओ के आदेश का भी पालन नहीं किया गया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर दर्दनाक मौत

## आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा राशि को लेकर किरारी से कोटमी सड़क मार्ग पर 8 घंटे तक चक्का जाम किया





डभरा, 3 मई (देशबन्धु)। थाना डभरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम किरारी के अटल चौक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चपेट में आने वाले एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना 2 मई के शाम 5 बजे की है। वही विवेक मालाकार अपने घर किरारी से निजी कार्य के लिए मोटरसाइकल से दूसरे गांव जा रहा था कि जैसे ही अटल चौक किरारी के पास पहुंचा ही था कि सामने की तरफ से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान विवेक मालाकार पिता महेत्तर मालाकार 30 वर्ष ग्राम किरारी के रूप में हुई है।

हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। इस घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। और गुस्साए ग्रामीणों परिजनों ने मृतक के शव को बीच सड़क पर रखकर शाम 5 बजे से चक्काजाम कर दिया और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे।

इस घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल डभरा टी आई कमल किशोर महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने लगे परन्तु आक्रोशित ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। आस पास थानों से पुलिस बल बुलाया गया।

वही मौके पर स्थानीय प्रशासन की ओर से एसडीएम बालेश्वर राम एवं तहसीलदार संजय मिंज व आशीष पटेल नायब तहसीलदार पहुंचे। अधिकारियों के समझाइश के बाद भी नहीं मान रहे थे। वही मुआवजे को लेकर चक्काजाम रात 2 बजे तक रहा।

### 8 घंटे तक जारी चक्का जाम से तुलसीडीह से कोटमी सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित

ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए और दोषी चालक की जल्द गिरफ्तारी किया जाए।

काफी देर रात्रि में स्थानीय प्रशासन व पुलिस अधिकारीयो की समझाइश के बाद भी जब स्थिति नहीं सुधरी तब ट्रैक्टर मालिक द्वारा मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की सहमति बनी।

प्रशासन की ओर से तहसीलदार डभरा द्वारा 25 हजार रूपये सहायता राशि परिजनों को दी गई।फिर इसके बाद ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम समाप्त किया गया। इसके बाद सड़क पर आवागमन शुरू हो सका।इस अवसर पर पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात रहे।

### आचार संहिता के पूर्व कोसीर के पूर्व सरपंच-सचिव ने बिना काम के लाखों रुपये किये आहरित!

जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कोसीर के पूर्व सरपंच आशीष कुमार लहरे और सचिव गिरजा कश्यप ने बिना पंचायत प्रस्ताव और बिना किसी काम के कागजो में राशि का आहरण कर लिया! जिसकी शिकायत ग्राम के निवासी जैलसिंग यादव और गोकुल यादव ने सुशासन तिहार में ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से की है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पूर्व सरपंच ने अपने कार्यकाल के दौरान वर्ष 2020-21 से 2024-25 के माध्यम 15 वे वित्त, बाजार ठेका की राशि ,ग्राम पंचायत भवन के मरामत व शौचालय अपूर्ण डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्य मे अनियमितता और बिना किसी स्वीकृति के कार्यो में व्यय सहित पांच वर्षो में किये गए घोटालों और भ्रष्टाचार की जांच की मांग सहित दोषियों के विरूद कार्यवाही की शिकायत की गई है। शिकायत में जांच कमेटी के गठन किया गया है जांच कमेटी के मुखिया डीएल सोनवानी अनुविभागीय अधिकारी(ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) उपसंभाग पामगढ़ को बनाया गया जांच अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ 8 मई को तत्कालीन सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत कोसीर को ग्राम पंचायत भवन कोसिर में उपस्तिथ होने का निर्देश दिया गया है।

# कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो नहर के मनमानी से किसानों में भारी आक्रोश



## दफ्तर में नियमित नहीं बैठते कार्य प्रभावित

डभरा, 3 मई (देशबन्धु)। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5 खरसिया में पदस्थ कार्यपालन अभियंता के मनमानी के कारण क्षेत्र के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हमेशा अपने कार्यालय से अनुपस्थित रहने वाली कार्यपालन अभियंता के कारण क्षेत्र के किसानों को अपनी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है दिनों दिन किसानों की समस्या बढ़ती जा रही है और छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन दिवस के अवसर पर भी कार्यपालन अभियंता द्वारा क्षेत्र की दौरा नहीं किया गया किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते है।

और समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया। हमेशा एसी रुम में बैठकर अपनी समय व्यतीत कर रहे हैं सूत्रों से मिली जानकारी जब से पदस्थ हुई है तब से खरसिया कार्यालय में अधिकांश समय अनुपस्थित रहते हैं और रायगढ़ में अपना निवास में रहते हैं साथ ही मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5 खरसिया के अधीनस्थ कार्यालयो में भी निरीक्षण के लिए दौरा नहीं करते घर बैठे अपने दौरा प्रशासन को बता रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब से वर्तमान कार्यपालन अभियंता के पद पर खरसिया में पदस्थ हुई है तब से किसी की बात नहीं सुनते मनमानी तरीके से कार्य करते है। आज मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5 खरसिया के अधीनस्थ नहरों की हालत खराब हो रही है।

ब्लॉक सक्ती क्षेत्र के ग्राम देवरी के पास नहर टूट गया था जिस कारण किसानों भारी परेशानी का सामना करना पड़ा इसके बाद भी मिनीमाता बांगो नहर संभाग क्रमांक 5 के कार्यपालन अभियंता ने निरीक्षण तक नहीं किया गया किसी तरह विभागीय अधिकारियों द्वारा नहर की मरम्मत कराया गया जब जाकर नहरों में पानी निचले गांवों तक पहुंच पाया। कार्यपालन अभियंता की निष्क्रियता को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है जो कभी भी आंदोलन का रूप ले सकता है।

### श्रीमती रामाबाई सोनी का निधन

जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)।



चांपा स्थानीय स्वर्णकार समाज की प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाजसेविका श्रीमती रामाबाई सोनी का गुरुवार 1 मई को सुबह निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। स्व. मंगलप्रसाद सोनी की धर्मपत्नी एवं नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष किशनलाल सोनी की माता श्रीमती सोनी अपने पीछे तीन पुत्रों और तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार अपराह्न 3 बजे मवेसी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर श्यामस्वरूप को दी गई विदाई




जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)। शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में हिंदी के व्याख्याता के पद पर कार्यरत श्यामस्वरूप शुक्ला व्याख्याता को 30 अप्रैल को अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सेजेस के स्टाफ और संकुल नवागढ़ की ओर से विदाई दी गई। श्री शुक्ला अपने सेवा की शुरुआत हॉयर सेकेंडरी स्कूल मिसदा से की। इसके पूर्व वे अपने सेवा केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में भी दे चुके है। ये हिंदी के व्याख्याता के पद पर फरवरी 2006 में पदोन्नत होकर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में पदस्थ हुए।

तब से आज तक ये इसी विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करते हुए गत 30 अप्रैल को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवा निवृत हो गए। हिंदी के साथ साथ अनेक विषयों का अध्यापन इनके द्वारा किया जाता रहा। ये अविभाजित मध्यप्रदेश के समय शिक्षा कर्मी संघ के विकासखंड अध्यक्ष थे। 2018 में शासकीय सेवा में सविलियन होने के पश्चात 10 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण नहीं होने के कारण परिवार पेंशन ग्रेजुवेटी सहित अनेक तात्कालिक लाभ नहीं मिल पाया। फिर भी इन्हें शिक्षक संघों ने भरोसा दिलाया कि ये सभी इनके पेंशन सहित सभी सुविधा दिलाने हेतु सरकार से मांग कर नियमों में सुधार हेतु संघर्ष करेंगे। विदाई समारोह में संस्था के हिंदी माध्यम के प्राचार्य श्रीमती ममता शुक्ला अंग्रेजी माध्यम के प्रभारी प्राचार्य अमित मैसी ने इनका पुष्पाहार और बुके से स्वागत किया।

और इन्हें रामचरित मानस और स्टाफ के सदस्यों की ओर से गिफ्ट प्रदान किया गया। इस दौरान इनकी धर्मपत्नी श्रीमती शीला शुक्ला और इनकी सुपुत्री अनुश्री शुक्ला व्याख्याता उपस्थित थी। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता संतोष शुक्ला द्वारा इनके परिवारिक और शैक्षणिक तथा सांगठनिक विषयों पर चर्चा कर शिक्षा और संगठन के क्षेत्र में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

प्राचार्य श्रीमती ममता शुक्ला द्वारा अभिनंदन पत्र भेंट की। कार्यक्रम में उपस्थित व्याख्याता गण लखेशराम साहू ,नीतू झा भीमसेन कुंभकार, स्वतंत्रता रात्रे, दीपाली सिंह,सीताराम साहू, अनंद राम साहू प्रकाश तिवारी सरिता चतुर्वेदी, हरीश साव, सुरेन्द्र यादव ,रीतू राठौर, नलसाय दिवाकर, सूर्यकान्त सिन्हा,निधि मिश्रा ,सुमन पटेल, मिनी सेठी, माधुरी रात्रे ,सोनिका चंद्रा, दिव्या चंद्रा सफाई कर्मचारी नरेंद्र श्रीवास, पूनाऊ सारथी रसोइया सहित सभी लोगों ने इनके उज्ज्वल और स्वस्थ जीवन की ईश्वर से कामना किया।

## सार-संक्षेप

### खरसिया में एक ही रात में चार मंदिरों में चोरी

#### मोहल्ले वालों की सक्रियता से एक नाबालिग पकड़ाया

**खरसिया,** 3 मई (देशबन्धु)। बीती रात नगर मैं चोरों द्वारा चार मंदिरों का ताला तोड़कर चोरी करने की घटना सामने आई है नगर में काफी रोष व्याप्त है खरसिया हृदय स्थल पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित स्टेशन चौक शिव मंदिर में चोरों द्वारा ताला तोड़कर दान पेटी में रखें रुपए चोरी कर ले गए वहीं चोरों द्वारा मंदिर की अलमारी को तोड़ने का प्रयास किया गया परंतु सफल नहीं होने के कारण अलमारी का हैंडल तोड़ दिया गया वहीं चोरों द्वारा बगल में स्थित गुलाब फल दुकान में घुसकर काफी मात्रा में फल चोरी कर कर के ले गए वहीं स्टेशन रोड में पीपल गली में शंकर जी के मंदिर पर धावा बोलकर शंकर जी का शेषनाग एवं नगदी चोरी कर ले गए इतने में भी पुलिस की कहीं गस्त ना होने पर इनका दुस्साहस बढ़ता गया और तब वह रानी सती मंदिर चंदन ताल में चोरी को अंजाम दिए जहां माता का चांदी का मुकुट तथा चांदी के बर्तन तथा अन्य सामान एवं नगदी चोरी कर आगे का टारगेट पूरा करने के लिए शनि मंदिर में जो कि चंदन ताल के पास स्थित है चोरी करने का प्रयास कर रहे थे तब आसपास के लोगों द्वारा जाग होने के कारण एक नाबालिक लड़के को चोरी करते हुए पकड़ा नाबालिक लड़के को पड़कर थाना लाया गया जहां उसने अपने साथ सम्मिलित अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है पुलिस विभाग द्वारा अपने सूत्रों के द्वारा भी खोज की जा रही है कुछ सामान जो मंदिरों से चोरी किया गया था बरामद किया गया है इस घटना से लोगों में रोष है कि रात को गस्त में निकले सिपाहियों को किसी प्रकार से भी जानकारी नहीं हो पाई लोगों का कहना है की उनके द्वारा गस्त की जाती है या नहीं की जाती है इस पर संदेह किया जा रहा है पुलिस की इस गतिविधि से लोगों में भारी रोष है।

### 28 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार




जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बाराद्वार पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 28 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम रामचरण कुर्रे (उम्र 47 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 11, बाराद्वार) और रामखिलावन बरेठ (उम्र 31 वर्ष, निवासी पलाड़ीकलॉ, थाना बाराद्वार) बताए गए हैं। दोनों के कब्जे से कुल 28 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 3,8 सौ रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक लखन पटेल के नेतृत्व में की गई। आज 3 मई को ग्राम पलाड़ीकलॉ और मुक्ताराजा में अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा छापेमारी की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक लखन लाल पटेल, सउनि. उपेन्द्र यादव, प्रआर. संतोष कश्यप, आर. दिलसाय सोनवानी, आर. गौतम तेन्दुलकर, रामकुमार यादव, आर. जितेन्द्र सिदार, आर. टकेश्वर कटकवार एवं महिला आरक्षक सरिता हरवंश का योगदान रहा।

### जमीन विवाद के मामले में एक और गिरफ्तार



जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)। चांपा अंतर्गत ग्राम कोटाडबरी में एक पुराने पारिवारिक जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई तथा एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल की शाम कोटाडबरी के पटेल मोहल्ला में विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी भेष कुमार पटेल (उम्र 30 वर्ष) एवं उसके पिता भीम पटेल ने अपने दो भाइयों गणेश उर्फ शांतिलाल पटेल एवं भरत पटेल पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल गणेश की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि भरत को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना में आरोपी भेष कुमार भी घायल हो गया था, जिसे उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद किया गया है। इससे पूर्व, आरोपी के पिता भीम पटेल को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। पुलिस ने भेष कुमार पटेल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र कुमार टंडन तथा आरक्षक सुमंत कंवर और जय उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### छत्तीसगढ़ में ईडब्लूएसआरक्षण लागू कराने बैठक 5 मई को

जांजगीर, 03 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब तक आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य (अनारक्षित) वर्ग के लिए केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 में संविधान संशोधन के बाद लागू 10 प्रतिशत ईडब्लूएस ूआरक्षण योजना का लाभ नहीं मिल पाने को लेकर असंतोष व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन 5 मई, सोमवार को संध्या 5 बजे से डीके मेडिकल स्टोर्स परिसर, जांजगीर में किया गया है। यह बैठक विशेष रूप से अंचल के राजनैतिक प्रमुखों, शिक्षाविदों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और युवाओं की सहभागिता से आयोजित की जा रही है, जिसमें इस योजना के छत्तीसगढ़ में शीघ्र क्रियान्वयन हेतु रूपरेखा तय की जाएगी।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने ईडब्लूएस(इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) के तहत उन सामान्य वर्ग के नागरिकों को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया है जिनकी वार्षिक आय 8 लाख रुपए से कम है। इस आरक्षण का लाभ वर्तमान में देश के विभिन्न राज्यों में सरकारी नौकरियों, उच्च शिक्षा संस्थानों सहित अन्य योजनाओं में दिया जा रहा है। लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में यह योजना अभी तक लागू नहीं हो सकी है, जिससे पात्र लोगों को भारी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। बैठक के आयोजनकर्ता एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता देवेश कुमार सिंह ने सभी संबंधित वर्गों से इस बैठक में उपस्थित होकर अपना सुझाव एवं मार्गदर्शन देने की अपील की है, ताकि इस जनहितैषी योजना को छत्तीसगढ़ में भी यथाशीघ्र लागू करवाया जा सके।

## दक्षिणी चिली में महसूस हुए भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी

**सैंटियागो**, 3 मई (एजेंसियां)। चिली के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर शक्तिशाली भूकंप की तीव्रता 7.5 मापी गई। जिसके बाद अधिकारियों ने मैगलन क्षेत्र में सुनामी की चेतावनी जारी की है। चिली विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि शक्तिशाली भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 8:58 बजे महसूस किया गया, जिसका केंद्र देश के सबसे दक्षिणी शहर प्यूर्टो विलियम्स से 218 किमी दक्षिण में जमीनी सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था और आसपास के इलाकों में भी महसूस किया गया। चिली की राष्ट्रीय आपदा निवारण एवं प्रतिक्रिया सेवा (सेनाप्रेड) ने कहा कि क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# पाक की आर्थिक रीढ़ तोड़ने की तैयारी में भारत

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। भारत पाकिस्तान को हर मोर्चे पर शिकस्त देना चाहता है। रणनीतिक और कूटनीतिक घेराबंदी के साथ ही नई दिल्ली इस्लामाबाद को पाई-पाई के लिए भी मोहताज करना चाहती है। भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन और ऋण पर फिर से विचार करने के लिए कहेगा। साथ ही वैश्विक धन शोधन निरोधक एजेंसी, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) से इस्लामाबाद को 'ग्रे' सूची में डालने की अपील की जाएगी। एक सरकारी सूत्र ने कहा कि भारत, दिवालियापन से बचने में मदद के लिए हाल के महीनों में आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान को दी गई सुविधाओं की समीक्षा की मांग करेगा। वह परियोजनाओं को फंड देने वाली विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ भी संपर्क में है।

यह सभी जानते हैं कि पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है। वह पूरी तरह से विदेशी कर्ज पर निर्भर है। अगर पाकिस्तान को मिलने वाली विदेशी आर्थिक मदद को रोक दिया जाए या मुश्किल बना दिया जाए तो उसके लिए अपने वजूद को बचाना ही सबसे बड़ा सवाल बन जाएगा।



- विश्व बैंक व एशियाई विकास बैंक जैसी अन्य एजेंसियों के साथ संपर्क में भारत
- जनवरी में विश्व बैंक ने पाकिस्तान को 20 अरब डॉलर के ऋण पैकेज को दी थी मंजूरी

पाकिस्तान ने पिछले साल आईएमएफ से 7 बिलियन डॉलर का बेलआउट प्रोग्राम हासिल किया था और मार्च में उसे 1.3 बिलियन डॉलर का नया जलवायु ऋण मिला था। जनवरी 2025 में विश्व बैंक ने नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को उसकी चुनौतियों से उबरने के लिए 20 अरब डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दी थी। आईएमएफ का कार्यकारी बोर्ड विस्तारित वित्तपोषण की पहली समीक्षा के लिए 9 मई को पाकिस्तानी अधिकारियों से मिलने वाला है।

जानकारों का कहना है कि आईएमएफ को 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के मद्देनजर पाकिस्तान के साथ अपने संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए। उसे आतंकवाद के लिए पाकिस्तान के समर्थन को ध्यान में रखते हुए कठोर शर्तों के बिना वित्तीय सहायता जारी रखने से आर्थिक स्थिरता और सुधार के मूल उद्देश्यों को नुकसान पहुंचने का खतरा है। आईएमएफ को यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय सहायता अनजाने में उन गतिविधियों को बढ़ावा न दे, जो क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती हैं। बता दें आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों पर गोलियां चला दी थीं।

## पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों की भारतीय बंदरगाहों में नो एंट्री

**नई दिल्ली**। पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही भारतीय झंडे वाले जहाजों के पाकिस्तान के बंदरगाहों पर जाने पर रोक लगा दी है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई सख्त कदम उठाए नवीनतम आदेश इसी सिलसिले की एक कड़ी है। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 की धारा 411 के तहत भारतीय परिसंपत्तियों, कार्गो और बंदरगाह अवसंरचना की सुरक्षा के लिए लगाए गए हैं।मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया कि अधिनियम का उद्देश्य राष्ट्रीय हितों की पूर्ति के लिए सर्वोत्तम तरीके से भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना और उसका कुशल रखरखाव सुनिश्चित करना है।सुरक्षा को मजबूत करने और भारत के समुद्री हितों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत यह आदेश अगली सूचना तक लागू रहेगा।



- भारतीय व्यापारिक नौवहन के विकास को बढ़ावा देना व उसका रखरखाव सुनिश्चित करना है उद्देश्य

## गुटेरेस सदस्य देशों के समक्ष सुधार प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे : दुजारिक

**संयुक्त राष्ट्र**, 3 मई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस कुछ ही सप्ताह में सदस्य देशों के समक्ष संगठन के सुधार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने यह जानकारी दी। श्री गुटेरेस ने मार्च में यूएन-80 पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसमें व्ययों को अनुकूलित करने के लिए इसके संचालन का ऑडिट शामिल है। ये सुधार अमेरिका की ओर से संयुक्त राष्ट्र बजट योगदान में कटौती और मानवीय परियोजनाओं के वित्तपोषण पर ट्रम्प प्रशासन के रुख के बीच किए जा रहे हैं। श्री दुजारिक ने एक ब्रीफिंग में कहा कि महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को रिपोर्ट करेंगे, क्योंकि हमें इन महत्वाकांक्षी सुधारों के लिए उनकी भागीदारी की आवश्यकता होगी, उनकी सहमति की आवश्यकता होगी और उनकी प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी। प्रवक्ता ने कहा कि कार्य प्रासंगिक पहल के हिस्से के रूप में, संसाधन अनुकूलन, अधिदेश पुनर्गठन और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर संरचनात्मक परिवर्तन जैसी तीन दिशाओं पर केंद्रित है।



- महासचिव अगले कुछ सप्ताहों में सदस्य देशों को करेंगे रिपोर्ट

## सुडोकू 6902

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | 8 | |
| | 8 | 7 | | 6 | | | | 9 |
| | | | | | 4 | 6 | 3 | 1 |
| | | | 2 | 7 | 6 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 4 | 9 | 8 | | | |
| 9 | 4 | 5 | 8 | | | | | |
| 1 | | | | 5 | | 2 | 7 | |
| | 2 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 4 मई , 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आज आपको सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। भावुक रूप से आप थोड़े कमजोर बने रहेंगे। किसी भी बात से आपका मन दु-खी हो सकता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी।

वृषभ - आज आपकी चिंताएं कम होंगी और उत्साह बढ़ेगा। मन प्रफुल्लित रहेगा। आज आप अधिक संवेदनशीलता और भावुकता का अनुभव करेंगे। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - थोड़ा विलंब या अवरोध के बाद निर्धारित रूप से काम पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजन सफल कर सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए मध्यम दिन है।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में सराबोर रहेंगे। परिजन, मित्र तथा सगे- संबंधी उसमें सहभागी बनेंगे। भेंट- सौगात की प्राप्ति होगी। स्वादिष्ट भोजन करने और बाहर घूमने जाने का आयोजन होगा।

सिंह - आप अत्यधिक चिंता और भावनाओं के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से व्यग्र और अस्वस्थता अनुभव करेंगे। गलत दलीलबाजी और वाद-विवाद तथा संघर्ष खड़ा हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के मामले में सावधानी रखें।

कन्या - आज लाभ का दिन है। व्यापार- धंधे में विकास के साथ- साथ आय भी बढ़ेगी। नौकरी पेशावालों को लाभ का अवसर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में सुख- संतोष की अनुभूति होगी।

तुला - परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहेगा। ऑफिस और नौकरी में आय वृद्धि पदोन्नति के लिए योग बनेंगे। मां से आर्थिक लाभ होगा। गृह सजावट का काम हाथ में लेंगे।

वृश्चिक - आज सभी विषय के नकारात्मक पहलुओं का अनुभव होगा। थकान और आलस के कारण स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में गहरी चिंताएं सताया करेगी। नौकरी- व्यवसाय में अवरोध खड़े होंगे।

धनु - अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा।

मकर - विचार, व्यवहार में भावुकता रहेगी। फिर भी आप परिजनों और मित्रों के साथ खुशी से अपना दिन व्यतीत करेंगे। तन-मन में ताजगी और प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

कुंभ - आज किए गए काम में आपको यश, कीर्ति और सफलता मिलेगी। परिवार में मेल-जोल बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आपके विचार और व्यवहार में भावुकता अधिक रहेगी।

मीन - आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे। आप साहित्य के क्षेत्र में लेखन तथा पठन के काम में गहरी रुचि रखेंगे। हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी। स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# इजरायल ने सीरिया की दमिश्क, मध्य व पश्चिमी प्रांतों पर किए हमले

**दमिश्क**, 3 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने हवाई हमले तेज करते हुए सीरिया की राजधानी दमिश्क के साथ-साथ देश के मध्य और पश्चिमी प्रांतों में युद्धक विमानों के हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां देखी गईं। सीरियाई मीडिया और एक निगरानी समूह के अनुसार इजरायल ने पूरे सीरिया में हवाई हमले किए और कई क्षेत्रों में ड्रोन गतिविधियां भी देखी गई। सीरियाई अखबार अल-वतन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना द्वारा दमिश्क में कल दोपहर कनाकर शहर में किए गए ड्रोन हमले में चार लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानीकर्ता सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स की रिपोर्ट के अनुसार, हरस्टा के पूर्वी उपनगर के आसपास के क्षेत्र को निशाना बनाकर कम से कम 10 हवाई हमले किए गए, जिसमें हरस्टा सैन्य अस्पताल के पास एक सैन्य चौकी भी शामिल है।

सीरिया के सरकारी प्रसारक अल-इखबरिया ने बताया कि हवाई हमलों से काफी नुकसान हुआ है, लेकिन कल शाम तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है, और एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।



- इजरायली टोही विमान भी सीरिया पर मंडराते रहे

दक्षिणी सीरिया में, इजरायली हवाई हमलों ने दारा प्रांत के मोथबीन और इजरा के शहरों के बाहरी इलाकों को निशाना बनाया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मध्य सीरिया में, कल रात को हामा प्रांत के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में शाहता गांव के बाहरी इलाकों को निशाना बनाकर इजरायली हवाई हमले किए गए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। कथित तौर पर इजरायली टोही विमान भी सीरिया के दक्षिणी और मध्य भागों, जिसमें दारा, होम्स और हामा के ऊपर मंडराते रहे, जो एक समन्वित अभियान का हिस्सा प्रतीत होता है।

## इजरायली हमलों में 30 फिलिस्तीनी की मौत

**गाजा**। गाजा में विस्थापित लोगों के घरों और तंबुओं को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमलों में कम से कम 30 फिलिस्तीनी मारे गए।गाजा में नागरिक सुरक्षा मामलों के प्रवक्ता महमूद बसल ने यहां बताया कि पूर्वी गाजा शहर के शुजाय्या के निकट 'घट्टास' परिवार के घर पर हवाई हमले में 10 लोग मारे गए है। उधर समीपवर्ती दाराज में नागरिकों पर ड्रोन हमले में चार अन्य लोग मारे गए। गाजा शहर के ही ज़ीतून में दो और लोगों के मारे जाने की भी खबर है। दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक रिहायशी घर पर हमले में 11 लोग मारे गए। नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स के पास एक तंबू पर हुए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। एक अन्य हमले में पास के तंबू में एक और व्यक्ति की मौत की खबर है1

**इजरायली सेना ने हमलों के बारे में नहीं की कोई टिप्पणी**

## दक्षिण सूडान में हिंसा में 15 लोगों की मौत, 16 घायल

**जुबा**, 3 मई (एजेंसियां)। दक्षिण सूडान के उत्तरी इलाके में अशांत वार्रप राज्य के टोंज साउथ काउंटी में झड़पों में कम से कम 15 लोग मारे गए और 16 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी। टोंज साउथ काउंटी के कमिश्नर रिंग डेंग एडिंग ने बताया कि गुरुवार को हुई झड़पें अपुक, यार और मूक समुदायों के सदस्यों द्वारा मन्यांगोक पयाम पर किए गए हमले के बाद हुईं। उन्होंने बताया कि अगामा गांव में शुरू हुई लड़ाई में कई घर जलकर राख हो गए, संपत्ति लूट ली गई और कई परिवार विस्थापित हो गए।



श्री एडिंग ने बताया कि दिसंबर 2024 और इस साल जनवरी में कुछ मवेशियों पर हमला किया गया था और आज तक इन समुदायों ने लड़ाई जारी रखी है। उन्होंने बताया कि हालांकि मैंने उन्हें रोकने के लिए दक्षिण सूडान पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (एसएसपीडीएफ) को भेजा था, लेकिन वे अभी भी बलों के इर्द-गिर्द घूम रहे हैं।

## अमेरिका ने दी यूक्रेन के लिए एफ-16 प्रशिक्षण पैकेज को मंजूरी

**लॉस एंजिल्स**, 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश विभाग ने यूक्रेन के लिए 31 करोड़ अमेरिकी डॉलर के एफ-16 लड़ाकू जेट प्रशिक्षण और रखरखाव पैकेज को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) के अनुसार पैकेज में उड़ान प्रशिक्षण, रखरखाव सहायता, स्पेयर पार्ट्स, ग्राउंड हैंडलिंग उपकरण और विशेष सॉफ्टवेयर सिस्टम शामिल है।

डीएससीएने कहा कि लॉकहीड मार्टिन एयरोनॉटिक्स, बीएई सिस्टम्स और एएआर कॉर्पोरेशन इस सौदे के प्रमुख ठेकेदार हैं। हालांकि इस पैकेज में कोई वास्तविक विमान शामिल नहीं है , क्योंकि जेट सीधे अमेरिका से नहीं बल्कि नाटो सहयोगियों द्वारा प्रदान किए जाएंगे। यह समर्थन पैकेज दिसंबर 2024 में जो बाईडेन के प्रशासन के तहत स्वीकृत 26 करोड़ 64 लाख डॉलर के एफ-16 रखरखाव समझौते के बाद आया है, जिसमें मिशन प्लानिंग सिस्टम और प्रमुख रखरखाव उपकरण प्रदान किए गए थे। नीदरलैंड, डेनमार्क, नॉर्वे और बेल्जियम सहित कई नाटो सदस्यों ने सामूहिक रूप से यूक्रेन को 79 एफ-16 देने का वादा किया है और 2025 तक और अधिक डिलीवरी की उम्मीद है।

ब्रिटेन स्थित डेटा समाचार और विमानन और एयरोस्पेस उद्योग के लिए उद्योग अंतर्दृष्टि प्रदाता फ्लाइटग्लोबल के अनुसार, एक रेगिस्तानी हवाई क्षेत्र में एंटोनोव एएन-124 भारी कार्गो एयरलिफ्टर पर एक सिकुड़े हुए एफ-16 धड़ को लोड किया जा रहा है।

- पैकेज में उड़ान प्रशिक्षण, रखरखाव सहायता, स्पेयर पार्ट्स, ग्राउंड हैंडलिंग उपकरण व विशेष सॉफ्टवेयर सिस्टम शामिल

## वर्ग पहेली 6902

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**दायें से बायें:-**

१. पराजित होना, अपमानित होना (मुहावरा है दांत ...)
३. तबेला, अश्वशाला
५. गायब, लुप्त
६. 26 दिसंबर साल 1934 के पूर्व ईरान को इस नाम से जाना जाता था
७. निरुत्तर, अनुपम (उर्दू)
८. चांदी का घड़ा
१३. भिड़ंत, टकराव
१५. घर्षण, घिसाव
१६. शिष्टता, शहर में रहने का भाव
१७. लाजवंती
१८. जवानी, .युवावस्था
२०. दर्शकगण
२२. तकलीफदेह
२३. डरावना

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनबन, मनमुटाव
२. बुद्धिमान
३. मुनाफाखोरी
४. उपद्रवकारी (उर्दू)
५. जिसे जीता गया हो, पराजित
९. कसकर बांधना, कसना, बांदना
१०. जिद्दी
११. प्रभात, सुबह
१२. असुविधा, कठिनाई
१४. सभासद (उर्दू)
१७. चंद्रमा
१९. वसन
२०. ध्वनि, आवाज
२१. गगन, आकाश

### वर्ग पहेली-6901

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नि | र्व | २ ह | न | ■ | ■ | ३ कु | प्र | ४ बं | ध |
| ष्कं | ■ | म | ■ | ५ भ्र | मि | त | ■ | दो | ■ |
| ६ ट | का | सा | ■ | म | ■ | ७ र | ह | ब | र |
| क | ■ | ८ या | ९ द | र | ख | ना | ■ | स्त | ■ |
| ■ | १० ल | ■ | र | ■ | ■ | ■ | ११ गं | ■ | १२ ब |
| १३ ज | ग | दं | बा | ■ | १४ का | ■ | १५ ध | व | ल |
| ■ | भ | ■ | १६ न | शे | म | न | ■ | ■ | बू |
| १७ आ | ग | त | ■ | ■ | या | ■ | १८ व | १९ क्र | ता |
| कं | ■ | ■ | २० पै | ग | बं | २१ र | ■ | मां | ■ |
| २२ ठ | न | क | ना | ■ | ■ | २३ त | म | क | ना |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6902 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 2 | 5 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |

## आज का इतिहास

1767-प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म।
1780-अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
1799-मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
1846-अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
1854-भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रुप से जारी हुआ।
1896-लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1897-फ्रांस के पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
1905-भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
1924-पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1935-पंजाबी की प्रतिष्ठित, बहुचर्चित अग्रज लेखिका दलीप कौर तिवाना का जन्म।
1945-जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
1957-भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र रायचौधरी का निधन।
1959-पहला ग्रैमी अवॉर्ड आयोजित हुआ।
1979-श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1980-कोल माइंस डे की घोषणा हुई।
1980-जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
1983-चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
1989-अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
1994-काहिरा में इजरायल एवं फ़िलिस्तीनी नेताओं द्वारा फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर।
1999-भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में शुरू।
2003-मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 35.30 सेकेण्ड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।

**मामला** *बिना मंजूरी पाकिस्तानी युवती से शादी करना पड़ गया भारी*

# सीआरपीएफ के जवान को नौकरी से किया बर्खास्त

**जम्मू**, 3 मई (देशबन्धु)। बिना मंजूरी पाकिस्तानी युवती से विवाह करने वाले सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुनीर ने न केवल बिना मंजूरी पाक युवती से निकाह किया बल्कि उसे वीजा खत्म पर अवैध तरीके से घर पर रखा था। अधिकारियों का कहना था कि मुनीर के कार्य को सर्विस कंडक्ट का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरनाक माना गया जिस कारण यह कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई है। मीनल खान, मोहम्मद असगर खान की बेटी, कोटली फकीर चंद, गुजरांवाला, सियालकोट, पंजाब, पाकिस्तान की रहने वाली हैं।

मुनीर की दुल्हन मीनल खान अधिकारियों से 15 दिन का प्रवेश परमिट प्राप्त करने के बाद एक मार्च को देर रात भारत पहुंची। पंजाब में वाघा सीमा पर उसके ससुराल वालों ने उसका स्वागत किया था और उसे हंदवाल गांव में उसके पति के घर तक पहुंचाया गया था। हालांकि दूल्हे के परिवार ने दावा किया था कि मीनल के प्रवेश के लिए सभी कानूनी प्रोटोकॉल का पालन किया गया था, और संबंधित एजेंसियों द्वारा आवश्यक अनुमति दी गई थी।

नौ महीने के लंबे इंतजार के बाद एक मार्च की देर रात मीनल अपनी ससुराल पहुंचीं। जम्मू के भलवाल तहसील के राब्ता हंडवाल गांव निवासी नाजिर अहमद ने अपने बेटे मुनीर अहमद की शादी पाकिस्तान के सियालकोट पंजाब में स्थित कोटली फकीर चंद गुंजन निवासी अपने साले असगर खान की बेटी मीनल से तय की थी।

शादी से पहले मुनीर ने मीनल के वीजा के लिए आवेदन भी कर रखा था। लेकिन सरहद पर चल रही तल्खियों के चलते मीनल को वीजा नहीं मिल सका। आखिरकार पिछले साल 24 मई को मुनीर व मीनल ने आनलाइन निकाह कर अपने प्यार को रिश्ते का नाम दे दिया। शादी के बाद मीनल को 15 दिन का वीजा मिला है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उसे उन नियमों के तहत सेवा से बर्खास्त किया गया है, जिनके तहत जांच करने की आवश्यकता नहीं है। मुनीर अहमद को पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और जानबूझकर उसके वीजा की वैधता से परे उसे शरण देने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।

- मुनीर के कार्य को सर्विस कंडक्ट का उल्लंघन व राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए माना गया खतरनाक

सीआरपीएफ के प्रवक्ता उप महानिरीक्षक (डीआईजी) एम दिनाकरन ने कहा की उनके कार्यों को सेवा आचरण के उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया।

कूटनीतिक उपायों के तहत भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहने के बाद अहमद की मीनल खान के साथ शादी का पता चला। दोनों ने पिछले साल 24 मई को एक वीडियो कॉल के जरिए शादी की थी।

## दुनिया को जानें

### इस साल अमेरिका में खसरे के 900 से अधिक मामले सामने आए : सीडीसी

**नई दिल्ली**, 3 मई (एजेंसियां)। अमेरिका में इस साल खसरे के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। अब तक 935 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, जो पिछले साल 2024 में पूरे साल में आए मामलों से तीन गुना से भी ज्यादा है। यह जानकारी अमेरिका के रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने दी है। इस साल पूरे अमेरिका में खसरे के 12 प्रकोप दर्ज किए गए हैं। सीडीसी के अनुसार, जब तीन या उससे ज्यादा आपस में जुड़े मामले एक साथ सामने आते हैं, तो उसे प्रकोप (आउटब्रेक) कहा जाता है।

सीडीसी ने बताया है कि खसरे से बचने का सबसे अच्छा तरीका टीकाकरण है। खसरा, मम्प्स और रूबेला (एमएमआर) का टीका दो बार लगवाने से यह बीमारी बहुत हद तक रोकी जा सकती है। इसी बीच, अमेरिका में 26 अप्रैल को खत्म हुए हफ्ते में 12 बच्चों की मौसमी इन्फ्लूएंजा वायरस इंफेक्शन से मौत हुई है। इस फ्लू सीजन में अब तक बच्चों की कुल 216 मौतें हो चुकी हैं। यह संख्या अब तक के किसी भी सामान्य (गैर-महामारी) फ्लू सीजन से ज्यादा है। पिछली सबसे ज़्यादा संख्या 207 थी, जो 2023-2024 के सीजन में दर्ज की गई थी।

# खेल जगत

## प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है : फजल अत्राचली



**मुंबई।** ईरान के स्टार कबड्डी खिलाड़ी फजल अत्राचली ने प्रो कबड्डी लीग को अद्भुत बताते हुए कहा है कि इसने उनके जीवन को बदल डाला है। मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) में हिस्सा लेने पहुंचे अत्राचली ने कहा कि इस समिट में भाग लेना वाकई रोमांचक है और साथ ही इससे खेलों को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। अत्राचली ने कहा कि प्रो कबड्डी ने मेरे जीवन को बदल डाला है। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह प्रोफेशनल खिलाड़ियों के साथ खेलें। प्रो कबड्डी एशियन चैंपियनशिप या वर्ल्ड कप से ज्यादा प्रोफेशनल है। उनमें 10टीमें आती हैं जिनमें पांच टीमें अच्छी होती हैं लेकिन प्रो कबड्डी में हर टीम में सभी देशों के खिलाड़ी होते हैं और यह कहीं ज्यादा प्रोफेशनल है। उन्होंने कह कि प्रो कबड्डी से हम स्टार बन चुके हैं और इसने हमें पैसा दिया है।

# पंजाब अब लखनऊ को रिटर्न मैच में भी हरा एक पैर प्ले ऑफ में रखने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 3 मई (देशबन्धु)। निकोलस पूरन के चौथा अर्द्धशतक जमाने के बाद राह भटकने से लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) अपने पिछले चार में तीन हार कर आईपीएल 2025 में दस मैचों में पांच जीत व पांच हार के साथ दस अंकों के साथ अंक तालिका में अधर में छठे स्थान पर खिसक गई है।श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स अपने पिछले पांच मे मात्र एक हारी और एक बारिश के कारण धुला है और तीन मैच उसने जीते हैं। पंजाब किंग्स के दस मेचों छह जीत और एक बेनतीजा रहने तीन हार के साथ 13 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है। पंजाब किंग्स को अपने बाकी चार मैचों में शनिवार को लखनऊ सुपर जायंटस सहित,दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इडियंस सहित तीन अपने घर में खेलने है। पंजाब किंग्स को अपना अंतिम मैच प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी राजस्थान रॉयल्स से उसके घर में खेलना है। पंजाब किंग्स को प्ले



■ लखनऊ सुपर जायंटस की प्ले ऑफ की राह हुई मुश्किल

ऑफ में स्थान पक्का करने के लिए अपने बाकी चार में तीन मैच जीतने जरूरी है। पंजाब किंग्स के पास हालांकि 15 अंकों के साथ भी प्ले ऑफ का मौका रहेगा लेकिन तब उसकी किस्मत उसके हाथ में नहीं बल्कि अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर करेगी। हां यदि पंजाब किंग्स बाकी चारों मैच हारी तो 13 अंकों पर रही तो जरूर प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जाएगी। लखनऊ सुपर जायंटस को उसके घर में आठ विकेट से हरा चुकी

पंजाब किंग्स को अब धर्मशाला में अपने घर में उसे रिटर्न मैच में भी हरा सबसे पहले 11 मैचों से 15 अंकों के साथ प्ले ऑफ में एक पैर रखने के इरादे से शनिवार को उतरेगी। लखनउ सुपर जायंटस अपने पिछले मैच में जरूर पंजाब किंग्स से हारी है लेकिन उसने उससे अंतिम पांच में से तीन जीते हैं और इसी से प्रेरणा से ले वह जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। लखनऊ सुपर जायंटस को अपने बाकी चार मैचो में शनिवार को पंजाब किंग्स सहित अपने तीन शीर्ष चार में चल टीमों के खिलाफ खेलने है और उसकी प्ले ऑफ की राह खासी मुश्किल हो चली है। लखनऊ को पंजाब किंग्स से शनिवार को धर्मशाला और दूसरे स्थान पर चल रही गुजरात टाइटंस से उसके घर अहमदाबाद में खेलना है जबकि दो मैच अपने घर लखनऊ में आरसीबी और एसआरएच के खिलाफ खेलने हैं।

### किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है : श्रेयस



जहां तक मेरी सीएसके के खिलाफ 72 रन की पारी है तो मैं कहूंगा कि मुझे किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है। मुझे लगता है जब भी मेरे सामने बड़ा स्कोर होता है तो मुझे आनंद आता है और ऐसे में आपको आगे बढ़ कर तेजी से रन बनाने का मौका मिलता है जिससे की आपके बाद आने वाले बल्लेबाज खुल कर बल्लेबाजी कर सके। मैं वर्तमान में जीना चाहता हं और गेंद देख कर उस पर प्रहार करता हूं। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता मैं कहा खेल रहा हूं और मैं अपनी सोच से बल्लेबाजी करता हू कई बार यह कारगर रहीती है कई बार नहीं। मैं हाल ही में नई गेंद से तेज गेंदबाजों के खिलाफ नेट पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहा था। बल्लेबाजी से ज्यादा फील्डिंग मुश्किल थी क्योंकि मुझे खासी मशक्कत करनी पड़ी। जहां तक बड़े लक्ष्य का पीछा करने की बात है तो जब हमारे चीफ कोच रिकी पॉन्टिंग ब्रेक में मैउदान पर आए तो तो उन्होंनके कहा कि हमें अभी से तेज रन बनाने की जरूरत है और आखिर के ओवर पर छोड़ने की जरूरत रहीं क्योंकि सीएसके पास आखिर के ओवरों के बेहतरीन गेंदबाज है।

### मैं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की बाबत बहुत नहीं सोच रहा : पंत



हमने अपनी बल्लेबाजी पर भरोसा किया और हम अपने गेंदबाजों को बढ़िया स्थितियों में गेंदबाजी का मौका देना चाहते थे पर लेकिन मुंबई इंडियंस के खिलाफ उसके घर में दिन हमारा नहीं था। मुंबई इंडियंस की टीम बहुत बढ़िया क्रिकेट खेल रही हैऔर हम पर सवाल करने की बजाय आपको उसे जीत का श्रेय देना होगा। मैं चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने की बाबत बहुत नहीं सोच रहा। इस तरह सीजन में आप खुद पर सवाल उठाने लगते हैं और मैं यह नहीं चाहता। तेज गेंदबाज मयंक की टीम में वापसी से मैं खुश हूं। मयंक अपनी लय ना रहे है और उम्मीद है कि वह बराबर और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## श्रेयस अय्यर सोबो मुंबई फाल्कन्स के आइकॉन खिलाड़ी बने

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। टी20 मुंबई लीग में इस साल पहली बार खेलने जा रही टीम सोबो मुंबई फाल्कन्स ने स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को अपना आइकॉन खिलाड़ी घोषित किया है। श्रेयस अब उन दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जिनमें सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, पृथ्वी शॉ, सरफराज खान, तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर पहले से शामिल हैं। श्रेयस अय्यर के आने से टीम को न सिर्फ अनुभव और मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि उनकी लीडरशिप टीम को मजबूत बनाएगी और खिताब जीतने की उम्मीद को बढ़ाएगी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और अब सोबो मुंबई फाल्कन्स के लिए भी अहम भूमिका निभाएंगे। टीम के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा कि श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल करना हमारे लिए गर्व की बात है। उनका शांत स्वभाव, लीडरशिप और खेल की समझ उन्हें आइकॉन खिलाड़ी के लिए सबसे उपयुक्त बनाती है। हमारी कोशिश है ऐसी टीम बनाना जो न सिर्फ टैलेंटेड हो, बल्कि लीग में खिताब जीतने के लिए भी तैयार हो। टीम के ब्रांड एंबेसडर कपिल देव ने कहा क श्रेयस अय्यर एक महान खिलाड़ी हैं। उनकी मौजूदगी टीम को प्रेरित करेगी और युवा खिलाड़ियों को सही दिशा देगी। यह टीम के लिए बहुत बड़ा पल है। टीम प्रिंसिपल विक्रांत येलिगेटी ने कह कि यस के आने से टीम की सोच और खेलने का तरीका मजबूत होगा। वे खिलाड़ियों को जोड़कर टीम में एक अच्छा माहौल बनाएंगे। हेड कोच ओमकार साल्वी ने कहा कि श्रेयस अय्यर का अनुभव और युवा खिलाड़ियों को गाइड करने की क्षमता हमारे लिए बहुत फायदेमंद होगी।

## किरण जाधव ने पुरुषों की एयर राइफल का खिताब जीता

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। मौजूदा 3पी राष्ट्रीय चैंपियन और भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी किरण अंकुश जाधव ने यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में चल रही 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल (केएसएसएम) शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल का खिताब जीतकर अपने शानदार

**केएसएसएम शूटिंग चैम्पियनशिप**

फॉर्म को जारी रखा। नेवी शूटर, जो अगले महीने विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे, ने 24 शॉट में 251.5 का स्कोर बनाया और सेना के दो निशानेबाजों विवेक शर्मा और विशाल सिंह से आगे निकल गए। विवेक ने किरण से 1.4 अंक पीछे रहकर रजत पदक जीता, जबकि विशाल ने कांस्य पदक जीता, विवेक ने शूट-ऑफ में हार का सामना किया, दोनों ने 22 शॉट के बाद 230.1 अंक बनाए थे। महाराष्ट्र ने जूनियर पुरुष वर्ग का खिताब जीता जब पार्थ राकेश माने ने आखिरी शॉट में आंध्र प्रदेश के उमा महेश मद्दीनेनी को पछाड़ दिया और रोमांचक फाइनल में 0.1 के सबसे कम अंतर से जीत हासिल की। उमा महेश 24वें और अंतिम शॉट में 0.3 से आगे थे, लेकिन 10.0 पर्याप्त नहीं था, क्योंकि पार्थ ने 10.4 का स्कोर करके जीत हासिल की। कर्नाटक के नारायण सुरेश ने कांस्य पदक जीता। अभिनव शॉ ने चैंपियनशिप में चौथा स्वर्ण जीता, पुरुषों की एयर राइफल युवा स्पर्धा में उन्होंने फाइनल में 252.2 का स्कोर किया, जो पार्थ से 0.5 आगे था, जिससे उन्हें उस दिन दोहरा पदक जीतने से रोक दिया गया। तमिलनाडु के गुरु सबरी ने कांस्य (230.3) जीता। इससे पहले, 17 वर्षीय अभिनव शॉ ने ओलंपिक स्पर्धा में 10



■ नेवी शूटर, जो अगले महीने विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे

मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों स्वर्ण पदक जीते। संयोग से, पश्चिम बंगाल के राइफल शूटर, जो राष्ट्रीय स्तर पर अब तक के सबसे कम उम्र के पदक विजेता हैं, मिश्रित टीम स्पर्धा में जूनियर विश्व चैंपियन भी हैं। सीनियर फाइनल में, अभिनव ने विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मेहुली घोष के साथ जोड़ी बनाई और दोनों ने रेलवे की मेघना सज्जनार और शाहू तुषार माने की जोड़ी को 16-4 से हराया। एलावेनिल वलारिवन और स्मित रमेशभाई मोराडिया ने गुजरात के लिए कांस्य पदक जीता। जूनियर वर्ग के स्वर्ण मैच में, स्वाति चौधरी के साथ मिलकर महाराष्ट्र की शंभवी और पार्थ राकेश माने को कड़े मुकाबले में 16-12 से हराया। अभिनव अग्रवाल और गौतमी भनोट ने मध्य प्रदेश (एमपी) के लिए कांस्य पदक जीता, जिससे गौतमी को दिन का पहला पदक मिला।

## शुभमन बनाते हैं कोह्ली के स्टाइल में लगातार रन : जडेजा

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि शुभमन गिल जिस तरह से लगातार रन बना रहे हैं, वह विराट कोहली की बल्लेबाजी शैली की याद दिलाता है। जडेजा ने कहा कि गिल के पास कमाल की बल्लेबाजी कला है। गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान गिल ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 76 रन की शानदार पारी खेली, जिससे टीम ने 224/6 रन बनाए। इस पारी की बदौलत जीटी ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 38 रन से हरा दिया और अंक तालिका में 14 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई इंडियंस (एमआई) के भी इतने ही अंक हैं। गिल अब तक 10 मैचों में 465 रन बना चुके हैं और आईपीएल 2025 के सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। इस सूची में पहले नंबर पर उनके ही ओपनिंग साथी साई सुदर्शन हैं। जडेजा ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि शुभमन गिल की बल्लेबाजी अब सामान्य लगने लगी है क्योंकि वह इतनी निरंतरता से रन बनाते हैं। हमारे पास विराट कोहली हैं, लेकिन गिल भी किसी से कम नहीं हैं। अगर आप निरंतरता की बात करें तो यह एक जैसी है। वह बिना जोखिम लिए गेंदबाज की गलती का इंतजार करते हैं। जब तक जरूरत न हो, वह अपना विकेट नहीं फेंकते। तकनीक के मामले में गिल शानदार हैं। गिल ने ऑफ साइड में शानदार कवर ड्राइव लगाए। गिल के शॉट्स में उनकी बल्लेबाजी का एक नया अंदाज था। वह हमेशा की तरह मजबूत दिखे जडेजा ने आगे बताया कि गुजरात की शानदार फील्डिंग ने भी हैदराबाद को दबाव में डाला।



## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हारी

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने चौथे मैच में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन अंततः ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार गई। भारत के लिए नवनीत कौर (35%) और लालरेमसियामी (59%) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने ग्रेस स्टीवर्ट (2%), जेड स्मिथ (36%) और ग्रेटा हेस (42%) के गोल की बदौलत करीबी मुकाबले में जीत हासिल की। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की। दूसरे मिनट में ही सफलता मिल गई, जब ग्रेस स्टीवर्ट ने गोल किया। भारत ने क्वार्टर के बाकी बचे समय में स्कोर बराबर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन बराबरी का गोल नहीं कर सका। दूसरे क्वार्टर में भारत ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर का सफलतापूर्वक बचाव किया और इस अवधि के अंत में एक और सेट-पीस खतरे का सामना किया, जिससे हाफटाइम तक अंतर एक गोल तक



■ पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने पहला गोल करके 1-0 की बढ़त हासिल की।

सीमित रहा। भारत ने तीसरे क्वार्टर में मुकाबले में वापसी की, जब नवनीत ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को सफलतापूर्वक गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। यह राहत कुछ समय के लिए ही रही, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने तुरंत जवाब दिया और 36वें मिनट में जेड स्मिथ के फील्ड गोल ने उन्हें बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने दो और पेनल्टी कॉर्नर जीते, इससे पहले ग्रेटा हेस के 42वें मिनट के गोल ने उनकी बढ़त को फिर से बढ़ाया।

भारत ने अंतिम क्वार्टर में अंतर कम किया, जब लालरेमसियामी ने खेल के अंत में गोल किया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय आक्रमण को रोककर जीत हासिल की। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर की अगुआई वाली भारत की 26 सदस्यीय टीम ने अब तक दो बार ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के साथ खेला है, और जोशीले प्रदर्शन के बावजूद, उन्हें पर्थ में मेजबान टीम से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई सीनियर टीम के खिलाफ मैच से पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ भी दो दोस्ताना मैच खेले, लेकिन दृढ़ निश्चयी प्रदर्शन के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर पाई। अगले साल होने वाले विश्व कप और इस साल के अंत में यूरोप में होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पर नजर रखते हुए भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के इस दौरे पर नए संयोजन और रणनीतियां आजमा रही है।

## वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ कार्रवाई न करे बीसीसीआई : आईएसी

**पुणे,** 3 मई (एजेंसियां)। इंडिया अगेंस्ट करप्शन (आईएसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने शनिवार को बीसीसीआई से क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के खिलाफ निराधार शिकायत के आधार पर कोई कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि महज 14 साल की उम्र में आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए रिकॉर्ड बनाने वाले वैभव सूर्यवंशी को विवाद में घसीटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वैभव ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ खेलते हुए 35 गेंदों में शतक बनाया था। बाद में दावा किया गया कि इतनी कम उम्र का क्रिकेटर 90-90 मीटर का छक्का नहीं मार सकता। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के आयु वर्ग क्रिकेट में आयु परीक्षण में वैभव को अनुपयुक्त नहीं पाया गया। पाटिल ने कहा कि बीसीसीआई वर्तमान में उम्र धोखाधड़ी को रोकने के लिए टीडब्ल्यू3 तकनीक का उपयोग करता है। इस तकनीक में खिलाड़ी की हड्डियों की परिपक्वता की जांच करने के लिए बाएं हाथ और कलाई का एक्स-रे किया जाता है।

## सार संक्षेप

### कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रुड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे।
रुड ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा। क्ले पर रुड का यह 18वां फाइनल होगा, नोवाक जोकोविच एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी हैं जो क्ले पर सबसे अधिक बार फाइनल तक पहुंचे हैं। 26 वर्षीय खिलाड़ी ने रेड डर्ट पर 11 खिताब जीते हैं और उनकी सबसे हालिया सफलता मई 224 में जिनेवा ओपन में आई है।

### ब्रिटेन के जोश केर ने दर्ज की पहली ग्रैंड स्लैम ट्रैक जीत

**फ्लोरिडा।** ब्रिटेन के जोश केर ने मियामी में पहले ग्रैंड स्लैम ट्रैक सत्र की दूसरी प्रतियोगिता के रूप में पुरुषों की 15 मीटर दौड़ में जीत दर्ज की। विश्व चैंपियन ने शुक्रवार को श्रृंखला की अपनी पहली जीत के लिए दौड़ लगाई। पेरिस 224 ओलंपिक में रजत जीतने वाले केर ने ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यारेड नुगुसे और ओलंपिक चैंपियन कोल होकर से आगे रहने के लिए तीन मिनट 34.51 सेकंड का समय लिया। पुरुषों की छोटी दूरी के दावेदार शनिवार को 8 मीटर से अधिक की दौड़ भी लगाएंगे, ताकि इसके लिए स्लैम विजेता का निर्धारण किया जा सके और उन्हे एक लाख डॉलर की राशि प्राप्त हो। दो बार के ओलंपिक 1 मीटर पदक विजेता फ्रेड केर्ली ने मियामी में भाग नहीं लिया। उन्हें शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रैंड स्लैम ट्रैक जिसकी संकल्पना चार बार के ओलंपिक चैंपियन माइकल जॉनसन ने तैयार की थी।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई,** 3 मई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा कि वह अपनी प्रतिभा के अनुसार



■ भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी

प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहें हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है। इस बीच उन्होने एक आईसीसी इवेंट (चैंपियंस ट्रॉफी) खेला है। पूर्व खिलाड़ी ने आशंका जताते हुये कहा कि उन्होंने बहुत सारे मैच खेले हैं। अगर वह अभी भी अच्छा नहीं खेल रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है। हम सभी मान रहे हैं कि ऐसा ही है, तो आगे क्या होगा, इस बारे में एक गंभीर प्रश्नचिह्न है। मौजूदा आईपीएल सीज़न में अपने नौ मैचों में, शमी ने केवल छह विकेट लिए हैं, जिनका औसत 56.16 और इकॉनमी रेट 11.23 रहा है। शमी की खराब फॉर्म का भारत पर असर को लेकर चोपड़ा ने कहा कि हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे, और अगर शमी होते तो चीजें कितनी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या इंग्लैंड में शमी होंगे और किस तरह के शमी होंगे।

## ओवरआल टीम प्रयास से गुजरात को मिली है सफलता : राशिद

अहमदाबाद, 3 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटन्स के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा है कि ओवरआल टीम प्रयास ही इस सत्र में गुजरात की सफलता के पीछे का कारण है।

गुजरात ने सनराइजर्स हैदराबाद को शुक्रवार को 38 रन से हराकर अपनी सातवीं जीत हासिल की और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। गुजरात प्लेऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर पहुंच गया है।

आईपीएल 2025 में टीम की सफलता की कुंजी क्या है, यह पूछे जाने पर राशिद खान ने से कहा कि मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक टीम प्रयास है। आशीष भाई से शुरू करते हैं कि वह टीम का प्रबंधन कैसे करते हैं। फिर कप्तान शुभमन गिल, वह अंदर (मैदान पर) कैसे प्रबंधन करते हैं। और फिर, वह कैसे आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं, यह कुछ ऐसा है जो एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए एक उदाहरण स्थापित करता है कि कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। और यह कुछ ऐसा है जो इसे बहुत आसान बनाता है।

## हैदराबाद के लिए प्लेऑफ में जाने का रास्ता बहुत मुश्किल : रायडू

**नई दिल्ली,** 3 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायडू ने दावा किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए प्लेऑफ का रास्ता कठिन होने वाला है। क्योंकि, हैदराबाद को जीटी के खिलाफ एक अहम मुकाबले में शुक्रवार को 38 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल की उपविजेता टीम इस सीजन में अब तक 10 मैचों में केवल तीन मैच ही जीत पाई है। अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उनके प्लेऑफ की संभावनाएं लगभग खत्म होने की कगार पर है। वे इस सीजन में अपनी टीम में संतुलन बनाने में विफल रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद की हार का विश्लेषण करते हुए रायडू ने कहा कि गुजरात ने हैदराबाद के सामने 224 रनों का स्कोर किया। मैच की हार-जीत का यह एक बड़ा अंतर साबित हुआ। जीटी के कप्तान शुभमन गिल ने 38 गेंदों पर 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 76 रनों की पारी खेली, जबकि जोस बटलर ने 37 गेंदों पर चार छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64



■ पिछले साल की उपविजेता टीम इस सीजन में अब तक 10 मैचों में केवल तीन मैच ही जीत पाई है।

रनों की पारी खेली। हालांकि, हैदराबाद के बल्लेबाज जब लक्ष्य का पीछा करने उतरने तो अभिषेक शर्मा ने 41 गेंदों में छह छक्कों और चार चौकों की मदद से 74 रन बनाए। लेकिन, शर्मा को छोड़कर कोई अन्य बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं कर सका। जबकि अन्य बल्लेबाज मोहम्मद सिराज (2-33) और प्रसिद्ध कृष्णा (2-19) की शानदार गेंदबाजी में लड़खड़ा गए।

## नेमार को 2026 विश्व कप तक अपने साथ बनाए रखना चाहता है सैंटोस



हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें : मार्सेलो टक्सेइरा

**रियो डी जेनेरियो,** 3 मई (एजेंसियां)। सैंटोस क्लब नेमार का कॉन्ट्रैक्ट अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप तक बढ़ाना चाहता है, भले ही नेमार इस समय चोटों से जूझ रहे हों। सैंटोस के प्रेसिडेंट मार्सेलो टक्सेइरा ने इसकी जानकारी दी। नेमार ने इस साल जनवरी में अपने बचपन के क्लब सैंटोस में वापसी की थी। वह यूरोप और सऊदी अरब में खेल चुके हैं। उन्होंने छह महीने का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। मार्सेलो टक्सेइरा ने कहा कि हम तकनीकी रूप से यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि नेमार की रिकवरी और मैदान पर उनकी मौजूदगी को किस तरह बदला जाए कि वह अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाने के लिए तैयार हो जाएं और अगले साल के वर्ल्ड कप तक टीम में बने रहें। नेमार पिछले साल अक्टूबर में घुटने की गंभीर चोट से वापसी के बाद से पैर की मांसपेशियों की कई समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने सैंटोस के लिए अब तक सिर्फ 9 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 3 गोल किए और 3 असिस्ट दिए हैं। टक्सेइरा ने कहा कि जब हमने नेमार को वापस लिया, हमें पता था कि वह एक गंभीर चोट से उबर रहे हैं। इसलिए हमने अपनी पूरी टीम और जरूरी व्यवस्था उनके लिए उपलब्ध कराई ताकि वह पूरी तरह ठीक हो सकें। नेमार यहां खुश हैं, यह उनका घर है। फिलहाल सैंटोस क्लब ब्राजील की सीरी ए लीग में 20 टीमों में 19वें स्थान पर है। उसने छह मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल किए हैं। हाल ही में क्लब ने ब्राजील की राष्ट्रीय टीम के पूर्व सहायक कोच क्लेबर जेवियर को नया कोच नियुक्त किया है। उन्होंने पेड्रो कैक्सीन्हा की जगह ली है।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मुंबई इंडियंस | 11 | 7 | 4 | 14 | +1.274 |
| 2- | गुजरात टाइटंस | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.867 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 4- | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 13 | +0.199 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 9 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.780 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.192 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 2 | 8 | 4 | -1.211 |

# साहित्य

कहानी

# पत्थर का शहज़ादा

■ जिलानी बानो

आईए... आईए मैडम जी... छोटे बाबा! आपने पूरे शहर की सैर कर ली! मगर इस म्यूज़ीयम को देखे बग़ैर कैनाडा वापस मत जाईए।

शाम हो गई है? अजी मैडम! शाम तो रोज़ ही हुआ करती है। रोज़ मशरिक़ बड़ी भाग दौड़ कर के सूरज को दुनिया की तरफ़ घसीट कर लाता है। और रोज़ मग़रिब उसे अंधेरे में डुबो देता है। हाहाहा। आप बेफ़िक्र रहिए। रात होने से पहले आप अपने ठिकाने पर ज़रूर पहुंच जाएँगी।

इस म्यूज़ीयम में दुनिया के हर कोने से नायाब चीज़ें इकट्ठी की गई हैं।

ये लीजिए, ये इस म्यूज़ियम की गाईड बुक है और ये एलबम है। मैं इसकी क़ीमत नहीं लूंगा।

आप मेरे बग़ैर इस म्यूज़ियम को नहीं देख सकेंगी मैडम। आपको एक गाईड की ज़रूरत है।

अभी आप म्यूज़ीयम के अंदर क़दम मत रखिए।

वो आपको सामने बादशाह का दरबार-ए-ख़ास नज़र आरहा है?

आप यहां खड़े हो कर ताली बजाइये।

पूरे महल में आवाज़ गूंज उठती थी। कोई फ़र्यादी आया है?

बादशाह सलामत घबरा के उठ जाते थे।

मगर झटपट सारे मुसाहिब उनके आस-पास खड़े हो कर उन्हें यक़ीन दिलाते थे। ये तो झोंका हवा का था। भला उनके राज में किसी को फ़र्याद करने की क्या ज़रूरत है?

अब मुलाहिज़ा फ़रमाईए।

ये एक नायाब घड़ी है। एक सदी हो गई। हर घंटे पर घड़ी के अंदर से एक ग़ुलाम निकल कर ड्रम पर ज़रब लगा कर महल के अंदर सोने वालों को जगाना चाहता है।

मगर अभी तक बिचारे की आवाज़ महल वालों तक नहीं पहुंच सकी।

ज़रा ठहरिए। अभी अंदर मत जाईए। पहले दरवाज़े पर रखे हुए इन हब्शी ग़ुलामों के स्टैचू तो देख लीजिए।

आपका बेटा ठीक कह रहा है मैडम! उन ग़ुलामों की आँखें निकाल दी जाती थी और उन्हें मर्दानगी से महरूम कर दिया जाता था। क्योंकि वो बेगमात के हरमसरा की हिफ़ाज़त करते थे।


ये देखिए। महल के दरवाज़े पर कितनी शानदार तोपें रखी हुई हैं। आप ठीक कह रहे हैं छोटे मियां...

अगले वक़्तों में जब राजा किसी मुलुक पर चढ़ाई करते थे तो वहां के अवाम को संगसार किया जाता था। फिर तलवारों से मारने लगे। फिर बंदूक़ों से और अब तो अवाम के सर पर एटम बम का स्विच दबाया जाता है। हाहाहा।

आईए। अब म्यूज़ीयम के अंदर चलते हैं।

ये शहनशाह बाबर के जूते हैं... इन ही जूतों को पहन कर वो हिन्दोस्तान में दाख़िल हुआ था। आज भी सियासत के मैदान में दाख़िल होने वाले इन जूतों में पाँव ज़रूर डालते हैं।

ये वो ताज है जो शहनशाह जहांगीर ने अनारकली के लिए बनवाया था। बाद में अनारकली का सर इस में से ग़ायब कर दिया गया।



अब आप ये देखिए... ये शहनशाह अकबर की तलवार की मियान है... जो नहीं बादशाहों की मियान में तलवार कभी नहीं रही। वो तो सिर्फ़ मियान ही से डराते थे।

ये एक शहनशाह की ख़्वाबगाह है। सोने का छप्पर खट... सोने की जालियाँ। ख़्वाबगाह के सामने सात कुंवारियां सर झुकाए खड़ी हैं।

कौन जाने। आज किस के नसीब जागेंगे?

ये एक भिकारी का स्टैचू है। उसे भी ज़रूर किसी बादशाह ने ही बनवाया होगा। दोनों हाथ फैलाए वो भीक मांग रहा है।

इसके बारे में सही तौर पर मैं भी नहीं बता सकता कि ये कौनसा ज़माना था, जब किसी बादशाह ने अपने आगे किसी हाथ फैलाने वाले को न पाकर, ये स्टैचू बनवाया होगा!

ये मिर्ज़ा ग़ालिब की टोपी है... हाँ, उस का साइज़ बहुत बड़ा है... बहुत से शाइरों ने इसे पहनने की कोशिश की। मगर उनका मुँह छुप गया। हाहाहा। पहले मिर्ज़ा ग़ालिब का क़लमी दीवान भी इस म्यूज़ियम में था। सुना है कुछ ज़रूरतमंद अदीबों ने उसको नीलाम कर दिया।

अब आप इस गैलरी में आईए।

यहां दुनिया भर की नायाब पेंटिंग्स का कलेक्शन है मैडम!

ये देखिए... एक शायर दरबार में बादशाह की शान में क़सीदा पढ़ रहा है। उस शायर का मुँह मोतियों से बंद कर दिया जाता था।

उस ज़माने में ऐवार्ड देने का यही तरीक़ा था मैडम जी।

ये एक और शहनशाह का दरबार है।

सारे नवरतन सर झुकाए आँखें बंद किए खड़े हैं।

जी ? आपके बेटे पूछ रहे हैं कि क्या ये पार्लिमेंट हाउस है। हाहाहा।

सुना है इन दरबारों में आने वालों का अगर क़द ऊंचा होता था तो उनका सर काट कर छोटा कर देते थे।

ये दुनिया की नायाब किताबों के मेन स्क्रिप्टस हैं... उनमें क्या लिखा है? ये तो शायद अब खोल कर नहीं देखा गया है।

आप पहले ये पेंटिंग देख लीजिए मैडम! सुक़रात को सच बोलने के जुर्म में ज़हर का पियाला पिलाया जा रहा है। हाँ छोटे बाबू! सच बोलना आज की तरह उस वक़्त भी जुर्म था।

ये एक और भी पेंटिंग है। नाफ़रमानी करने वाले को संगसार किया जा रहा है। छोटे मियां...! पुराने ज़माने में उन्हें पत्थरों से मारते थे। फिर तलवारों से मारने लगे... फिर बंदूक़ों से नाफ़रमानी करने वालों को निशाना बनाया जाता था। अब उनके सरों पर एटम बम रख दिया गया है।

जी हाँ! दुनिया मुसलसल तरक़्क़ी कर रही है ना।

ये मिस्र का बाज़ार है... नीम ब्रहना हसीनाएं। अपने हुस्न और जवानी की झलक दिखा कर अमीरों और शहज़ादों को अपनी तरफ़ मुतवज्जा कर रही हैं। नहीं छोटे बाबू...! ये कनॉट प्लेस नहीं है।

इस फ्रेम के अंदर सोने के हुरूफ़ से लिखा किसी शहनशाह का फ़रमान मुबारक है। इस फ़रमान की इबारत का तर्जुमा अलग रखा गया है।

हरमसरा की दो सौ रानियों के मन्सब को दोगुना कर दिया गया है।

आज़ादी। तमाम वज़ीरों के लिए।

खिलअत और इनाम... तमाम शहज़ादों के लिए।

सज़ाएं और जुर्माने। सोचने वाले नौजवानों के लिए।

बाग़ी और सरकश अवाम को जहन्नुम रसीद करने के लिए ज़िल्ले सुबहानी ने अपने मुल्क में ही एक दोज़ख़ तामीर करने का हुक्म दिया है।

ये मलिका आलम के ज़ीवारात हैं...

ये शहज़ादे का सोने का पालना है।

ये शहनशाह के हीरों-मोतियों से आरास्ता जूते हैं।

इस सेक्शन में दुनिया के नायाब स्टैचूज़ हैं मैडम!

इन संग तराशों ने बड़े बड़े महात्माओं और दुनिया की मशहूर हस्तीयों को किस ख़ूबी से पत्थर में ढाल दिया है... मुलाहिज़ा फ़रमाईए बेगम साहिबा...

बहन जी... आप ठीक कह रही हैं। पत्थर को प्यार अक़ीदत के हाथों से ढालो तो भगवान का रूप धार लेता है। और हवस भरे हाथ एक औरत को पत्थर बना देते हैं।

ये देखिए, ये मीराबाई है। कहते हैं उसके पति ने उसके हाथ से इकतारा छीन कर उस के मुँह से गीत भी छीन लिए थे। आप देखिए... अब वो इस म्यूज़ीयम में पत्थर की औरत नज़र आती है।

ये देखिए, फ़िरऔन... रावण... मुसोलेनी... हिटलर के स्टैचूज़ हैं। दूर से देखिए तो ऐसा लगेगा जैसे सच-मुच का फ़िरऔन खड़ा अपनी ख़ुदाई का ऐलान कर रहा है।

इसके बाद ये सब और बादशाहों और हमारे लीडरों की क़तार शुरू हो जाती है। उनको भी ख़ुदा होने का इतना ही यक़ीन था... ये हमारे आख़िरी राहनुमा हैं... क़रीब आकर देखो छोटे बाबा...! वो हाथ में एटम बम उठाए इस संसार के ख़ातमे का ऐलान करने वाले हैं। मगर एक अड़चन आ गई है...

सारी दुनिया ख़त्म कर देंगे तो उन्हें नोबल प्राइज़ कौन देगा?

अब सामने देखिए।

कितना ऊंचा महात्मा बुद्ध का मुजस्समा है वहां।

आप चाहें किसी तरफ़ जा खड़े हों। बुद्ध की निगाहें आपका पीछा किए जाएँगी।

मैडम जी...! कुछ देर यहां रुक जाईए।

आँखें बंद कर लीजिए और ग़ौर से सुनें।

बुद्धा आपसे कह रहा है,

तुम जो कुछ कह रहे हो, उसे सुना भी करो।

ये पेंटिंग यहां पहले नहीं थी। शायद अभी आई है।

ये किसी आज के मुसव्विर की आख़िरी पेंटिंग है। सुना है इसकी सब पेंटिंग्स जला दी गईं। इसका टाईटल है, पत्थर का शहज़ादा।

सॉरी मैडम... ये तो मैं नहीं जानता कि मुसव्विर ने इस पेंटिंग का ये टाईटल, क्यों रखा है?

शहज़ादे को तो पीछे पलट कर देखने पर सज़ा मिलती थी। मगर इस शहज़ादे को शायद आगे देखने के जुर्म में पत्थर बना दिया गया।

## दो ग़ज़लें

■ बालमोहन पांडेय

1

समय से पहले भले शाम-ए-ज़िंदगी आए  
किसी तरह भी उदासी का घाव भर जाए

हम अब उदास नहीं सर-ब-सर उदासी हैं  
हमें चराग़ नहीं रौशनी कहा जाए

जो शेर समझे मुझे दाद-वाद देता रहे  
गले लगाए जिसे ग़म समझ में आ जाए

गए दिनों में कोई शौक़ था मोहब्बत का  
अब इस अज़ाब में ये ज़ेहन कौन उलझाए

किसी के हँसने से रौशन हुई थी बाद-ए-सबा  
कोई उदास हुआ तो गुलाब मुरझाए

ये एक दुख ही दवा रह गया है आँखों में  
वो एक मिसरा जिसे शेर कर नहीं पाए

अगर हूँ ग़ुस्से में फिर भी मैं चाहता ये हूँ  
मैं सिर्फ़ हिज्र कहूँ और फ़ोन कट जाए

---

2

सब के होंटों पे ये मरने की दुआएँ कैसी  
चारागर तू ने हमें दीं हैं दवाएँ कैसी

एक ही पल में बदलते हैं मनाज़िर क्या क्या  
हम तिरी आँखें बनाएँ तो बनाएँ कैसी

मय-कशी छोड़ दो जब भूल चुके हो उस को  
अब शिफ़ा मिल ही गई है तो दवाएँ कैसी

ऐसे हालात में हँसने की तमन्ना किस को  
ऐसे माहौल में जीने की दुआएँ कैसी

अंधे लोगों को सुना देते हैं उस का चेहरा  
आप के लोग भी देते हैं सज़ाएँ कैसी

हँसते-गाते भी उदासी नहीं छोड़ी मैं ने  
छोड़ देती हैं जो बच्चों को वो माएँ कैसी

# कविता जहां दुख भी सुख की तरह बोलता है

■ मालिनी गौतम

श्रुति कुशवाहा का दूसरा कविता संग्रह 'सुख को भी दुख होता है' (राजकमल प्रकाशन) समकालीन हिंदी कविता की भीड़ में एक ऐसी आवाज़ है जो चुपचाप, बिना किसी शोर-शराबे के, बेहद मारक ढंग से अपनी बात कहती है। यह संग्रह किसी विशेष विचारधारा के प्रदर्शन की कोशिश नहीं करता लेकिन विचारों की परतों से भरा है। इसमें एक ऐसी दृष्टि है जो किसी भी स्थूल प्रतिरोध से ज़्यादा भीतर के सन्नाटे, संबंधों की जटिलता, भाषा के अवचेतन और सत्ता की महीन बुनावट को पहचानने की ज़िद करती है।

इस संग्रह को पढ़ते हुए यह जल्दी समझ में आने लगता है कि श्रुति की कविताएँ 'अर्थ देने' की जल्दी में नहीं हैं। वे अनुभव के स्तर पर भाषा को जीती हैं, उसे उसकी मूल संवेदना में पकड़ती हैं। संग्रह की पहली कविता में ही भाषा के जन्म की जो कल्पना रची गई है वह न तो लिंग से ग्रस्त है न ही किसी पूर्वाग्रह से–बल्कि वह भाषा को स्मृति, ध्वनि, स्पर्श और बाल-संवेदना से जोड़ती है। श्रुति के लिए भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि एक जीवित अनुभव है, जिसमें माँ की लोरी, पिता की आवाज़, मिट्ठुओं की चहचहाहट और मिट्टी की गंध शामिल होती है।

श्रुति की कविताओं में विचार किसी घोषणापत्र की तरह नहीं आते बल्कि एकदम किनारे से दाख़िल होते हैं। 'सुख को भी दुख होता है' शीर्षक कविता को अगर पढ़ा जाए, तो वहाँ कवयित्री 'सुख' की उस आभासी संरचना को सामने लाती हैं जिसे हम रोज़ अपने जीवन में 'प्राप्त' मानते हैं– संगीत, बारिश, चाय, नींद, किताबें, बच्चों की मुस्कान। लेकिन क्या सुख सिर्फ़ सजावटी वस्तुओं का नाम है? नहीं, बल्कि यह एक ऐसा अनुभव भी हो सकता है जो अपनी ही छवि में क़ैद होकर घुटने लगे। सुख के भीतर छुपे भय, असुरक्षा और खो जाने का डर इस कविता को सिर्फ़ एक भावनात्मक रचना नहीं रहने देते, बल्कि यह कविता सत्ता और पूंजी के उन तंतुओं को छूती है जो 'ख़ुशी' और 'संपन्नता' को भी बाज़ार का उत्पाद बना देते हैं। सुख का फफक्कर रो पड़ना एक चौंकाने वाला लेकिन बेहद मार्मिक क्षण है जो हमें हमारे अपने आत्मप्रवंचन से टकरा देता है।

इस संग्रह में प्रेम और स्त्री की उपस्थिति विशिष्ट है। प्रेम के विचार से शुरू करें, तो श्रुति की कविताएँ इस संग्रह में प्रेम को एक स्थिर, अपरिवर्तनीय भावना के रूप में नहीं देखतीं। कविता में प्रेम के विभिन्न रूप हैं, लेकिन यह केवल एक आकर्षण या भटकाव तक सीमित नहीं है। प्रेम की अनुभूति संग्रह में बहुत जटिल और बहुआयामी रूप में प्रस्तुत होती है। एक कविता में वे कहती हैं: 'देह का नमक भात की गंध में सानकर खाना/आँख मीचकर देखना प्रियतम का स्पर्श/ध्वनी को पोरों से टटोलना/प्रेम में गिरना नहीं...उठना सखी।' यह पंक्ति प्रेम के स्थायित्व और अस्थायित्व दोनों को व्यक्त करती है, जिसमें समय और स्मृति के साथ प्रेम की ध्वनियाँ बदल जाती हैं। इस तरह प्रेम की मानसिक स्थिति, उसके बदलते रंग और उसका हर रूप अंततः संज्ञा और अभिव्यक्ति से परे एक अनुभव बन जाता है। यह न केवल व्यक्तिगत प्रेम की परिभाषा प्रस्तुत करता है, बल्कि यह सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ में भी प्रेम के रूप में होने वाले बदलाव को दर्शाता है। कविता की भाषा में एक सादगी है, लेकिन वही सादगी इंद्रियों के गहन अनुभवों को एक आत्मीय विस्तार देती है। 'देह का नमक', 'भात की गंध', 'प्रियतम का स्पर्श', 'ध्वनि को पोरों से टटोलना' ये सारे बिंब प्रेम को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण इन्द्रियबोध में बदल देते हैं। कवयित्री प्रेम को गिरने की नहीं, उठने की क्रिया मानती है। एक ऐसी स्थिति जिसमें स्त्री अपनी चेतना, इच्छाओं और स्मृतियों के साथ पूर्ण रूप से उपस्थित रहती है।


प्रेम की संपूर्णता को कविता में इस तरह चित्रित किया गया है कि उसमें न केवल आत्मविलयन है, बल्कि आत्मरक्षा और आत्मसम्मान की भावना भी अंतर्निहित है। कविता का अंत विदेह प्रेम में होता है, जहाँ वह प्रेम की विदाई को भी एक सुंदर अनुभव बनाकर प्रस्तुत करती है–वह जो अपने प्रिय की नाभि पर स्मृतियों का अमृत छिड़क सकती है, और उसके अपराधों को अपनी नदी में बहा सकती है।

कविता प्रेम को नई दृष्टि से देखने का अवसर देती है। ऐसी दृष्टि जिसमें करुणा है, आत्मबल है, और सबसे बढ़कर एक उदात्त भाव है। यह केवल प्रेम की नहीं, प्रेम में संपूर्ण नारी अस्मिता की कविता है।

प्रेम को लेकर प्रचलित धारणा रही है कि वह व्यक्ति को विह्वल करता है, भीतर से तोड़ता है, और अक्सर उसे निर्बल बना देता है। लेकिन श्रुति की प्रेम कविताएँ इस धारणा का संवेदनशील प्रतिवाद हैं। वह प्रेम को एक सजग, सशक्त और गरिमामय अनुभव के रूप में रेखांकित करती है, जहाँ स्त्री न केवल प्रेम करती है, बल्कि उसमें आत्मनिर्भर भी होती है।

'प्रेमिकाएँ' कविता उन भावनात्मक श्रमों का लेखा-जोखा है जिन्हें सामान्यतः स्त्रियाँ निभाती हैं–बिना नाम, बिना अधिकार, बिना मांग के। यह कविता प्रेमिका की उस सामाजिक स्थिति को उजागर करती है जहाँ वह सिर्फ़ एक आश्रयस्थल है–पुरुष की हार, थकान, विफलता के समय की ठौर। यह प्रेम नहीं, एक व्यवस्था है–जहाँ स्त्री का प्रेम उसकी अपनी अस्मिता का विसर्जन बन जाता है। कवयित्री यहाँ न तो कोई भावुक करुणा रचती हैं, न कोई प्रत्यक्ष गुस्सा व्यक्त करती हैं, बल्कि वह बहुत सधे हुए शब्दों में उस अन्याय की गहराई को छूती हैं जो दिखने में सहज है पर भीतर से खोखला करता है।

स्त्री के संदर्भ में श्रुति की कविताएँ केवल लिंग आधारित पीड़ाओं की पुनरावृत्ति नहीं करतीं, बल्कि वे उन सूक्ष्म मनोवैज्ञानिक दबावों को उद्घाटित करती हैं जहाँ स्त्री हर भूमिका में 'प्राप्त वस्तु' की तरह दिखती है–घर में, प्रेम में, इतिहास में। ये कविताएँ स्त्री के अनुभव को पुनः परिभाषित करती हैं, लेकिन एक स्थूल दृष्टिकोण से नहीं। कविता 'आलू' एक नज़र में हम सबके प्रिय भोजन आलू पर लिखी गयी एक मनोरंजक कविता लग सकती है लेकिन वहाँ बिना कहे ही एक रूपक साथ-साथ चलता रहता है। आलू, जो सबका




| | | |
|---|---|---|
| कविता संग्रह | : | सुख को भी दुख होता है |
| लेखिका | : | श्रुति कुशवाहा |
| प्रकाशक | : | राजकमल |
| प्रकाशन वर्ष | : | 2025 |

पोषण करता है लेकिन कभी अपने स्वाद, अपनी अस्मिता का गौरव नहीं पाता, वह स्त्री की स्थिति का एक ज़रूरी, सूक्ष्म और गहरा प्रतीक है।

श्रुति की राजनीतिक चेतना किसी नारेबाज़ी में नहीं, बल्कि प्रतीकों और भाषा की पुनर्रचना में प्रकट होती है। 'रामराज' कविता उदाहरण है कि किस तरह भाषा सत्ता की सहयोगी बन सकती है। वहीं 'रोटी' भूख की जगह नहीं लेती, 'लोकतंत्र' तानाशाही का नया नाम हो जाता है। यह कविता स्पष्ट करती है कि किस तरह शब्दों के अर्थ बदलकर पूरी दुनिया की संरचना को नियंत्रित किया जाता है। 'अब वहाँ दिन का नाम रात है/कोयले का नाम फूल/चीख़ का नाम संगीत/भूख का नाम रोटी/भय का नाम भक्ति और तानाशाही का नाम लोकतंत्र'। यह कविता स्पष्ट रूप से सत्ता के उस खेल को दर्शाती है, जहाँ धर्म और राजनीति के बीच समझौता किया जाता है और सत्ताधारी अपनी शक्ति को धार्मिक प्रतीकों के सहारे मज़बूत करते हैं। इस कविता में कोई आक्रोश या गुस्सा नहीं है, बल्कि एक गहरी चिंतनशीलता है जो पाठक को स्थिति के प्रति सचेत करती है। यह राजनीति और सत्ता के नाम पर होने वाली नैतिक लूट का एक साफ संकेत देती है।

इसी तरह 'बयान' कविता का नैतिक बल इस बात में है कि वह एक ऐसे समय में लिखी गई है जब चुप रहना ही सबसे अधिक पुरस्कृत गुण माना जाता है। यह कविता चुप्पी के अपराधबोध को उजागर करती है और यह बताती है कि कविता भी एक बयान है–एक गवाही, एक हस्तक्षेप।

कविता श्रुति के यहाँ सिर्फ़ महसूस करने का माध्यम नहीं, बल्कि जानने का, समझने का औज़ार है। संग्रह की 'खोना' जैसी कविताएँ दर्शाती हैं कि आधुनिकता ने मनुष्य से उसकी जड़ों को किस तरह काट दिया है–सपनों का नींद से, स्मृतियों का रिश्तों से और भाषा का संवेदना से खो जाना, एक सभ्य लेकिन शून्य में जीते हुए समाज की तस्वीर है। यह खोना किसी निजी क्षति का अनुभव नहीं, बल्कि समय की विडम्बना है जिसमें मनुष्य अपनी ही बनायी हुई व्यवस्था में विस्थापित होता चला गया है।

कवयित्री की तेज नज़र सिर्फ़ स्त्री या राजनीति तक सीमित नहीं है। वह समाज के हर उस व्यक्ति तक पहुँचती है जो शोषित है, उपेक्षित है, जो हमारे सामाजिक नियमों, कायदों या प्रचलित परंपराओं में जगह न बना सकने के कारण व्यथित है, उदास है और खुद को हारा हुआ महसूस करता है।

'हारे हुए लोग' एक ऐसी कविता है जो आधुनिक समाज की उस भीतरी परत को उजागर करती है, जहाँ हार केवल एक परिणाम नहीं, बल्कि एक पहचान बन जाती है। यह कविता उन असंख्य व्यक्तियों की कहानी है, जो जीवन की निरंतर स्पर्धा में पीछे रह जाते हैं–कभी एक नौकरी में, कभी एक रिश्ते में, कभी स्वयं अपने अस्तित्व में।

कविता की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संवेदनशील और गहराई से पगी दृष्टि है। यह नायकों की नहीं, आम और अनदेखे लोगों की बात करती है। यह उनकी बात करती है जो सबसे कोने में बैठते हैं, जिन्हें प्रमोशन कभी नहीं मिला, जो बच्चों से किए वादे पूरे नहीं कर पाए, जिनकी ज़िन्दगी में 'चुपचाप' एक स्थायी भाव बन गया है। यह कविता हमें याद दिलाती है कि हार केवल करियर या पैसे से जुड़ी नहीं होती, बल्कि संबंधों, आत्मसम्मान और स्वीकृति के स्तर पर भी उतनी ही गहरी और मारक हो सकती है।

कविता की भाषा सरल है, पर उसका असर असाधारण। इसमें बिंब नहीं, सीधे जीवन की ठोस छवियाँ हैं। ठंडा खाना, अंधेरा कमरा, पसंद की सब्ज़ी का न मिलना, ये सब प्रतीक नहीं, बल्कि यथार्थ हैं, जो पाठक को भीतर तक झकझोरते हैं। 'खोटे सिक्के' और 'गुमशुदा' जैसे शब्द न केवल सामाजिक उपेक्षा को उजागर करते हैं, बल्कि हमारे मूल्यांकन के तरीकों पर भी सवाल उठाते हैं।

यह कविता प्रश्न करती है कि हारे हुए लोग आख़िर कहाँ जाते हैं? और यही प्रश्न इसकी शक्ति है। यह पाठक को उदास नहीं, जागरूक बनाती है। यह कविता एक सामाजिक दस्तावेज़ की तरह है, जो बाज़ारू सफलता के पीछे छूट गए चेहरों की ओर हमारी दृष्टि मोड़ती है। यह आज के समय की उन अनसुनी आवाज़ों को शब्द देती है, जिन्हें पहचान और करुणा दोनों की दरकार है।

लेकिन हताशा, उदासी या निष्कर्षहीनता इस संग्रह की कविताओं का मूल स्वर या केन्द्रीय भाव नहीं है। यहाँ अगर निराशा है तो उम्मीद भी है। 'उम्मीद' कविता, जो संभवतः संग्रह की सबसे सादगीपूर्ण लेकिन गहरी कविताओं में से है, हमें यह भरोसा दिलाती है कि तमाम विफलताओं, अकेलेपन और टूटन के बावजूद जीवन में उम्मीद का एक कोना हमेशा सुरक्षित रहता है। यह उम्मीद किसी उत्साही उद्घोष की तरह नहीं आती, बल्कि एक मौन सहमति की तरह आती है कि जीने का अर्थ केवल सहना नहीं, बल्कि उम्मीद के साथ टिके रहना भी है।

श्रुति की कविताएँ सत्ता की विडंबनाओं के साथ-साथ समाज के भीतर छिपी उन असमानताओं को भी खोलती हैं, जो अक्सर अदेखी रह जाती हैं। श्रुति के काव्य-विश्व में भाषा का प्रयोग बेहद सूक्ष्म और तीव्र है। उनकी कविता में शब्दों की गति, उनका प्रवाह, और उनकी अंतर्गता बहुत प्रभावी रूप से पाठक से जुड़ती है। कविता में एक घरेलू-सी सहजता होती है, लेकिन उसी भाषा में सत्ता की आलोचना और समाज के विरोधाभासों की खुलकर व्याख्या भी होती है।

श्रुति की कविताएँ शोर नहीं करतीं, लेकिन वे अपने भीतर गहरी शांति और प्रतिबद्धता से भरी होती हैं। वे अपने शब्दों में विचारों को इस तरह छिपा देती हैं कि वे धीरे-धीरे पाठक के भीतर पैठ जाते हैं। इस संग्रह की हर कविता को पढ़ते समय यह महसूस होता है कि कवि ने अपने शब्दों को पूरी ज़िम्मेदारी से चुना है। उनका कोई भी शब्द बिना किसी उद्देश्य के नहीं होता, और यही संग्रह की सबसे बड़ी ताक़त है।

'सुख को भी दुख होता है' संग्रह के माध्यम से श्रुति ने जो काव्य-रचना प्रस्तुत की है, वह न केवल समकालीन समाज, राजनीति और स्त्री के संघर्ष का जीवंत दस्तावेज़ है, बल्कि यह जीवन के समग्र अनुभवों का गहरा और सूक्ष्म विश्लेषण भी है। उनके शब्दों में न केवल गहरी संवेदनशीलता है, बल्कि एक गहरी विचारशीलता और सामाजिक जागरूकता भी है, जो इसे एक सशक्त संग्रह बनाती है।

इन कविताओं में विचार और संवेदना के बीच कोई युद्ध नहीं, बल्कि एक गहन संवाद है। यह संवाद भाषा को पॉलिश नहीं करता, वह उसकी धूल झाड़ता है, उसे स्मृति में डुबोता है, और फिर उस पर एक नया प्रश्नचिह्न रखता है। ये कविताएँ पाठक को एक निष्कर्ष नहीं देतीं, बल्कि उन्हें अपने भीतर झाँकने को विवश करती हैं। वे प्रश्न करती हैं धीरे से लेकिन अटल मजबूती से। और शायद कविता का सबसे गहरा प्रभाव भी यही होता है कि वह समय के विरुद्ध खड़ी होकर हमें सोचने, पहचानने, और संदेह करने की ताकत दे।

प्रिय श्रुति का यह कविता संग्रह हिन्दी काव्य जगत में एक विशेष स्थान बनाए यही शुभकामनाएँ!

# रायपुर एयरपोर्ट से हवाई यात्रा करने वाले कम से कम 25 प्रतिशत यात्री बिलासपुर क्षेत्र से

## बिलासपुर में 4 सी एयरपोर्ट होने पर इनकी संख्याऔर बढ़ेगी

## किसी फीजिबिलिटी रिपोर्ट की आवश्यकता नहीं सीधे डीपीआर बनाकर काम शुरू करें




**बिलासपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट में उन्नयन के लिए किसी फीजिबिलिटी रिपोर्ट की आवश्यकता से साफ इनकार किया है। समिति ने कहा कि राज्य सरकार पिछले 4 सालों में कई बार यह कह चुकी है कि बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4ᵟ एयरपोर्ट में उन्नयन किया जाएगा और इस तरह की अंडरटेकिंग एक से अधिक बार हाई कोर्ट में भी दी जा चुकी है ऐसे में डीपीआर बनाने के पहले फीजिबिलिटी स्टडी करने की बात कहना अपने वादे से मुकरने जैसा है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने ब्यौरा देते हुए बताया कि 2020 में ही कोरोना काल के पहले जब रायपुर एयरपोर्ट से विभिन्न महानगरों तक यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या सामने आई थी उसे वक्त रायपुर दिल्ली के सेक्टर में प्रतिदिन 1000 यात्रियों से अधिक का आना जाना था जबकि रायपुर से मुंबई बेंगलुरु और कोलकाता सेक्टर में भी 500 से अधिक यात्री प्रतिदिन आना-जाना कर रहे थे। रायपुर एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों में उत्तर छत्तीसगढ़ और बिलासपुर क्षेत्र से विमान पकड़ने वाले लोगों की संख्या एक तिहाई। मानी गई थी इस आधार पर ही सभी ने माना था कि बिलासपुर में भी एक 4 सी एयरपोर्ट होना चाहिए।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने कम से कम दो बार और विष्णु देव साय सरकार ने भी कम से कम दो बार हाई कोर्ट में यह अंडरटेकिंग दी है कि बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4 सी की श्रेणी में अपग्रेड किया जाएगा।

4 नवंबर 2024 को हाई कोर्ट में दायर एक शपथ पत्र के में भी राज्य सरकार ने यह कहा था कि शीघ्र ही डीपीआर बनाने के लिए टेंडर जारी होगा। ऐसा ही जवाब विधानसभा में भी राज्य सरकार की ओर से विधायक धर्मजीत सिंह के सवाल पर दिया गया कि 4ᵟ सी एयरपोर्ट के डीपीआर के लिए टेंडर प्रक्रिया में है।

इस सब स्थिति के बावजूद अब डीपर के पहले विजिबिलिटी स्टडी करने की बात सामने आना बिलासपुर क्षेत्र के साथ धोखा है। समिति ने कहा कि अगर ऐसा किया जाता है तो आम जनता एक बड़े आंदोलन केलिए बाध्य होगी।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री रवि बनर्जी अनिल गुलहरे राकेश शर्मा बद्री यादव मोहन जायसवाल जसवीर सिंह चावला रामशरण यादव समीर अहमद चित्रकांत श्रीवास प्रकाश बारानी अशोक भंडारी संतोष पीपलवा चंद्र प्रकाश जायसवाल दीपक कश्यप केशव गोरख विजय वर्मा गोपाल दुबे अमर बजाज महेश दुबे टाटा प्रतीक तिवारी मोहसिन अली अखिल अली तपन कुमार और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

# आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से झुलसा



**बिलासपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। रतनपुर क्षेत्र में शनिवार को दोपहर अचानक बदले मौसम ने दो किशोरों की जिंदगी को हमेशा के लिए बदल दिया। गर्मी की छुट्टियों में बुआ के घर घूमने आया एक छात्र और उसका दोस्त एक आम के पेड़ की छांव में खड़े थे, तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इस हादसे में 16 वर्षीय योगेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 वर्षीय कुलदीप साहू गंभीर रूप से झुलस गए और रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उनका इलाज जारी है। रतनपुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## बिजली नहीं, कहर बनकर टूटी आसमान से मौत

शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे रतनपुर क्षेत्र के गांव भरहीडीह में अचानक काले बादल छा गए और तेज आंधी-तूफान के साथ-साथ बिजली कड़कने लगी। उसी दौरान गांव के बाहर आम के पेड़ के नीचे खड़े थे योगेश यादव और कुलदीप साहू। दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे कि तभी आसमान से बिजली कड़कती हुई पेड़ पर गिरी। एक तेज धमाके के साथ दोनों किशोर ज़मीन पर गिर पड़े। गांववालों ने दौड़कर देखा तो दोनों बुरी तरह झुलसे हुए थे। उन्हें तुरंत रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां योगेश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## छुट्टियों की मस्ती, मातम में बदली

कुलदीप साहू बेलपान हरदी गांव का निवासी है और गर्मी की छुट्टियों में अपनी बुआ के घर भरहीडीह आया हुआ था। दोनों दोस्त पूरे दिन मस्ती कर रहे थे और पेड़ की छांव में आराम कर रहे थे, लेकिन किसे पता था कि मौत भी वहीं उनके पास खड़ी है। योगेश की मौत से परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं कुलदीप के परिवार वाले उसके जल्द ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

एक पल में जिंदगी कैसे पलट जाती है, रतनपुर की यह घटना उसका जीता-जागता उदाहरण है। पेड़ की छांव, जो कभी सुकून देती थी, अब डर का प्रतीक बन चुकी है। योगेश अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन उसका चेहरा, उसकी मुस्कान गांववालों की आंखों से ओझल नहीं होगी। कुलदीप की इलाज अभी चल रही हैं, और उसके लिए पूरा गांव दुआ कर रहा है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के कार्यों का किया औचक निरीक्षण

## निर्माणाधीन ओवरब्रिज और सड़क का लिया जायजा, निर्माण सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता की ली जानकारी

## विशाखापट्टनम बंदरगाह तक जाने वाली राज्य के हित में यह अहम परियोजना, आर्थिक गलियारे के रूप में छत्तीसगढ़ और देश के विकास के लिए महत्वाकांक्षी सड़क




**बिलासपुर,** 3 मई (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने आज रायपुर से कांकेर जाते समय अभनपुर में निर्माणाधीन रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अभनपुर में ओवरब्रिज निर्माण की प्रगति का अवलोकन किया। श्री साव ने वहां मौजूद विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से ओवरब्रिज निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री और निर्माण की गुणवत्ता के बारे में पूछा। उन्होंने सड़क और ओवरब्रिज के निर्माण में अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा।

अभनपुर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निरीक्षण के बाद उप मुख्यमंत्री श्री साव ने ग्राम भेलवाडीह पहुंचकर रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस-वे के सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से गुणवत्ता के सभी मापदंडों और सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें बताया कि निर्माण में सभी मानकों का पूरी तरह पालन किया जा रहा है।

रायपुर से धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरापुट और सब्बावरम होते हुए 464 किलोमीटर लंबा यह सिक्स-लेन एक्सप्रेस-वे विशाखापट्टनम बंदरगाह तक जाएगा। भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे इस एक्सप्रेस-वे का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। श्री साव द्वारा सड़क और ओवरब्रिज के कार्यों के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता श्री वी.के. भतपहरी सहित भारतमाला परियोजना, लोक निर्माण विभाग और निर्माण एजेंसी के अधिकारी भी मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ से गुजर रहे भारतमाला परियोजना के कार्यों के निरीक्षण के बाद कहा कि यह भारत सरकार की बहुत महत्वाकांक्षी परियोजना है जो छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी होगी। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से रायपुर से विशाखापट्टनम की दूरी कम होगी। यह विशाखापट्टनम बंदरगाह तक जाने वाली राज्य के हित में अहम परियोजना है। आर्थिक गलियारे के रूप में यह छत्तीसगढ़ और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका।

# कोटा पुलिस ने 'चेतना' पहल के विस्तार के साथ सामुदायिक पुलिसिंग में पेश की मिसाल

## आमने गांव मे हुई 'चेतना मित्र समिती' की स्थापना



**बिलासपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। समावेशी और जन-सहभागिता पर आधारित पुलिसिंग की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कोटा पुलिस ने बिलासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के नेतृत्व में एक प्रभावशाली सामुदायिक पहल 'चेतना' का सफलतापूर्वक विस्तार किया है।

यह पहल, जो वरिष्ठ एसपी रजनेश सिंह की परिकल्पना पर आधारित है, का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर महिलाओं की भागीदारी से 'चेतना मित्र समिति' के माध्यम से जन-जागरूकता और सुरक्षा को सशक्त करना है।

कोटा थाना प्रभारी, आईपीएस सुमित कुमार और कोटा थाने की टीम के मार्गदर्शन में इस पहल को प्रभावशाली तरीके से लागू किया गया है। पहले यह समिति भरारी गांव में स्थापित की गई थी और अब इसे नेवरा और अमने गांवों में भी शुरू किया गया है।

भरारी गांव में इस समिति की सफलता के स्पष्ट परिणाम सामने आए हैं। स्थानीय सहयोग से महुआ जैसी अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर सख्त कार्यवाही हुई है। साथ ही, महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में भी कमी दर्ज की गई है।

यह पहल न केवल कानून व्यवस्था को सशक्त करती है, बल्कि जनसहयोग से जागरूकता, रोकथाम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा देती है। नेवरा और अमने में इस मॉडल की पुनरावृत्ति, जनता और पुलिस के बीच बढ़ते विश्वास को दर्शाती है और बिलासपुर जिले में सक्रिय और सहभागिता पर आधारित पुलिसिंग की एक नई दिशा का संकेत देती है।

चेतना पहल इस बात का प्रमाण है कि दूरदर्शी नेतृत्व और जमीनी स्तर पर सहभागिता से समाज को अधिक सुरक्षित और सशक्त बनाया जा सकता है। चेतना महिला मित्र गठन में थाना प्रभारी आईपीएस (प्रशिक्षु) सुमित कुमार, उनि राज, उनि मीना ठाकुर आर. भोप साहू का योगदान रहा ।

### चेतना मित्र समिति इन क्षेत्रों में कार्य कर रही

साइबर अपराध जागरूकता, महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की रोकथाम, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता, नशा मुक्ति (नशीले पदार्थों के प्रति जागरूकता और कार्यवाही)।

**NECC**

| 04.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 471 | 65 | 135 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 160 |
| डिलीवरी | 486 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

# डाक बंगला कोटा में 48 पाव अवैध देशी शराब व 52 पाव अंग्रेजी गोवा शराब बिक्री करने वाका आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। अवैध शराब बिक्री पर लगाम लगाने थाना कोटा द्वारा डाक बंगला करगी रोड कोटा में अवैध देशी शराब एवं अंग्रेजी शराब बिक्री करने की सूचना पर कोटा पुलिस टीम तैयार कर रेड कार्रवाई किया गया जहां आरोपी चंद्रमोहन साहू उर्फ छोटू पिता संतोष साहू उम्र 28 वर्ष निवासी डाक बंगला करगी रोड कोटा से 48 पाव देशी प्लेन शराब एवं 52 पाव अंग्रेजी गोवा शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कुमार (प्र.भा. पु.से.), प्र आरक्षक सनत पटेल, आरक्षक धर्मेन्द्र साहू, महिला आरक्षक पूर्णिमा साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## 18 पाव अवैध देशी शराब के साथ एक और गिरफ्तार

थाना कोटा द्वारा पुरानी बस्ती करगी रोड कोटा में अवैध देशी शराब बिक्री करने की सूचना पर कोटा पुलिस टीम तैयार कर पुरानी बस्ती करगी रोड कोटा में रेड कार्रवाई किया गया जहां आरोपी शिवचरण श्रीवास पिता मदन लाल श्रीवास उम्र 48 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती करगी रोड कोटा थाना कोटा जिला बिलासपुर छ0ग0 से 18 पाव देशी प्लेन शराब को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही कर गिरफ्तार कर जमानत पर रिहा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुमित कुमार (प्र.भा. पु.से.), प्र आरक्षक सनत पटेल, आरक्षक धर्मेन्द्र साहू, महिला आरक्षक पूर्णिमा साहू का सराहनीय योगदान है।

# ज़बर्दस्त आंधी, तूफान और बारिश से पूरा शहर अँधेरे में, सैकड़ों पेड़ गिरे

## दोपहर 3 बजे तेज़ धूप में अचानक मौसम बदला, आसमान में काले बादल छाए और अँधेरा हो गया, 60 से 70 किमी की रफ़्तार से चली आँधी



**बिलासपुर**, 3 मई (देशबन्धु)। दो दिन पूर्व राजधानी रायपुर में जिस तरह काली आँधी चली थी ठीक उसी तरह शनिवार को बिलासपुर में भी अचानक तेज रफ़्तार से आए आँधी तूफ़ान और उसके बाद बादलों की तेज गड़गड़ाहट के साथ हुईं बारिश से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. आँधी तूफ़ान से सैकड़ों पेड गिर गये. बिजली के तारों में पेड़ गिरने से पूरा शहर अंधेरे में डूब गया. चारों तरफ़ बिजली आपूर्ति ठप हो गई. विद्युत विभाग का अमला सुधार कार्य में लगा रहा.

आँधी, तूफान और बारिश से बचने लोग जल्दी अपने अपने घर पहुंच जाना चाहते थे इस चक्कर मे शहर के कई क्षेत्रों में वाहनों की कतार लगे रहने से जाम की स्थिति हो गई .भारी तेज गति से चली हवा के कारण शहर के अधिकाँश इलाक़ों में पेड़ गिरे. बिजली के खंभों में भी पेड़ भरभरा कर गिरे जिसके चलते पूरे शहर में घण्टों बिजली बंद रहीं. तेज़ हवा के कारण कई घरों, दुकानों के छ्ज्जे गिर गए. सड़क किनारे दुकान लगा रोजी रोटी कमाने वाले फुटपाथ व्यवसायियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा.

शहर के सरकंडा, मुंगेली नाका, गोल बाजार, सदर बाजार, गाँधी चौक, दयाल बन्द, पुराना स्टेंड, तार बाहर, विद्या नगर, व्यापार विहार, ताला पारा, मग़र पारा, पुलिस लैन, कन्या महाविद्यालय, सिविल लाई न आदि क्षेत्रों में घण्टों बिजली आपूर्ति बंद रहीं. अत्याधिक संख्या में पेड़ गिरने से यातायात बाधित रही. वहीँ शहर के आउटर में कई गांवों में ओले गिरने की भी ख़बर है।

## 26 जिले के लिए येलो अलर्ट

छत्तीसगढ़ में तेज आंधी और तूफान के साथ बारिश की संभावना है. मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर के कुछ स्थानों में तेज आंधी 50-60 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से और गरज-चमक के साथ बारिश होने और ओले गिरने की भी संभावना है।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771